सूर्योदय 6:43 सूर्यास्त 5:27
आज का तापमान
शिमला 9 न्यू 22 अधि
धर्मशाला 15 न्यू 24 अधि
बाजार
सेंसेक्स 83,216
निफ्टी 25,492
सोना 1,20,231 चांदी 1,48,010

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 9 नवंबर 2025 | 25 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 312, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

KANTA COLLEGE OF EDUCATION
NAAC GRADE 'B'
Recognized by NCTE & Affiliated to HPU Shimla
COURSE OFFERED B.Ed.

ठाकुर शुभकरण सिंह
एम डी
VPO Chalwara, Tehsil Jawali, Distt. Kangra (H.P.) Tel.: 01893-263555, 262333 (M) 98050-94403, 94180-94403, E,mail : kantaedu9@gmail.com, Website: www.kantacolleges.com

# आंगनबाड़ी वर्कर्स को नए स्मार्टफोन देगी सुक्खू सरकार

## विभाग ने शुरू की प्रक्रिया, जनवरी तक फोन देने की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सुक्खू सरकार नए साल की शुरुआत में खुशखबरी लेकर आने वाली है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने राज्य की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नए स्मार्टफोन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग का उद्देश्य है कि तकनीकी सुविधा के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन और डेटा प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से हो सके।

सूत्रों के अनुसार, विभाग इस समय स्मार्टफोनों के तकनीकी विनिर्देश (स्पेसिफिकेशन) तैयार करने में जुटा है। इसके बाद इनकी खरीद प्रक्रिया हिमाचल स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के माध्यम से पूरी की जाएगी। अनुमान है कि यह पूरी प्रक्रिया अगले दो महीने में पूरी हो जाएगी



### डिजिटल हिमाचल की दिशा में एक और कदम

और जनवरी 2026 तक प्रदेश की लगभग 19 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हाथों में नए स्मार्टफोन होंगे।

गौर रहे कि वर्ष 2019 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पहली बार विभाग की ओर से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए थे, ताकि पोषण ट्रैकर और अन्य डिजिटल योजनाओं में उन्हें सुविधा मिल सके, लेकिन समय के साथ वे फोन अब पुरानें और तकनीकी रूप से कमजोर हो चुके हैं। विभाग का मानना है कि तकनीकी साधनों के उन्नयन से योजनाओं की निगरानी प्रणाली भी मजबूत होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। स्मार्टफोन के माध्यम से रीयल-टाइम डेटा अपडेट करने से राज्य स्तर पर भी योजनाओं की प्रगति का सटीक मूल्यांकन संभव हो पाएगा।

प्रदेश सरकार की 'डिजिटल हिमाचल' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह पहल एक अहम कदम मानी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग का कहना है कि तकनीक आधारित प्रशासनिक व्यवस्था से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि लाभार्थियों तक योजनाओं के लाभ पहुंचाने में भी तेजी आएगी।

### प्रदेश में 19 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**विभाग** ने हाल ही में सभी जिलों से डिमांड मांगी थी, जिसके बाद हर जिले से चार से साढ़े चार हजार फोन की मांग भेजी गई है। साथ ही 500 से अधिक मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को भी बड़े केंद्रों में अपग्रेड किया गया है, जिससे कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़कर लगभग 19 हजार पहुंच गई है। नए स्मार्टफोन मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़ी सुविधा होगी। गर्भवती महिलाओं का चेहरा स्कैन कर राशन वितरण और पोषण ट्रैकर जैसी योजनाएं अब सुचारु रूप से चल सकेंगी। पुराने फोन से चेहरा स्कैन करने और डेटा अपलोड करने में लगातार दिक्कतें आ रही थीं।

# कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की प्रतियां दिल्ली भेजीं

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस ने अपने वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान की हस्ताक्षरित प्रतियां शनिवार सुबह राजीव भवन, शिमला से एआईसीसी, नई दिल्ली के लिए रवाना की। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सुबह 11 बजे दस्तावेजों को हरी झंडी दिखाकर भेजा। पार्टी का दावा है कि यह अभियान केंद्र सरकार की नीतियों व स्थानीय अधिकारों के नाम पर किए गए वादों पर सवाल उठाने के लिए है और इससे संबंधित दस्तावेज़ों को हाईकमान तक पहुंचाया जाना आवश्यक था।

पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में मुख्यमंत्री सुक्खू ने सांसद अनुराग ठाकुर के उस बयान पर जवाब दिया जिसमें उन्होंने खुद और सहयोगियों को 'पांच पांडव' कहा था। पांडव सत्य और अधिकार के लिए लड़ते थे, जबकि भाजपा आज झूठ की लड़ाई लड़ रही है और कलयुग के पांडव बनकर अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या उसने हिमाचल के 1,500 करोड़ रुपए के अधिकारों के लिए प्रधानमंत्री के पास आवाज उठाई या यह केवल दिखावा है।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकवादी किए ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से शुक्रवार को घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया था। भारतीय सेना की यूनिट चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में दो आतंकी मारे गए। ऑपरेशन अभी जारी है। सेना ने इसे पिंपल नाम दिया है। मारे गए आतंकियों की पहचान या उनके संगठन की जानकारी अभी नहीं मिली है। इससे पहले 5 नवंबर को किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में मुठभेड़ हुई थी। आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया था। गौर रहे कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 13 अक्तूबर को सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। यह ऑपरेशन भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में चला था। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

**घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, सेना ने मार गिराए**

### जम्मू-कश्मीर की जेलों में पुलिस की छापेमारी

**श्रीनगर।** कुपवाड़ा में मुठभेड़ के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने शनिवार को घाटी की कई जेलों में छापा मारा। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान अगर कुछ भी अवैध बरामद होता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने इसे नियमित जांच का हिस्सा बताया और कहा कि इंटरनल सिक्योरिटी को मजबूत करने और जेल सुविधाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। ताकि जेलों के अंदर कोई गैरकानूनी गतिविधि न हो।

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
SSGI Since 1996
Transforming Dreams into Reality
B.Tech (AI & ML) with
IBM
Innovation Centre for Education
PATHANKOT-PUNJAB
www.srisaigroup.in
84271 84271, 9417050602

## न्यूज शॉर्ट्स

### श्रीनगर में डॉक्टर के लॉकर से एके-47 मिली

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में डॉक्टर अदील अहमद के लॉकर से एके-47 राइफल बरामद की गई है। अदील अहमद अनंतनाग के रहने वाले हैं। वह 24 अक्तूबर 2024 तक जीएमसी अनंतनाग में कार्यरत थे। फिलहाल पुलिस ने यूएपीए के तहत केस दर्ज कर लिया है। डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि डॉक्टर के पास से इस तरह के हथियार की बरामदगी आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्तता मानी जा सकती है। इंडियन आर्म्स एक्ट 1959 के मुताबिक बिना लाइसेंस के आधुनिक/प्रोहीबिटेड हथियार रखने पर सख्त सजा का प्रावधान है। यदि जांच में हथियार किसी आतंकवादी/अवैध गतिविधि या संगठन से जुड़ा पाया गया तो यूएपीए के तहत केस दर्ज होता है। (अनंत ज्ञान)

### तुर्किये का नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट

**एजेंसी, अंकारा।** तुर्किये ने इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी सरकार के कई बड़े अधिकारियों पर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। तुर्किये में आने पर इन लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है। तुर्किये अभियोक्ता कार्यालय के बयान के अनुसार, 37 संदिग्धों में इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर और सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर शामिल हैं। फिलहाल पूरी सूची जारी नहीं की गई है। तुर्किये का आरोप है कि इसराइल ने गाजा में 'नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध' व्यवस्थित तरीके से किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

23 वर्ष बाद आपके आशीर्वाद से बना हूं मुख्यमंत्री - पेज 2
जुब्बल-नावर-कोटखाई में हो रहे 500 करोड़ के कार्य: शिक्षा मंत्री - पेज 3
जिले में आत्महत्या के मामलों में आई 40 फीसदी की कमी - पेज 4
डमेहल में स्थापित है प्रदेश का सबसे ऊंचा पूज्य काष्ठ स्तंभ - पेज 9
कसौली बार-बार आना, जाम पर ब्रेक से सफर हुआ सुहाना - पेज 12

# बिहार का बच्चा अब रंगदार नहीं इंजीनियर-डॉक्टर बनेगा : पीएम

## पहले चरण में जंगलराज वालों को लगा 65 बोल्ट का झटका

**एजेंसी, पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सीतामढ़ी में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में जंगलराज वालों को 65 बोल्ट का झटका लगा है। चारों तरफ चर्चा है कि बिहार के नौजवानों ने विकास व एनडीए को चुना है। पीएम ने कहा कि राजद के मंचों पर मासूम बच्चों से कहलवाया जा रहा है कि वे रंगदार बनना चाहते हैं। उनके चुनाव प्रचार के गाने-नारे सुनकर कांप जाएंगे। बिहार का बच्चा अब रंगदार नहीं बन सकता। हमारा बच्चा इंजीनियर बनेगा, डॉक्टर बनेगा, वकील बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा- हमारी सरकार यहां विकास भी कर रही है और विरासत का सम्मान भी कर रही है। हम इस क्षेत्र को रामायण सर्किट से जोड़ रहे हैं। सीतामढ़ी से अयोध्या के लिए सीधी रेल सेवा भी इसी योजना का हिस्सा है।



सीतामढ़ी के दामाद जी (भगवान राम) का अयोध्या में भव्य मंदिर बन चुका है। अब माता सीता के मायके की बारी है। पुनौराधाम की भव्यता अब पूरी दुनिया देखेगी।

वहीं, मोदी ने बेतिया की सभा में कहा, 'बेतिया में मेरे बिहार के चुनाव अभियान की समापन रैली है। इस चुनाव में मेरी आखिरी सभा है। 11 नंवबर को हमें सिर्फ सीटें नहीं जीतनी है, हर बूथ जीतना है। मैं जीत के विश्वास के साथ जा रहा हूं। अब एनडीए के शपथ ग्रहण में आऊंगा।' (अनंत ज्ञान)

**बेतिया में बोले अब एनडीए के शपथ ग्रहण में आऊंगा**

### पीएम ने राहुल गांधी पर भी साधा निशाना

**पीएम** ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बिहार दूसरे राज्यों से मछली मंगाता था, लेकिन एनडीए सरकार में बिहार दूसरे राज्यों को मछली भेजने लगा है। अब बड़े-बड़े लोग भी अब यहां की मछली देखने आ रहे हैं। पानी में डुबकी लगा रहे हैं। कुछ लोग बिहार चुनाव में डूबने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। बता दें कि राहुल गांधी 2 नवंबर को बेगूसराय में चुनाव प्रचार के दौरान एक तालाब में कूद गए थे। उन्होंने मछुआरों के साथ मछली पकड़ने के लिए जाल भी खींचा।

# हम मोदी साम्राज्य के खिलाफ लड़ रहे : प्रियंका

## महागठबंधन का अभियान नागरिकों के अधिकारों और लोकतंत्र के लिए एक लड़ाई

**एजेंसी, पटना**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को बिहार में एक चुनावी सभा में कहा कि महागठबंधन नरेंद्र मोदी साम्राज्य के खिलाफ लड़ रहा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कटिहार जिले के कडवी में कांग्रेस की रैली में कहा, 'यह बिहार की धरती है, जहां एक समय कुछ किसानों ने अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी थी। इन किसानों ने इतनी कड़ी लड़ाई लड़ी, इतनी बहादुरी दिखाई कि उनकी आवाज महात्मा गांधी तक पहुंची। उन्होंने बिहार आकर एक ऐसा सत्याग्रह शुरू किया जो पूरी दुनिया में अनोखा था। आज जो लड़ाई कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन लड़ रहा है, वही लड़ाई गांधी जी ने उस समय लड़ी थी। आज भी हम आपके हक के लिए, सच्चाई के लिए, एक साम्राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह है नरेंद्र मोदी का साम्राज्य। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन का अभियान नागरिकों के अधिकारों और लोकतंत्र के लिए एक लड़ाई है। (अनंत ज्ञान)

### बीजेपी संविधान व लोकतंत्र को कमजोर कर रही



**प्रियंका** गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। प्रियंका गांधी ने कहा, 'जिन अधिकारों के लिए महात्मा गांधी लड़े थे, वे खतरे में हैं। सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक वोट देने का अधिकार है। बीजेपी ने संविधान को कमजोर करने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने वोट चुराना भी शुरू कर दिया है।'

# नारको-टेरर मॉड्यूल का सरगना मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने शनिवार को नारको-टेरर मॉड्यूल के सरगना को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अरशद उर्फ आसिफ, जो पुंछ जिले के हवेली तहसील के डेगवार-तेरवान गांव का निवासी है। एसआईए के प्रवक्ता के अनुसार, अरशद 2023 से फरार था और सऊदी अरब से ऑपरेट कर रहा था। वह पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स और जम्मू-कश्मीर में सक्रिय नारको-टेरर ऑपरेटिव्स के बीच मुख्य कड़ी के रूप में काम कर रहा था। आरोपी को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर एसआईए की हिरासत में लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# न्यायपालिका कानून के शासन की रक्षक : सीजेआई

## आर्थिक नीतियों से जुड़े मामलों में तभी दखल देते हैं, जब मौलिक अधिकारों का हो रहा हो उल्लंघन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका हमेशा कानून के शासन की रक्षक रही है और सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करता है कि वह आर्थिक नीतियों से जुड़े मामलों में तब तक दखल न दे, जब तक कि मौलिक अधिकारों या संविधान के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन न हो। सीजेआई वाणिज्य न्यायालयों के स्थायी अंतरराष्ट्रीय मंच की छठी पूर्ण बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक और कॉर्पोरेट मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाए रखने को लेकर सुप्रीम कोर्ट सतर्क रहा है और



### संविधान की सीमा के अंदर काम करे राज्य

उसने कानूनी या कॉर्पोरेट ढांचे के दुरुपयोग के हर प्रयास को खारिज किया है। सीजेआई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने यह सुनिश्चित किया है कि वह आर्थिक नीतियों से जुड़े मामलों में तभी दखल दे, जब मौलिक अधिकारों या संविधान के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन हो। कोर्ट ने हमेशा आर्थिक स्वतंत्रता, नियामक अनुशासन और निष्पक्षता के बीच संतुलन बनाए रखा है। उन्होंने कहा, 'अदालत ने स्पष्ट किया है कि राज्य की शक्तियां, खासकर कराधान और विनियमन के मामलों में स्पष्ट कानूनी आधार पर टिकनी चाहिए और राज्य को संविधान की सीमाओं के भीतर काम करना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

# संसद का शीतकालीन सत्र 1 से 19 दिसंबर तक, 15 बैठकें होंगी

## मानसून सत्र में धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया था इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। इससे पहले 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र चला था। सत्र के पहले दिन राज्यसभा के तत्कालीन उपसभापति व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। फिर पूरा सत्र बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था।



मानसून सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे कार्यवाही चली। राज्यसभा में सिर्फ 41 घंटे चर्चा हुई। लोकसभा-राज्यसभा में कुल 27 बिल पास हुए। गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल सबसे चर्चा में रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ। (अनंत ज्ञान)

### विपक्ष सीईसी के खिलाफ ला सकता है महाभियोग

**संसद** के शीतकालीन सत्र में विपक्षी गठबंधन मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग ला सकता है। 18 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर विपक्षी गठबंधन की बैठक हुई थी। बैठक के बाद कांग्रेस, टीएमसी, सपा, डीएमके, राजद समेत 8 विपक्षी दलों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विपक्षा के नेताओं ने कहा था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवैये को देखते हुए हम अगले सत्र (शीतकालीन सत्र) में नोटिस देंगे।

**स्वास्थ्य** सुक्खू सरकार का बड़ा फैसला, स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ का संतुलित वितरण होगा सुनिश्चित

# स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ का होगा युक्तिकरण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक संतुलित और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार अब राज्यभर के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का युक्तिकरण करने जा रही है।

इस नई पहल के तहत मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की तैनाती का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यकतानुसार मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। जानकारी के अनुसार सरकार ने हाल ही में मेडिकल कॉलेजों और



निदेशक स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों का अलग कैडर बनाने के साथ मेडिकल अफसरों के लिए संशोधित पीजी नीति लागू की थी। अब युक्तिकरण योजना के ज़रिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जहां स्टाफ की अधिकता है, वहां से अतिरिक्त कर्मियों को उन स्थानों पर भेजा जाए, जहां डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। इस असंतुलन के कारण अब तक कई मरीजों को इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला या डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा तक जाना पड़ता था। सरकार का उद्देश्य है कि अब हर मरीज को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा मिले। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

इसके लिए मेडिकल कॉलेजों में पुरानी मशीनों और उपकरणों को बदलकर नई तकनीक की मशीनें स्थापित की जा रही हैं। आधुनिक युग की जरूरतों को देखते हुए रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी लागू किए जा रहे हैं, जिससे जटिल ऑपरेशनों में मरीजों को अत्याधुनिक उपचार सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हिमाचल का कोई भी मरीज इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाने को विवश न हो।

**हर जिले में गुणवत्तापूर्ण इलाज पहुंचाने की दिशा में ठोस कदम**

**नई तकनीक व रोबोटिक सर्जरी से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी रफ्तार**

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन के बंटेरा में खडली में मिली डेड बॉडी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के बंटेरा गांव के पास खडली में 62 वर्षीय जोगिन्द्र सिंह पुत्र चूहा राम की डेड बॉडी पाई गई। घटना की सूचना पंचायत को मिलने पर नादौन पुलिस के नेतृत्व में एसएचओ निर्मल सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया। मृतक के पास से सल्फास की प्लास्टिक की डिब्बी, शराब की खाली क्वार्टर की बोतल और कोक की बोतल बरामद हुई हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार मृतक की मौत पर किसी ने कोई अशंका जताई नहीं है। जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारण का पता लगाया जाएगा।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवी नवाजे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। मुख्यातिथि भोरंज कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जरियाल थे। शिविर में स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए गांव गरसाहड़ में सफाई अभियान चलाया, भरेड़ी बाजार में प्रभात फेरी निकाली व जनजागरूकता फैलाने के लिए नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पौधारोपण किए। एनएसएस प्रभारी राजेंद्र कुमार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शनिवार को अंग्रेजी वाद-विवाद सोसायटी एवं कॉमर्स सोसायटी के संयुक्त प्रयास से अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति क्षमता, उच्चारण कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाना था। छात्रों ने अपनी आवाज, लय और भाव-भंगिमा के माध्यम से विभिन्न कविताओं का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने की, जिन्होंने कविता को आत्मा की आवाज बताया और विद्यार्थियों को रचनात्मकता अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन शगुन बी.कॉम प्रथम वर्ष ने किया, जबकि आयोजन का समग्र मार्गदर्शन प्रो. मदन सिंह पटियाल ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ इसका समापन हुआ।

### सुरेश कौशल फिर बने प्रदेश अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव जिला हमीरपुर के टाऊन भराड़ी में संपन्न हुए। संस्थापक सदस्य सुरेश पन्याली की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में सुरेश कौशल को प्रदेशाध्यक्ष और विजय हीर को प्रदेश महासचिव दोबारा सर्वसम्मति से चुना गया। सेवानिवृत्त होने पर सुरेश कौशल के स्थान पर जिला सिरमौर से विजेश अत्री को शेष कार्यकाल हेतु प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न जिलों से वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कैशियर, संयुक्त सचिव और महिला अध्यक्ष के पदों पर नियुक्तियां की गईं। इस अवसर पर संघ ने अपनी 75 सूत्रीय उपलब्धि पत्र जारी की और शिक्षक हित में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यकारिणी का भविष्य में विस्तार प्रदेशाध्यक्ष और महासचिव को देने का अधिकार भी निर्धारित किया गया।

### बणी स्कूल के वार्षिक समारोह में हाई वोल्टेज ड्रामा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बणी में वार्षिक पारितोषिक समारोह के दौरान हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। स्थानीय पंचायत प्रधान को मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया गया, जिससे उन्होंने माइक हाथ में लेकर शिक्षक वर्ग पर गंभीर आरोप लगाए। प्रधान ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका है, लेकिन अगर स्कूल राजनीति का अड्डा बन जाए तो इसका क्या होगा। उन्होंने शिक्षक व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य और समाज की दिशा तय करने में उनका दायित्व महत्वपूर्ण है। प्रधान के इस बयान ने मीडिया में सुर्खियां बनाईं। यह घटना दर्शाती है कि स्कूलों के वार्षिक कार्यक्रमों में राजनीति का प्रभाव और शिक्षकों के रवैये पर गंभीर चिंतन आवश्यक है।

### महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में महिला शिकायत एवं निवारण समिति के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पुलिस सहायक उप निरीक्षक किरण ने महिलाओं की स्थिति, उपलब्धियां, समाज में नशे की प्रवृत्ति और पोस्को एक्ट पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की, जिन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। प्रो. बंदना ने महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निर्मला ठाकुर ने महिला अधिकारों के इतिहास और समाज सुधारकों के योगदान को साझा किया। डॉ. सुमन शर्मा ने प्रकोष्ठ के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने उत्साहपूर्वक व्याख्यान में भाग लिया।

### स्ट्रेस मैनेजमेंट पर लगी सीबीएसई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में शनिवार को स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ाना था। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीएवी त्यारा की प्रिंसिपल एकता अत्री, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन जागृति बेस्ट टीचर अवार्डी पारुल यूनिवर्सिटी और संजय कुमार, वाइस प्रिंसिपल स्प्रिंग डेल स्कूल, विशेष अतिथि थे। कार्यशाला में एलकेजी से बारहवीं तक के सभी अध्यापकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन ने संतुलित दिनचर्या, योग-ध्यान, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के माध्यम से तनाव नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपाय साझा किए। ग्रुप डिस्कशन, रिलैक्सेशन एक्सरसाइज और मोटिवेशनल सत्र से शिक्षकों को आत्मविश्लेषण और आत्मविकास का अवसर मिला।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से जिला हमीरपुर के कांगू में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनरों की लंबित आर्थिक मांगों और चिकित्सा बिलों के भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी और मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने पेंशनरों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान में कोई बाधा नहीं है और संबंधित ब्योरा भेजने पर बजट उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इसके अलावा, जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनरों की ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट और कम्युटेशन की बकाया राशि पर भी विचार किया जाएगा। शिष्टमंडल में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और खंड प्रतिनिधि शामिल रहे।

### वॉलीबाल टूर्नामेंट में समीरपुर ने महल को हराया

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कला एवं खेल मंच, भोरंज के आयोजन में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र की 10 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि जगाना और सामुदायिक सद्भाव बढ़ाना बताया गया। उद्घाटन समारोह बधानी पंचायत के प्रधान विनोद डोगरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पहले दिन समीरपुर ने महल को हराया, जबकि दाढ़ी ने बधानी टीम पर जीत हासिल की। सेमीफाइनल में कांगू, समीरपुर, ढोह और नाल्टी टीमें पहुंचीं। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद रही। महासचिव दिनेश संधू ने सभी प्रतिभागियों, दर्शकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया और खेलों में सहभागिता बढ़ाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया।

### प्रो. धूमल ने किया अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण के लिए बुनियादी ढांचा मजबूत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर जिला अनुसूचित जाति मोर्चा ने हमीरपुर में परिचय बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता एस.सी. मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार ने की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री अजय रिंटू, राजेश सहगल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। राजकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में एस.सी.एस.पी. के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण पर विशेष जोर दिया गया। गरीब परिवारों के लिए आय-उत्पादक योजनाएं लागू की गईं और पेयजल, संपर्क सड़कें, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा जैसी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को मजबूत किया गया। धूमल सरकार ने भीमराव अंबेडकर भवनों के निर्माण के लिए निधि जारी कर समाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। बैठक में पदाधिकारियों को संगठन मजबूत करने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम करने का आह्वान किया गया।

# 23 वर्ष बाद आपके आशीर्वाद से बना हूं मुख्यमंत्री

## सीएम सुक्खू बोले- नादौन में मेरा घर और मंझेली मेरे मामा की पंचायत, यहां विकास कार्यों की नहीं होने देंगे कोई कमी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

**नादौन।** नादौन में मेरा घर है और मंझेली मेरे मामा की पंचायत है निश्चित रूप यहां पर विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के दौरे में कही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आप सभी ने मेरा 23 वर्ष तक सहयोग किया है।

उन्होंने कहा कि आपके सहयोग से मैं 23 वर्ष बाद मुझे प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मंझेली में मेरे मामा रहते थे और मेरा बचपन यहां पर बीता है। बचपन की यादें हमेशा मेरे साथ हैं। उन्होंने कहा कि मंझेली गांव के लोगों ने हमेशा मेरा साथ दिया है।

उन्होंने कहा कि जो असुविधाएं मंझेली गांव के लोगों को हो रही हैं उन सभी को दूर करूंगा। उन्होंने इस दौरान मंझेली में पटवार सर्कल और हेल्थ सब सेंटर को खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज आपके बीच आकर अपने आप को बड़ा प्रासंगिक महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन का एक ही उद्देश्य रहा है। मैं जैसे जैसे राजनीति की सीढ़ीयां चढ़ता गया मैं यही सोचता था कि कैसे आम आदमी, किसान की कैसे मदद करूं। तीन वर्ष पहले शपथ ली थी कि जो नीचे लिख दिया जाता है वही उपर तक चलता है। व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ हम आगे आए।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि 3 साल बाद चुनौतियां का सामना किया और अधिकारी किसी कार्य में अड़ंगा अड़ाते थे उन्हें धीरे धीरे दूर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के समय में प्रदेश शिक्षा की गुणवत्ता में 21 वें स्थान पर थे और तीन साल बाद आज प्रदेश शिक्षा की गुणवत्ता में पांचवें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष में नादौन में बहुत से विकास कार्य शुरू किया गए हैं जो आगे भी जारी रहेंगे।

## पांडव अपने अधिकारों के लिए लड़े, भाजपा प्रदेश के हितों की रक्षा करने में विफल: सुक्खू

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**बोले, सांसद अनुराग ठाकुर ने माना 5 गुटों में बंटी है भाजपा**

**नादौन।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर को पांच पांडवों वाले बयान पर आड़े हाथों लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, अनुराग ने मान लिया है कि भाजपा 5 गुटों में बंटी हुई है। कौरवों ने जब पांच गांव देने से मना कर दिया था, तब पांडवों ने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी। खुद को पांच पांडव बताने वाले भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में पूरी तरह विफल रहे हैं। हिमाचल भाजपा व उसके सातों सांसद हिमाचल की आवाज केंद्र सरकार के समक्ष उठाने में असफल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के सातों सांसद न लोकसभा न राज्यसभा में हिमाचल के अधिकारों की आवाज उठा रहे। वे इतनी भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पास जाएं और कहें कि 1500 करोड़ रुपये की जो घोषणा आपदा राहत के लिए की गई है, उसे जारी करें। प्राकृतिक आपदा के दौरान भी भाजपा का चाल, चेहरा और चरित्र जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। भाजपा ने पिछले 5 साल प्रदेश की संपदा को लुटाया और राज्य के हित बेचे। अनुराग ठाकुर जनता को यह बताएं कि उन्होंने हिमाचल के अधिकारों के लिए दिल्ली में कितनी बार आवाज उठाई और प्रदेश के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज की मांग की।

## भाजपा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के झूठे प्रचार की कड़ी निंदा की



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**भाजपा का दावा, हमीरपुर के विकास में कांग्रेस सरकार का योगदान नहीं**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल व जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने सीएम सुक्खू के नादौन मंझेली में दिए गए बयानों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सीएम का राजनीतिक तरीका अब झूठ, भ्रम और आत्मप्रचार पर आधारित हो गया है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण व अन्य विकास परियोजनाओं का श्रेय भाजपा की जयराम सरकार और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को जाता है। भवन निर्माण, उपकरण, स्टाफ और अन्य संसाधनों की स्वीकृति भाजपा के कार्यकाल में सुनिश्चित हुई थी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपने तीन वर्षों में न तो जनता से किए वादे पूरे किए, न ही प्रदेश के विकास की कोई नई दिशा दी। महंगाई, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के बीच कांग्रेस नेता सिर्फ भाषणबाजी में लगे हुए हैं। वहीं, भाजपा जनता के बीच अपने काम और योजनाओं को स्पष्ट रूप से दिखा चुकी है। भाजपा का कहना है कि जनता अब सीएम के झूठे दावों से भ्रमित नहीं होगी। संगठन हर पंचायत और वार्ड में लोगों को वास्तविकता बताने का काम जारी रखेगा और आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को उसकी विफल नीतियों के लिए जनता करारा जवाब देगी।

# जयराम ने 5 साल की हमीरपुर जिला की अनदेखी: सीएम

## कहा–अनुराग को लगा झूठ का रोग, हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति पर करते हैं गुमराह

**अनंत ज्ञान, नादौन**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान स्कूली बच्चों को सम्मानित करते हुए।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के एकदिवसीय नादौन दौरे के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग ठाकुर निशाने पर रहे। मुख्यमंत्री ने अपने ननिहाल मंझेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते पांच साल तक हमीरपुर जिला की अनदेखी की। हमीरपुर से तीन भाजपा विधायक जीतकर गए, लेकिन एक भी मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के गृह जिला से नहीं बनाया। हमीरपुर में पूर्व सरकार के समय से चल रहे निर्माण कार्यों पर एक भी नई ईंट नहीं लगाई। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समय हुए शिलान्यास और निर्माणाधीन कार्यों को भी आगे नहीं बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर को झूठ बोलने का रोग लग चुका है। वह हमीरपुर मेडिकल कॉलेज पर जनता को गुमराह करते रहते हैं। यह मेडिकल कॉलेज यूपीए सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद से मैंने मंजूर करवाया था। पूर्व भाजपा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे विपिन सिंह परमार विधानसभा में इसका जवाब भी दे चुके हैं। आरटीआई के माध्यम से कोई भी जानकारी ले सकता है कि मनमोहन सिंह सरकार में मार्च 2014 में यह कॉलेज स्वीकृत हुआ था, 190 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान भी पूर्व यूपीए सरकार ने ही किया था। अगर भाजपा की केंद्र सरकार इस मेडिकल कॉलेज को स्वीकृत करती तो इसका नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर होता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे व पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के नाम पर नहीं होता। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपनी सरकार में हमीरपुर मेडिकल कॉलेज का नींव पत्थर तो रख गए, लेकिन जोलसप्पड़ में मेडिकल कॉलेज निर्माण में एक भी ईंट नहीं लगाई। यह हमीरपुर का सौभाग्य ही है कि कांग्रेस पार्टी ने पहली बार निचले हिमाचल से मुख्यमंत्री बनाया है। यह निचले हिमाचल के लोगों के लिए भी गर्व की बात है। पूरे प्रदेश में समान विकास कांग्रेस सरकार करवा रही है। यह असल व्यवस्था परिवर्तन है, जिसके तहत पूर्व भाजपा सरकार और धूमल जी के समय हुए शिलान्यास और शुरू हुए निर्माण कार्यों को भी पूरा करवाया जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण हमीरपुर बस स्टैंड और बड़सर का मिनी सचिवालय है।

## जिंदगी की जंग हार गई नाबालिग के हमले में घायल रंजना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत सासन में सोमवार को घास काटने गई 41 वर्षीय महिला पर नाबालिग ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। जिसका उपचार पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। इस हमले में महिला का काफी खून बह गया था और उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे महिला ने दम तोड़ दिया जिसका शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। सासन गांव में महिला की मौत से माहौल गमगीन बना हुआ है। लोग यही कह रहे है कि 14 वर्ष के युवक की इतनी खतरनाक हरकत से विशेषकर महिलाओं में खौफ है। हालांकि पुलिस ने नाबालिग युवक को जुवेनाइल जस्टिस कोर्ट में पेश कर उसे उना स्थित बाल सुधार गृह में भेज दिया है। गौर रहे कि युवक ने महिला पर जानलेवा हमला किया था जिस पर पुलिस ने युवक पर हत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी हमीरपुर यशवंत सिंह ने बताया कि अब महिला की मौत हो गई है अब युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## त्रिशा कॉलेज में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षु अध्यापकों का शैक्षणिक भ्रमण



त्रिशा कॉलेज में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षु अध्यापकों ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में बीएड और डीएलएड के नए सत्र के प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु अध्यापकों ने धर्मशाला के प्रमुख स्थलों जैसे मकलोडगंज, दलाई लामा मंदिर, क्रिकेट स्टेडियम और कांगड़ा फोर्ट का भ्रमण किया। कॉलेज प्रवक्ता सरिता वर्मा, सुनीता कुमारी और आरती ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षु अध्यापकों ने सहयोग और अनुशासन के साथ यात्रा का आनंद लिया और समय पर अपने-अपने घर लौटे। शैक्षणिक भ्रमण समिति की संयोजक चंपा ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों और छात्रों को इस सफल आयोजन में योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया। छात्रों ने इस अनुभव को शिक्षाप्रद और आनंददायक बताया।

## नशीले पदार्थों का सेवन करने के आरोप में तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते पुलिस ने नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने नशीले पदार्थों का सेवन करने पर रिशु कुमार,पंकज कुमार व रोहित के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन करना भी एक दंडनीय अपराध है। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी बर्बादी की ओर ले जाता है। उन्होंने आम जनता, विशेषकर युवाओं से यह अपील की है कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना या संदिग्ध गतिविधि के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे को जड़ से उखाड़ फैंकने के लिए जनता का सहयोग ही सबसे बड़ी ताकत है।

## भूस्खलन से सुपरफास्ट हाईवे एक घंटे तक बंद



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** सुपरफास्ट हाईवे 503 झिरालड़ी के पास भूस्खलन के कारण सड़क मार्ग लगभग एक घंटे तक अवरुद्ध रहा। बड़ी-बड़ी चट्टानें सड़क पर गिरने से हाईवे पर यातायात ठप हो गया। हादसा लगभग 12:30 बजे हुआ और हाईवे अथॉरिटी ने 1:30 बजे के करीब जेबीसी के माध्यम से चट्टानों को हटाकर सड़क मार्ग को बड़े वाहनों के लिए खोल दिया। इस दौरान कई लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पार कर रहे थे और एक समय जाम की स्थिति भी बन गई थी। पारदर्शियों का कहना है कि यदि यह समय भीड़भाड़ वाला होता, तो बरठीं की तरह बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं, खासकर कि अगर मानवीय और आर्थिक नुकसान हुआ होता, तो इसका जिम्मेदार कौन होता।

## 14वीं राज्यस्तरीय मास्टर गेम्स का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार को हमीरपुर के साईं स्टेडियम में 14वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मास्टर खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर मास्टर एसोसिएशन के सीईओ विनोद कुमार ने कर्मचारियों को विशेष छुट्टियों और अन्य समस्याओं में मदद की मांग की। मुख्यातिथि का भव्य स्वागत मास्टर खिलाड़ियों ने किया और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। दो दिवसीय चैंपियनशिप में 13 प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं, जिसमें प्रदेश भर से करीब 300 प्रतिभागी शामिल हुए। सुनील बिट्टू ने बैडमिंटन मैच में भाग लेकर गोल्ड मेडल भी जीता।

## सुनील शर्मा बिट्टू से मिले रेहड़ी-फड़ी धारक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में लंबे समय से अपना कारोबार कर रहे रेहड़ी-फहड़ीधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से भेंट करके अपनी समस्याएं एवं मांगी उनके समक्ष रखीं। इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की समस्याओं एवं मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि रेहड़ी-फहड़ीधारकों की सभी समस्याओं एवं मांगों के बारे में वह मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को अवगत करवाएंगे और इनके समाधान के लिए हरसंभव व्यवस्था की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इसके लिए सुनील शर्मा बिट्टू का आभार व्यक्त किया।

## 400 मीटर दौड़ में राहुल प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर हमीरपुर में वार्षिक खेलकूद दिवस बड़े उल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चों की प्रतियोगिताएं विद्यालय परिसर में और कक्षा छठी से बारहवीं तक के बच्चों की प्रतियोगिताएं पॉलिटेक्निकल कॉलेज मैदान बड़ू में आयोजित की गईं। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, खो-खो, रस्साकशी, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे खेलों में छात्रों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। 100 मीटर दौड़ में कौसत्व, नक्ष, इशिता, दक्ष और कशिश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200 मीटर दौड़ में कौसत्व, दिशा, नक्ष, अद्वित्ता, दक्ष और अंशिका विजेता रहे। 400 मीटर दौड़ में राहुल प्रथम स्थान पर रहे। वॉलीबॉल और कबड्डी में भी इंदिरा और लक्ष्मी सदन ने विभिन्न श्रेणियों में जीत हासिल की। प्रधानाचार्य रविन्द्र पुरी ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और जीवन में हर क्षेत्र में सफलता के लिए प्रेरित किया।

# हिम अकादमी स्कूल हीरानगर के 127 मेधावी नवाजे

## मुख्यातिथि प्रो. मुकुल शर्मा ने शिक्षा व संस्कारों के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



'अभिव्यक्ति' थीम पर हिम अकादमी स्कूल हीरानगर का वार्षिक समारोह मनाया।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल (हैप्स) हीरानगर का वार्षिकोत्सव-4 हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 'अभिव्यक्ति' थीम को केंद्र में रखते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यातिथि के रूप में प्रो मुकुल शर्मा, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस मोमोरियल कॉलेज, हमीरपुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानाचार्य शशिबाला द्वारा स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्यातिथि के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय चेयरमैन प्रो आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्राचार्य विकासनगर नैना लखनपाल एवं प्राचार्य हीरानगर शशिबाला ने संयुक्त रूप से समारोह का संचालन किया। इस अवसर पर 127 मेधावी छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। लक्की डिप-1 के विजेता सोनिका चन्देल, डिम्पल शर्मा, पूजा और राहुल, लक्की डिप-2 के विजेता टीना कुमारी, विक्रांत शर्मा और अनु भारद्वाज तथा लक्की डिप-3 के विजेता सविता, मनप्रीत और शिप्रा ठाकुर को पुरस्कार प्रदान किए गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ईश्वर वंदना, वैस्टर्न डांस, लगान डांस, नदियां विलीवर वैस्टर्न डांस, इंग्लिश लघु नाटिका, ब्यूटि ऑफ हिमाचल, कैप्टन मृदुल शर्मा एक्ट, सम्भाजी एक्ट और युवी एक्ट मुख्य आकर्षण रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। समन्वयक डॉ नीता सिंह, रोहित अग्निहोत्री, संजय ठाकुर, माया शर्मा, पूजा शर्मा, विनोद शर्मा, दीपा शर्मा, पंकज शर्मा, अभिषेक राणा, ऊमा शर्मा, अशोक पटिया, विपिन शर्मा, बविन्द्र कुमार मीनाक्षी, विनता राणा, शिल्पा ठाकुर, दीपशिखा, शिल्पा गुप्ता, अभिलाषा, संदीप कुमार, हरदीप शर्मा, पूनम चैहान, कविता ठाकुर, आशीष कुमार, प्रेरणा, नवीन नेगी, सुमिता, मधुबाला, अंजु, राजकुमारी संगीत अध्यापिका शिप्रा, लक्ष्मी, अभिषेक, अभिषेक अत्री, सुशील व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक रहे।

## प्रदेश में बढ़ते कैंसर मामलों के बीच आयुर्वेद आधारित नई औषधीय संरचना पर पेटेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में कैंसर मामलों में लगातार वृद्धि के बीच आयुर्वेद, केमिस्ट्री और फार्मेसी विभाग ने कैंसर प्रबंधन में सहायक नई औषधीय संरचना विकसित की है। इंडियन पेटेंट ऑफिस, भारत सरकार द्वारा इस संरचना का पेटेंट प्रकाशित कर दिया गया है। वर्ष 2024 में प्रदेश में लगभग 9,566 नए कैंसर मामले सामने आए, जबकि कुल 32,909 मरीज पंजीकृत या उपचाराधीन हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि खानपान, जीवनशैली, पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु कारकों से जुड़ी है। इस शोध परियोजना का संचालन सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन, योगा व संस्कार निदेशक प्रो. राम अवतार के मार्गदर्शन में हो रहा है। फार्मेसी और केमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर और विद्यार्थी इस पहल में शामिल हैं। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने इसे समाज-केंद्रित नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और कहा कि इसका उद्देश्य वास्तविक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना है। यह कदम पारंपरिक भारतीय चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 साल से कुसुम्पटी विस क्षेत्र की नहीं ली सुध, अब नुक्कड़ सभाएं करने लगे मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेत्री एवं पूर्व उपाध्यक्षा सक्षम गुड़िया बोर्ड रूपा शर्मा, कुसुम्पटी मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र भोटका, देवराज कश्यप, शशांक अत्री, कमल ठाकुर, भूपेंद्र कंवर और पवन शर्मा ने आरोप लगाया है कि कुसुम्पटी के विधायक एवं काबीना मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने तीन वर्षों तक क्षेत्र की सुध नहीं ली और अब पंचायत चुनाव नजदीक आते ही नुक्कड़ सभाओं में जुट गए हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री एक ओर खाली खजाने की बात कर रहे हैं, जबकि मंत्री लाखों की घोषणाएं कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। रूपा शर्मा और जितेंद्र भोटका ने सवाल उठाया कि कोटी कॉलेज में बीएड की कक्षाएं शुरू करने, पुलिस चौकी खोलने, सतलाई में पटवार सर्किल व अस्पताल सुविधाएं बढ़ाने जैसी घोषणाएं एक वर्ष बाद भी अधूरी क्यों हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से कांग्रेस का गढ़ रहे कुसुम्पटी विस में विकास के नाम पर एक भी बड़ा प्रोजेक्ट नहीं हुआ है और क्षेत्र शिक्षा व मूलभूत सुविधाओं में पिछड़ा हुआ है।

### मशोबरा के तीन खिलाड़ी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में दिखा रहे जौहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कब्बडी एसोसिएशन के सौजन्य से जुब्बल में चल रही अंडर-16 छात्र व छात्रा वर्ग की राज्य स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता में मशोबरा ब्लॉक के तीन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें एमईएस हाई स्कूल मशोबरा की दो छात्राएं समायरा और हर्षिता तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा के छात्र आर्यन शामिल हैं। मशोबरा ब्लॉक के खेल प्रभारी नंदलाल शर्मा ने बताया कि इन तीनों खिलाड़ियों का चयन जुब्बल में आयोजित ट्रायल के दौरान हुआ था। समायरा दरभोग पंचायत के डुमैहर से तनु भारद्वाज की बेटी हैं, हर्षिता मूलकोटी पंचायत के घयाबो गांव से लेखराज की बेटी हैं, जबकि आर्यन ढली पंचायत के देवेन्द्र कंवर के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि ये तीनों छात्र पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### प्रदेश में चार नए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश में न्यायिक सेवाओं को अधिक सुदृढ़ और सुलभ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने चार नए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित करने की अधिसूचना जारी की है। इन न्यायालयों की स्थापना से जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध होने में सुविधा मिलेगी और अदालतों पर बढ़ते मामलों का बोझ भी कम होगा। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पंत की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय नूरपुर (जिला कांगड़ा), कुल्लू, अंब (जिला ऊना) और बिलासपुर में स्थापित किए गए हैं। सरकार का यह निर्णय प्रदेश के न्यायिक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इन न्यायालयों के शीघ्र क्रियान्वयन से आम जनता को स्थानीय स्तर पर न्याय सुलभ होगा और उन्हें अन्य जिलों की अदालतों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई में सड़क निर्माण पर 500 करोड़ के हो रहे कार्य : शिक्षा मंत्री

## कड़ीवन-उमलाडवार-गालून सड़क का भूमिपूजन, नावर क्षेत्र में विकास की नई राहें खुलीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर टिक्कर में सड़क के भूमिपूजन के बाद स्थानीय लोगों के साथ।

नावर क्षेत्र के लोगों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उपतहसील टिक्कर में नाबार्ड के तहत विधायक प्राथमिकता योजना के अंतर्गत लगभग सात करोड़ सात लाख रुपए की लागत से बनने वाली 5.340 किलोमीटर लंबी कड़ीवन-उमलाडवार-गालून सड़क के निर्माण एवं मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस बहुप्रतीक्षित सड़क परियोजना की शुरुआत पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस सड़क के बन जाने से आवागमन सुगम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के लोगों के आर्थिक व सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल में उपमंडल टिक्कर में चहुमुखी विकास हुआ है, विशेषकर सड़क निर्माण के क्षेत्र में नावर ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्तमान में सौ करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्य जारी हैं जबकि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए से सड़कों का निर्माण और सुधार कार्य चल रहा है, जो हिमाचल में सर्वाधिक है।

उन्होंने बताया कि बीते तीन वर्षों में 147 नई सड़कों की पासिंग की जा चुकी है और इस वर्ष के अंत तक 150 सड़कों की पासिंग का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार का संकल्प है कि हर गांव और हर व्यक्ति को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए ताकि कोई भी क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए।

रोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण के अंतर्गत जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र को 110 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इसमें उपमंडल टिक्कर के लिए 51 करोड़ रुपए की लागत से छह नई सड़कें शामिल की गई हैं। इसके अलावा कड़ीवन-घणासीधार सड़क की री-टारिंग 90 लाख रुपए से की जा रही है। उन्होंने बताया कि घणासीधार-खादराला सड़क को 9 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से पक्का किया गया है। इस क्षेत्र की बागवानी और सेब उत्पादन को देखते हुए अनेक सड़कों को पक्का किया गया है, ताकि किसानों और बागवानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में सुविधा हो।

### सरकार ने खरीदे 99 हजार मीट्रिक टन सेब

**शिक्षा** मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा 99 हजार मीट्रिक टन सेब खरीदे गए जो पिछले वर्ष की तुलना में दुगुने से भी अधिक हैं। उन्होंने कहा कि भारी मानसूनी आपदा के बावजूद सरकार ने बागवानों को हरसंभव सहायता दी और सेब उत्पादों को समय पर मंडियों तक पहुंचाया। आपदा के बाद सड़कों की मरम्मत और पुनर्स्थापन पर 24 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों और बागवानी बेल्ट को शीघ्र सामान्य स्थिति में लाया जा सके।

# आदर्श केंद्रीय कारागार में राज्यपाल ने किया बंदी सुधार कार्यक्रम का सम्मान


कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल स्वामी गिरिधरानंद को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आदर्श केंद्रीय कारागार कंडा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा संचालित बंदी सुधार कार्यक्रम अंतरक्रांति के तहत हिमाचल की जेलों में चल रहे सुधारात्मक प्रयासों की सराहना की गई। राज्यपाल ने संस्थान के सराहनीय कार्यों के लिए स्वामी गिरिधरानंद को विशेष रूप से सम्मानित किया।

**दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी गिरिधरानंद हुए सम्मानित**

स्वामी धीरानंद ने बताया कि संस्थान देशभर की लगभग 50 जेलों में आध्यात्मिक प्रवचन, भजन संकीर्तन, योग व ध्यान शिविर, संस्कार शाला और नशा मुक्ति जैसे अनेक कार्यक्रम संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव आशुतोष महाराज का संदेश है। अपराध से घृणा करो, अपराधी से नहीं। इसी विचारधारा से प्रेरित होकर अनेक बंदियों ने आज समाज सेवा का मार्ग अपनाया है। संस्थान द्वारा 'सुधरकर बने सुधारक' नामक पुस्तक भी प्रकाशित की गई है।

# कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान रहा बेहद सफल : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता के साथ खड़ी है और भाजपा के लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने के खिलाफ चलाया गया कांग्रेस का वोट छोग, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान बेहद सफल रहा है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हिमाचल को दिए गए एक लाख हस्ताक्षरों के लक्ष्य को पार करते हुए एक लाख 43 हजार हस्ताक्षर एआईसीसी को भेजे गए हैं। अब देशभर में कांग्रेस के इस अभियान के तहत एकत्र किए गए हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपे जाएंगे।



**कहा-प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से एकजुट**

प्रतिभा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के इस अभियान में हिमाचल कांग्रेस ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि यह अभियान जनता के भीतर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उठ रही आवाज का प्रतीक है और कांग्रेस लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से संघर्ष करती रहेगी।

### कांग्रेस का वोट चोर अभियान कागजी ड्रामा होगा साबित : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस के तथाकथित वोट चोर अभियान को पूरी तरह कागजी ड्रामा करार दिया है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शोर-शराबे के साथ जो फाइलों का बंडल शिमला से दिल्ली रवाना किया है, उसमें सच्चाई का अंश तक नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यह वही कांग्रेस है, जिसके नेता खुद दो-दो वोट बनवाने में माहिर हैं, और अब दूसरों पर आरोप लगाकर खुद की साख बचाने की कोशिश कर रहे हैं। कपूर ने कहा कि राहुल गांधी के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे 'वोट चोर' जैसे खोखले अभियानों से अपनी राजनीति को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर इस अभियान में जरा भी सच्चाई होती तो राहुल गांधी चुनाव आयोग को शपथपत्र देकर शिकायत दर्ज कराते, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ क्योंकि यह पूरा अभियान ही झूठ और दिखावे पर टिका है।

# हिम केयर से इलाज भी न देने वाली सरकार संवेदनहीन : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुकी है। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने प्रचारतंत्र और झूठे दावों के सहारे सरकार चला रहे हैं, जबकि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की पीड़ा उन्हें सुनाई नहीं दे रही। हिम केयर जैसी पवित्र योजना को बंद कर सरकार ने आम लोगों से इलाज का अधिकार छीन लिया है। लोग कर्ज लेकर या अपने जेवर बेचकर इलाज करवाने को विवश हैं। कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे रोगी भी अब सुक्खू सरकार की नाकामी से जूझ रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार की उदासीनता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि डेढ़ हजार से अधिक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। चौपाल क्षेत्र में एक विद्यालय के 116 बच्चे ठंड में तिरपाल के नीचे पढ़ने को विवश हैं क्योंकि बारिश में स्कूल की दीवार ढह गई थी और सरकार अब तक उसे बनवा नहीं पाई। बिना शौचालय और जरूरी सुविधाओं के बच्चे खुले में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि सरकार विज्ञापनों में विश्वस्तरीय शिक्षा की बात करती है, जबकि हकीकत में बच्चों के सिर पर छत तक नहीं है। प्रदेश के लोग अब सरकार के खोखले वादों और मनगढ़ंत आंकड़ों से तंग आ चुके हैं।

# कौरवी कांग्रेस का होगा अंत : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने भाजपा को 'कलयुगी पांडव' कहा है। जम्वाल ने कहा कि यह बयान न केवल धर्म और आस्था का अपमान है बल्कि मुख्यमंत्री की मानसिक स्थिति और कांग्रेस की सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि पांडव धर्म, सत्य और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक हैं, जबकि कलयुगी प्रवृत्ति कांग्रेस के चरित्र में बस चुकी है। मुख्यमंत्री सुक्खू और उनकी पार्टी कांग्रेस आज पूरी तरह घबराई और भ्रमित हैं। सत्ता की जमीन खिसक रही है, जनता का विश्वास टूट चुका है और विकास के नाम पर केवल झूठे दावे बचे हैं।



उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जो हमेशा हिंदू विरोधी रही है। राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने वाली, रामसेतु के अस्तित्व को नकारने वाली और अब पांडवों को कलयुगी बताने वाली। मुख्यमंत्री का यह कहना कि उनकी सरकार 97 प्रतिशत हिंदू आबादी को हराकर बनी है, कांग्रेस की उसी मानसिकता को दर्शाता है जो समाज को धर्म के आधार पर बांटती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब भी सत्ता में असफल होती है, तब वह सनातन आस्था और धर्म पर प्रहार शुरू कर देती है। हिमाचल की जनता धर्म और भक्ति से जुड़ी है और ऐसे अहंकारी बयानों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अब अपने अंत की ओर बढ़ रही है क्योंकि जो शक्ति धर्म के विरुद्ध खड़ी होती है उसका अंत निश्चित होता है। आने वाले समय में जनता ही कौरवी कांग्रेस का अंत करेगी।

# हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष का फैसला अब जल्द

## दिल्ली में चला मंथन, छह चेहरों पर टिकी निगाहें

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** लंबे समय से जारी अंदरूनी खींचतान, नेतृत्व संकट और गुटबाजी के बाद अब पार्टी हाईकमान ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के चयन को अंतिम रूप दे दिया है। दिल्ली में हुई बैठकों का दौर, छह दावेदारों से हुई गहन बातचीत और 2027 के चुनावों की आहट ने इस पूरी प्रक्रिया को और दिलचस्प बना दिया है। ऐसा लग रहा है जैसे हिमाचल कांग्रेस की लंबी प्रतीक्षा अब समाप्ति की ओर है।

जानकारी के अनुसार हाईकमान ने हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष पद के छह प्रमुख दावेदारों को दिल्ली बुलाया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने व्यक्तिगत तौर पर इन नेताओं से विचार-विमर्श किया। इनमें शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रवक्ता कुलदीप राठौर, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल, कसौली के विनोद सुल्तानपुरी और भोरंज के सुरेश कुमार शामिल रहे। चर्चा का केंद्र यही था कि हिमाचल में कौन-सा चेहरा संगठन को मजबूती देगा और जनता में भरोसे का सेतु बनेगा।

प्रदेश कांग्रेस में वर्षों से सीएम गुट और हॉलीलॉज गुट के बीच खींचतान चली आ रही है। अब पार्टी हाईकमान इस बार किसी गुट से परे जाकर ऐसा नाम चुनना चाहता है जो दोनों पक्षों के बीच संतुलन बना सके। जातीय और क्षेत्रीय समीकरण भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि हिमाचल का राजनीतिक भूगोल इन्हीं पर आधारित है। इसीलिए माना जा रहा है कि नया अध्यक्ष कोई ऐसा चेहरा भी हो सकता है, जिसका नाम पैनल में प्रमुखता से उभरकर नहीं आया था।

कांग्रेस की कार्यकारिणी 6 नवंबर 2024 को भंग कर दी गई थी। तब से अब तक पार्टी केवल कार्यकारी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में चल रही है, जिनका कार्यकाल भी पूरा हो चुका है। संगठन के जिला और ब्लॉक स्तर के ढांचे ठप पड़े हैं, जिससे जमीनी स्तर पर सक्रियता प्रभावित हुई है। ऐसे में नया अध्यक्ष न सिर्फ नेतृत्व का चेहरा होगा, बल्कि संगठन को फिर से गति देने की जिम्मेदारी भी उसी के कंधों पर होगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पहले ही संकेत दिया है कि दस दिनों के भीतर नया अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस में यह फैसला बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के आसपास ही होने की संभावना है। यानी जब पूरा देश बिहार की राजनीति पर नजरें गड़ाए होगा, तब हिमाचल में भी कांग्रेस का नया चेहरा सामने आ सकता है।

### कांग्रेस के पुनर्निर्माण की दिशा होगी तय

**नया** अध्यक्ष तय होने के बाद कांग्रेस को जिला और ब्लॉक स्तर पर नई कार्यकारिणी गठित करने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। संगठन के इस पुनर्गठन के साथ हिमाचल कांग्रेस एक बार फिर अपनी खोई ऊर्जा को वापस पा सकती है। सवाल अब सिर्फ इतना है कि पार्टी किस चेहरे पर भरोसा जताती है, अनुभव, संगठन या जनाधार पर।

### शिमला में बच्चे की पिटाई मामले में टीचर को मिली क्लीन चिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू के सरकारी स्कूल में छात्र की पिटाई और जातिगत प्रताड़ना के मामले में शिक्षा विभाग ने आरोपी टैंपरेरी टीचर को क्लीन चिट दे दी है। विभागीय जांच में बच्चे के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार पाए गए हैं। वहीं, स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन राकेश ने भी आरोपों को झूठा बताया। दलित बच्चे के पिता दुर्गा सिंह ने टीचर नितिश ठाकुर पर बेटे की पिटाई, कान का परदा फटने और शौचालय में बिच्छू बूटी डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इस पर रोहड़ू पुलिस ने एक नवंबर को एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और नितिश ठाकुर को गिरफ्तार कर 20 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। डिप्टी डायरेक्टर निशा भलूनी ने बताया कि जांच कमेटी ने छात्रों, शिक्षकों और ग्रामवासियों से पूछताछ की। रिपोर्ट में पिटाई और जातिगत भेदभाव दोनों आरोपों को निराधार बताया गया है। पुलिस अब मेडिकल ओपिनियन आने के बाद अगली कार्रवाई करेगी।

# युवाओं में खेल भावना और नशामुक्ति का दिया संदेश


राजीव गांधी स्पोर्ट्स क्रिकेट लीग का शुभारंभ करते मुख्यातिथि गोपाल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजीव गांधी स्टडी सर्किल हिमाचल प्रदेश इकाई की ओर से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समरहिल के खेल मैदान में दो दिवसीय राजीव गांधी स्पोर्ट्स क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि गोपाल शर्मा मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के विशेष कार्याधिकारी ने किया।

अपने संबोधन में शर्मा ने युवाओं को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजीव गांधी ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति माना और उनकी नीतियां आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राज्य छात्र प्रमुख यासीन बट्ट ने कहा कि इस लीग का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से संगठनात्मक एकता को मजबूत करना और नशे से दूर रहकर समाज के निर्माण में योगदान देना है। लीग में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की 20 से अधिक टीमों ने भाग लिया।

# छोटा शिमला में स्वयंसेवियों ने सीखे सेवा, अनुशासन और जीवन के मूल्य


छोटा शिमला में एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर स्कूल प्रबंधन और प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला में सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक जगदीश तांटा और विशेष अतिथि के रूप में उनकी धर्मपत्नी, सेवानिवृत्त शास्त्री अध्यापिका स्नेह लता तांटा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्यातिथि व विशेष अतिथि का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन पटियाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम शर्मा और स्मृति गोयल सहित एनएसएस स्वयंसेवियों ने पुष्पगुच्छ और फूलमालाओं से किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम शर्मा और स्मृति गोयल ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर के दौरान ब्रह्मकुमारी संस्थान से आई बहनों ने राजयोग सिखाया, डॉ. विकास शर्मा ने स्वास्थ्य विषयक जानकारी दी, जबकि सेवानिवृत्त उपनिदेशक डॉ. देवेंद्र दत्त कश्यप ने मूल्य आधारित शिक्षा पर प्रेरक वार्ता दी। प्रधानाचार्य सुमन पटियाल ने स्वयंसेवियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। तांटा ने कहा कि भावी पीढ़ी को जिम्मेदारी और नशामुक्त जीवन का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए अपनी स्वैच्छिक निधि से 7111 रुपए की राशि भेंट की। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवियों ने मुख्य अतिथि के सम्मान में सुंदर पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की।

### एसएफआई की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की चायल-कोटी और एचपीयू संध्याकालीन अध्ययन परिसर इकाइयों के सम्मेलन सम्पन्न हुए, जिनमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चायल-कोटी इकाई में मेहक को अध्यक्ष और अदिति को सचिव चुना गया, जबकि एचपीयूडीईएस इकाई में सौरभ शर्मा अध्यक्ष और प्रवेश ठाकुर सचिव बने। दोनों इकाइयों में क्रमशः 15 और 17 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जातीय उत्पीड़न और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जबकि विधानसभा में महिलाओं की प्रतिनिधित्व संख्या केवल तीन है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 का विरोध, छात्र संघ चुनावों की बहाली, महिला उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष और उच्च शिक्षा में छात्राओं की स्थिति जैसे विषयों पर प्रस्ताव पारित किए गए। नवचयनित पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक छात्राओं को संगठन से जोड़ा जाएगा, ताकि एक जागरूक, संघर्षशील और सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि एसएफआई छात्राओं के हितों की सशक्त आवाज बनेगी।

## इतिहास

### पूर्वजों की तलाश में ब्रिटेन से पहुंचे वंशज, मिला 100 साल पुराना रिश्ता

# शिमला के अभिलेखों में आज भी गूंजता है ब्रिटिश अतीत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**शिमला।** ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी रहे शिमला का इतिहास आज भी अपनी फाइलों और रजिस्टरों में जीवित है। शहर के पुराने गलियारों में बसती गोथिक इमारतों और मॉल रोड की ढलानों के बीच एक और खजाना है। नगर निगम का वह अभिलेखागार, जहां अब भी 19वीं सदी से लेकर आज तक के जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड सुरक्षित रखे गए हैं। एक सदी पुरानी स्याही में लिखे ये नाम आज भी अपने पूर्वजों की तलाश में आए लोगों को अतीत से जोड़ देते हैं।

हाल ही में इंग्लैंड के हर्टफोर्डशायर से जॉर्ज ल्यूक और जॉर्ज मैथ्यू इंग्राम ल्यूक नामक दो पर्यटक शिमला पहुंचे। उनका मकसद केवल पर्यटन नहीं था, बल्कि अपने पारिवारिक इतिहास से जुड़ी कड़ी को ढूंढना था। वे अपने परिचित इयान कॉलिन स्टुअर्ट नॉर्मैंड और मैरी एवलिन के जन्म प्रमाणपत्रों की तलाश में नगर निगम कार्यालय पहुंचे। ये दोनों नाम ब्रिटिश शासन के चरम समय, यानी 1920 और 1928 के बीच शिमला में दर्ज हुए थे। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सौ साल पुराने अभिलेखों में गहराई तक जाकर इन प्रविष्टियों को खोज निकाला और उनके जन्म प्रमाणपत्र जारी किए। यह केवल कागजी दस्तावेज नहीं थे, बल्कि दो देशों और दो युगों के बीच भावनात्मक पुल थे। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतन चौहान ने बताया कि ये रजिस्टर औपनिवेशिक दौर से अब तक बारीकी से संभाले गए हैं और हर वर्ष कई विदेशी नागरिक अपने परिवारों की जड़ों की खोज में यहां आते हैं। नगर आयुक्त भूपिंदर सिंह अत्री ने बताया कि निगम ने 1870 से 2015 तक के सभी जन्म और मृत्यु अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर लिया है। अब ये रिकॉर्ड मात्र पचास रुपए में ऑनलाइन प्राप्त किए जा सकते हैं। उनके अनुसार लगभग साढ़े तीन लाख जन्म और तीन लाख मृत्यु रिकॉर्ड निगम के डेटाबेस में संग्रहीत हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सहित विभिन्न देशों से लोग पुराने प्रमाणपत्रों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करते हैं।

हालांकि, ब्रिटिश नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से शिमला आना पड़ा, क्योंकि विदेशी कार्डों से भारतीय मुद्रा में भुगतान संभव नहीं था। बावजूद इसके, वे अपने साथ इतिहास का एक जीवंत टुकड़ा लेकर लौटे। यह यात्रा उनके लिए किसी पर्यटन से अधिक, अपने पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलने का अनुभव थी।

### कभी ब्रिटिश पूर्वज ने लिखे थे अपने जीवन के अध्याय

**अधिकारियों** के अनुसार, वर्षों से ब्रिटिश अधिकारियों, क्लर्कों और नागरिकों के वंशज शिमला के इन रिकॉर्ड्स में अपनी पारिवारिक जड़ें खोजते रहे हैं। उनके लिए यह शहर सिर्फ़ एक ठंडी हिल स्टेशन नहीं, बल्कि अपने अतीत का प्रतीक है, जहां कभी उनके पूर्वजों ने अपने जीवन के अध्याय लिखे थे।

### पुराने अभिलेखों की महक आज भी जिंदा

**आज** जब शिमला आधुनिक निर्माण और नई जीवनशैली के साथ बदल रहा है, तब भी इन पुराने अभिलेखों की महक वही है। स्याही और इतिहास की। यह संरक्षण इस बात का प्रमाण है कि यह शहर अपने अतीत से कितनी गहराई से जुड़ा है।

# जिले में आत्महत्या के मामलों में आई 40 फीसदी की कमी

## पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक आत्महत्या के 69 मामले दर्ज

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में इस वर्ष अब तक आत्महत्या के 69 मामले दर्ज हुए हैं। हालांकि यह आंकड़ा अधिक है, जबकि राहत की बात यह है कि ऐसे मामलों में पिछले वर्ष की अपेक्षा 40 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।



आत्महत्या करने वालों में जहरीले पदार्थ के सेवन व फंदा लगाकर जान देने वालों की संख्या एक बराबर रही है।

आत्महत्या करने वालों में 45 पुरुष व 24 महिलाएं शामिल रही। जिस तरह आत्महत्या के मामलों में इजाफा हो रहा है, ऐसे में कई ऐसे माध्यम हैं, जिनसे लोग अपनी समस्याओं का समाधान पाकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने से पीछे हट सकते हैं। पुलिस प्रशासन की मानें तो घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव, नशा, आर्थिक तंगी की वजह से लोग आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं। महिलाएं ऐसे कदम न उठाएं, इस संबंध महिलाओं को विभिन्न स्तर पर काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध है। यही नहीं, जिन महिलाओं की पुलिस द्वारा काउंसलिंग की जाती है, उनसे लगातार संपर्क करके उनकी स्थिति बारे भी जानकारी ली जाती है।

उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर के अनुसार, जिला कांगड़ा में इस वर्ष 69 मामले आत्महत्या के दर्ज हुए हैं। इनमें से 45 पुरुष व 24 महिलाएं हैं, जिन्होंने आत्महत्या की। यह आंकड़ा हालांकि गंभीर है, जबकि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आत्महत्या के मामलों में 40 फीसदी कमी दर्ज की गई है। लोगों का इस संबंध में जागरूक होना बेहद जरूरी है।

**जहरीले पदार्थ का सेवन व फंदा लगाकर जान देने वालों की संख्या एक बराबर**

## देहरा में बुजुर्ग समाजसेवी के साथ हुई घटना की होग उच्च स्तरीय जांच : अंचल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** उपमंडल दंडाधिकारी देहरा के कार्यालय के बाहर वयोवृद्ध समाजसेवी देशबंधु के साथ हुई घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है। इस घटना की भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अचल पठानिया ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति के साथ सार्वजनिक स्थल पर हुई यह अनहोनी वारदात पुलिस प्रशासन की लापरवाही और असंवेदनशीलता को उजागर करती है। अचल पठानिया ने प्रश्न उठाया कि यदि देहरा बाजार में सरेआम एक बुजुर्ग की पिटाई हो रही थी, तो पुलिस प्रशासन मूकदर्शक क्यों बना रहा? उन्होंने यह भी कहा कि जब एक महिला ने पुलिसकर्मी के सामने बुजुर्ग को थप्पड़ मारा, तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया। उन्होंने आशंका जताई कि यह घटना किसी राजनीतिक षड्यंत्र या सोची-समझी साजिश का परिणाम हो सकती है, जिसे उजागर किया जाना आवश्यक है।

### देहरा बुजुर्ग अभद्रता प्रकरण

## पुलिस की सफाई : महिला के खिलाफ मामला दर्ज, जांच जारी

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** देहरा में एक महिला द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक, पुलिस जिला देहरा की ओर से एक विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है।

पुलिस के अनुसार, 7 नवंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो सामने आया, जिसमें एसडीएम कार्यालय देहरा के बाहर एक महिला को बुजुर्ग व्यक्ति के साथ अभद्रता, मारपीट और पाउडर जैसे पदार्थ फेंकते हुए देखा गया। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय पुलिस कर्मियों और राहगीरों ने बीच-बचाव कर बुजुर्ग को छुड़ाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'वीडियो का संज्ञान मिलते ही देहरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग व्यक्ति का चिकित्सीय परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देहरा में करवाया। इसके बाद संबंधित महिला के विरुद्ध थाना देहरा में अभियोग संख्या 118/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई पुलिस थाना देहरा द्वारा नियमानुसार जारी है।

गौरतलब है कि यह घटना देहरा उपमंडल में एसडीएम कार्यालय के समीप हुई थी, जहां सार्वजनिक स्थान पर एक बुजुर्ग के साथ हुए इस व्यवहार को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। सोशल मीडिया पर भी इस घटना को लेकर पुलिस की निष्क्रियता और देरी से कार्रवाई पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## मंदिरों को दी जाए गोशाला चलाने की जिम्मेदारी : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज समाज और सरकार की नालायकी इस स्तर तक पहुंच गई है कि कई बार सोचकर दुख के आंसू आ जाते हैं। उन्होंने चिंता जताई कि बढ़ती आबादी और वाहनों के साथ सड़कों पर पशुओं की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। इन पशुओं के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे अनेक लोगों की जानें जा रही हैं। उन्होंने सरकार और समाज दोनों को आह्वान किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान खोजा जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार एक कानून बनाकर हर बड़े मंदिर को एक गोशाला चलाने की जिम्मेदारी दे। हिमाचल के बड़े मंदिरों माता चिंतपूर्णी, नयना देवी, ज्वालामुखी, चामुंडा देवी, कांगड़ा ब्रजेश्वरी और बाबा बालक नाथ जी के पास लगभग दो हजार करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसमें नकद, एफडी, सोना और चांदी शामिल हैं। यदि इन मंदिरों द्वारा गोशालाएं चलाई जाएं, तो न केवल पशुओं की समस्या समाप्त होगी।

## पठानकोट से शालीमार एक्सप्रेस में नए एलएचबी रेक की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल से संचालित ट्रेन संख्या 14662 (जम्मू से बाड़मेर) और 14661 (बाड़मेर से जम्मू) में जल्द ही नए एलएचबी रेक लगाए जाएंगे। यह बदलाव यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। एलएचबी रेक अपनी उन्नत सुरक्षा सुविधाओं जैसे एंटी-क्लाइंबिंग और बेहतर क्रैशवर्थीनेस के लिए जाने जाते हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाते हैं। नए रेक में आधुनिक और आरामदायक सीटें, बेहतर सस्पेंशन, बड़ी खिड़कियां और आंतरिक रोशनी की बेहतर व्यवस्था शामिल होगी, जिससे यात्रा का अनुभव और भी सुखद होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री उचित सिंघल ने बताया कि ट्रेन संख्या 14662 में नए एलएचबी रेक 15 जनवरी 2026 से और ट्रेन संख्या 14661 में 18 जनवरी 2026 से लगाए जाएंगे।

## ख्यांपट्ट में आरोग्य शिक्षा का दिया प्रशिक्षण



कांगड़ा अंचल पालमपुर के 10 दिवसीय आचार्य वर्ग में सभी आचार्यों को पांचों शिक्षाओं के बारे में दिया जा रहा है प्रशिक्षण।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** संभाग उत्तर हिमाचल भाग कांगड़ा अंचल पालमपुर के 10 दिवसीय आचार्य वर्ग में सभी आचार्यों को पांचों शिक्षाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह वर्ग पंचरुखी के ख्यांपट्ट नामक स्थान में हो रहा है। इसका आयोजन एक से लेकर 10 नवंबर तक चलेगा। इसमें लगभग 40 लोगों की संख्या उपस्थित है । सत्र सुबह 5:30 से शुरू होकर रात 9:00 बजे तक चलता है।

इस प्रशिक्षण वर्ग में अन्य शिक्षाओं के साथ-साथ आरोग्य शिक्षा का प्रशिक्षण देते हुए इसके अंतर्गत कचरा गड्ढे के बारे में बताया गया और उसका प्रत्यक्षीकरण किया गया। इसमें अंचल उपाध्यक्ष अष्टमी अंचल अभियान प्रमुख आशा, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख अंजना, अंचल गतिविधि प्रमुख निशा और भाग गतिविधि प्रमुख बेबी उपस्थित रहे।

### स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

## कहानी सुनने से विषय को समझने में मिलती मदद : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में सीबीएसई के निर्देशों द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल को रिसोर्स पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया। इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन को सीबीएसई के निर्देशों द्वारा शिक्षा शास्त्र के रूप में कहानी सुनाना पर प्रकाश डालने के लिए कहा गया। इस कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्जवलित कर तथा सरस्वती वंदना द्वारा किया गया।


स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया।

रिसोर्स पर्सन डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने इस टॉपिक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्टोरी टेलिंग एसए पेडागोजी का हिंदी में अर्थ है-शिक्षा शास्त्र के रूप में कहानी सुनाना। इसका मतलब है कि कहानी सुनाना एक प्रभावी शिक्षण विधि है, जिसका उपयोग छात्रों को किसी विषय को समझने, याद रखने और उससे जुड़ने में मदद करने के लिए कहा जाता है। यह एक ऐसी तकनीक है, जो जानकारी को सरल, आकर्षक और यादगार तरीके से प्रस्तुत करती है। इससे शिक्षण अधिक रचनात्मक और मनोरंजन बनता है। कहानी सुनने से छात्र विषय के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं, जो उन्हें बेहतर सीखने में मदद करता है। कहानियों के माध्यम से जानकारी छात्रों को बेहतर तरीके से समझ आती है और उसे आसानी से याद रख पाते हैं। उन्होंने बताया कि कहानी हमें जीवन के बारे में, अपने बारे में और दूसरों के बारे में सिखाती है। कहानी सुनाना छात्रों के लिए अन्य संस्कृतियों के प्रति समझ सम्मान को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि शिक्षण विधियों के प्रकारों में विभेदित अनुदेशन, प्रौद्योगिकी-आधारित शिक्षण, समूह शिक्षण, व्यक्तिगत शिक्षण, पूछताछ आधारित शिक्षण, गतिज शिक्षण, खेल-आधारित शिक्षण और अभियान-आधारित शिक्षण शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने रोल प्ले, केस स्टडीज की मदद से अध्यापकों को क्लास में आने वाले व्यावहारिक विषयों को सुलझाना सिखाया गया और यह सारी चीजें उन्होंने गतिविधियों के जरिए सिखाई।

## प्रतिभागियों ने लिया धौलाधार पर्वत शृंखला की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद



भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीरणी माता मंदिर तक ट्रैकिंग अभियान का आयोजन किया।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** शहीद कैप्टेन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर की रोवर रेंजर इकाई ने 'भारत स्काउट्स एंड गाइड्स स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीरणी माता मंदिर तक एक दिवसीय ट्रैकिंग अभियान का आयोजन किया। इस आयोजन में कुल 18 रोवर और रेंजर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ट्रैक की शुरुआत सुबह 8 बजे महाविद्यालय परिसर से हुई। प्रतिभागियों ने धौलाधार पर्वत शृंखला की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए मंदिर तक पहुंचने का सफर तय किया। रास्ते में विद्यार्थियों ने स्थानीय वनस्पति, जीव-जंतु और पारंपरिक मिट्टी के घरों को देखकर स्थानीय संस्कृति और स्थापत्य कला की समृद्ध विरासत को समझा। सहयोग भावना और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को छह दलों में विभाजित किया गया। ट्रैकिंग दल दोपहर में बीरणी माता मंदिर पहुंचा, जहाँ सभी ने दर्शन किए और आसपास के क्षेत्र को साफ़ किया। मन्दिर परिसर में पत्थर सृजन (स्टोन क्रिएटिविटी) गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने पत्थरों द्वारा विभिन्न आकृतिया बनाते हुए अपनी कला तथा रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वापसी यात्रा में मंदिर परिसर व रास्ते से प्लास्टिक तथा कचरा एकत्रित किया। यह आयोजन रेंजर लीडर प्रो. किरण तथा प्रो. मनीषा शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने समस्त टीम को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, टीमवर्क, सहयोग और साहसिक भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने किया 12वें जिला स्तरीय प्राथमिक स्कूल खेलों का आयोजन

## खेलों से बच्चों में फिटनेस, अनुशासन और टीमवर्क : कमलदीप

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट ने 12वें जिला स्तरीय प्राथमिक स्कूल खेलों की मेजबानी की, जिसमें तैराकी, कराटे और हैंडबॉल जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस भव्य खेल आयोजन में जिलेभर के 20 से अधिक स्कूलों के 200 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में डीईओ एलीमेंट्री कमलदीप कौर, डिप्टी डीईओ एलीमेंट्री डीजी सिंह और डीएसओ अरुण कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की।


इस प्रतियोगिता में जिलेभर के 20 से अधिक स्कूलों के 200 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

उन्होंने प्रतिभागियों की लगन और जोश के साथ-साथ प्रताप वर्ल्ड स्कूल द्वारा उपलब्ध कराई गई विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना डीईओ एलीमेंट्री कमलदीप कौर ने कहा कि यह देखकर अत्यंत प्रेरणादायक है कि इतने छोटे विद्यार्थी इतने उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डायरेक्टर सनी महाजन ने कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल सदैव शिक्षा और शारीरिक प्रशिक्षण के बीच संतुलन को बढ़ावा देने में विश्वास रखता है। हमें गर्व है कि इतने बड़े स्तर पर विद्यार्थियों ने खेलों में भाग लेकर खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। डायरेक्टर ओशिन महाजन ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, धैर्य और सम्मान सिखाते हैं-ये वे गुण हैं जो जीवनभर बच्चे के व्यक्तित्व को आकार देते हैं। हमारे विद्यालय परिसर में इन जिला स्तरीय खेलों की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है, और हम आगे भी बच्चों में फिटनेस और सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम का समापन एक रंगारंग पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें हर प्रतिभागी की भावना, मेहनत और उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया।

## पंजाब ने नाटक और वाद्ययंत्र स्पर्धा में हरियाणा ने मारी बाजी


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में क्षेत्रीय तत्वाधान में अंतर-क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश के उत्तरी क्षेत्र के नौ प्रदेशों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन निगम के खेल प्रोत्साहन समिति के महाप्रबंधक जॉर्ज कुरियाकोस और हिमाचल प्रदेश क्षेत्र के महाप्रबंधक केके दास कुशल ने किया। महाप्रबंधक राजभाषा संदीप कुमार पांडेय और महाप्रबंधक पंजाब क्षेत्र बी श्रीनिवासन (आईएएस) भी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यक्रम संयोजक अमीर चंद ने सभी अतिथियों का सम्मान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में चार श्रेणियों—गायन, समूह नृत्य, नाटक और वाद्य यंत्र वादन में प्रदर्शन हुए। पंजाब क्षेत्र ने नाटक और वाद्य यंत्र, हरियाणा वाद्य यंत्र, उत्तराखंड गायन और राजस्थान समूह नृत्य में प्रथम रहा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर परनाम सिंह को उनके योगदान के लिए और अभिनेता-सह-निर्देशक रेहान किदवई को निगम को दी गई सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया।

**पुस्तक समीक्षा** | कवि देवेंद्र धर का तीसरा काव्य-संकलन 'लुटते जनमत की आवाज' हुआ प्रकाशित

## 'लुटते जनमत की आवाज' में युगबोध और जनसंवेदना

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**हिमाचल** के चर्चित कवि देवेंद्र धर का तीसरा काव्य-संकलन 'लुटते जनमत की आवाज' हाल ही में बिम्ब-प्रतिबिंब प्रकाशन, फगवाड़ा (पंजाब) से प्रकाशित हुआ है। इससे पहले उनका पहला संकलन 'जमीन तलाशते शब्द' (1992) हिमाचल कला, संस्कृति और भाषा अकादमी से पुरस्कृत हुआ था तथा दूसरा संकलन 'सुबकते पन्नों पर बहस' साहित्यिक जगत में चर्चा का विषय बना। यह नया संकलन 142 पृष्ठों का है, जिसमें कवि की तेपन (53) कविताएं शामिल हैं। देवेंद्र धर ने इस बार अपने काव्य-संग्रह को दो भागों में बांटने का मोह नहीं रखा, बल्कि अपने सब्र की परीक्षा लेते हुए विविध विषयों पर एक साथ कविताएं प्रस्तुत की हैं। उनकी कविताएं जीवन के हर रंग, हर पीड़ा और हर उम्मीद का बयान हैं। इनमें भूख, रोटी, वसंत-पतझड़, नदी-समुद्र, आग और



पुस्तक समीक्षक : सुदर्शन वशिष्ठ

आकाश सब कुछ समाया है। धर की कविताएं अपने समय की सच्चाइयों से टकराती हैं। एक ओर टूटे पंखों की उड़ान है तो दूसरी ओर लोहार का तपता हुआ लोहा। वे सैलानियों का मनोरंजन करते घोड़ों को देखते हैं, तो झाड़ू जैसे आम प्रतीक को भी अर्थ देते हैं। उनके यहां 'गणतंत्र के तोते', 'शमशान पर गड़ती कीलें', और 'भेड़ों का खून चखता स्वाद' जैसे रूपक समाज की विडंबनाओं का तीखा चित्रण करते हैं। कवि की दृष्टि में वसंत भी पतझड़ के कब्जे में है- वसंत पर पतझड़ का कब्जा/पेड़ नंगे से / झर रहे पत्ते / सदी ने लूट लिया है गर्मी का मौसम। यह पंक्तियां हमारे समय की निराशा और क्षीण होती जीवन-ऊर्जा का दर्पण हैं। धर की कविताएं केवल निराशा की बात नहीं करतीं, बल्कि आग की तरह भीतर की ऊर्जा को बचाए रखने का आह्वान भी करती हैं।

आग को बचा कर रखना, राख का क्या करोगे। उनकी कविता 'टूटे हुए मील के पत्थर' जीवन की थकान के बीच भी आगे बढ़ने की जिजीविषा का प्रतीक है। वहीं 'टूटे पंखों की उड़ान' में कवि बिना पंखों के भी उड़ान भरने की विरासत की बात करता है, जो जटायू की याद दिलाती है। 'मुझे मेरा घर लौटा दो' में कवि का मनोवैज्ञानिक रूप उभरता है, जहां 'घर' केवल एक छत नहीं, बल्कि पूरे आसमान को समेटे हुए प्रतीक है। यह कविता बाल्यकाल, स्मृतियों और खोई हुई मानवीय संवेदनाओं की खोज है- एक घर है कि पूरे आसमान को अपने में समाए है... लौटाओ मुझे मेरा वह घर।' धर ने 'ये कैसी आग है' में पर्यावरणीय और सामाजिक संकटों को बड़े मार्मिक ढंग से उठाया है। जंगलों में लगी आग केवल पेड़ों को नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी भस्म कर रही है। कवि पूछता है- आग लगी कैसे, किसने लगाई-यह तय होना संभव नहीं लगता। लंबी कविता 'मेरी पीढ़ी के लोग' में कवि अपने समय के समझौतापरस्त, भयभीत और अवसरवादी लोगों का चित्र खींचते हैं। वे कहते हैं- 'बहुत बहादुर हैं, डरते नहीं बिल्कुल भी/पर सदैव घबराए से...' यह कविता आज की पीढ़ी के आत्मसंघर्ष और खोई हुई संवेदना की सच्ची तस्वीर है। धर का कवि जनपक्षधर है। उनकी कविताएं जनता की पीड़ा और शोषण की आवाज बनती हैं। शीर्षक कविता 'लुटते जनमत की आवाज़' में वे राजनीतिक विडंबना पर सीधा प्रहार करते हैं- 'हर सत्ता में रहता है एक टूटा हुआ जनमत... जनमत रुक-रुक कर कहता है, मैं जनता की आवाज़ का इकलौता रखवाला हूं।' देवेंद्र धर की कविताएं जनआक्रोश की कविताएं हैं, जिनमें समय की त्रासदी, व्यवस्था का विघटन और आम जन की पीड़ा झलकती है। ये कविताएं केवल एक बार पढ़ने योग्य नहीं; इन्हें बार-बार पढ़ना पड़ता है, क्योंकि हर बार इनमें एक नया अर्थ खुलता है। 'लुटते जनमत की आवाज' समकालीन हिंदी कविता को एक नई सामाजिक चेतना और सशक्त अभिव्यक्ति प्रदान करती है।

## धीरा स्कूल के बच्चों ने पंजाबी व देशभक्ति गीतों से लूटी वाहवाही



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धीरा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की संजय सिंह चौहान ने की अध्यक्षता।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**राजकीय** उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धीरा में वार्षिक वितरण समारोह 2025- 26 का आयोजन प्रधानाचार्य विजय शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संजय सिंह चौहान अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक रहे। इस दौरान जमा दो कक्षा की छात्रा महक द्वारा वार्षिक रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में मुख्य अतिथि के समक्ष विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें पहाड़ी, पंजाबी, हिंदी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। संजय सिंह चौहान ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को 11000 रुपए प्रदान किए । मुख्यातिथि ने प्रधानाचार्य, स्कूल स्टाफ को विद्यार्थियों के शानदार कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान, रविंद्र सिंह रवि, स्कूल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# लंज में बसाएंगे आधुनिक शहर : केवल

## बोले- युवाओं की सोच को दूरदर्शी बनाने का काम कर रहा एनएसयूआई छात्र संगठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार कांगड़ा जिले में एक अत्याधुनिक और सुव्यवस्थित आधुनिक शहर बसाने जा रही है, जो चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

यह शहर हर तरह की आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा और प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक व औद्योगिक प्रगति में मील का पत्थर साबित हो सकता है। यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लंज कॉलेज में एनएसयूआई छात्र संगठन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचने पर दी। उन्होंने बताया इस योजना को लेकर कई बार मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश और मंत्री राजेश धर्माणी से मुलाकात की। इस टाउनशिप के लिए उन्होंने उनका आभार व्यक्त किया जो आज यहां इस टाउनशिप प्लानिंग के कार्य को शुरू करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया इस योजना को सेक्टर वाइज बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की जिम्मेदारी हिमाचल प्रदेश शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) को सौंपी है। इस नए शहर का निर्माण लंज और तियारा क्षेत्र में किया जाएगा। यह क्षेत्र गगल एयरपोर्ट और फोरलेन हाईवे के निकट होने के कारण आवागमन की दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है।



एनएसयूआई छात्र संगठन के कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य सचेतक पठानिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह परियोजना कांगड़ा को विकास का नया आयाम देगी। यह केवल एक शहर नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक तस्वीर को बदलने वाली नई दिशा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री और वह स्वयं भी छात्र राजनीति से निकलकर यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा छात्र राजनीति का गहरा असर उनके जीवन पर पड़ा, जिसके चलते उनके अंदर समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा जगी। इसके चलते वह आज यहां तक पहुंचे हैं।

छात्रों से कहा कि वह किसी भी एक कार्य को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं और उसकी तरफ पूरी मेहनत करें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कॉलेज की अतिरिक्त दीवार, बैडमिंटन कोर्ट में मैट और टेबल टेनिस की सुविधा कॉलेज में देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी–डे बोर्डिंग स्कूल बच्चों के भविष्य को एक नया आयाम देने के लिए अहम साबित होंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों का इंग्लिश मीडियम होना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह को याद करते हुए कहा उनकी दूरगामी सोच के कारण आज लंज क्षेत्र में बच्चों के पढ़ने के लिए भव्य शिक्षा का यह मंदिर स्थापित हुआ था। उन्होंने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी देखा। इस इस अवसर पर सहित प्रधानाचार्य संजय शर्मा, चंद्रशेखर डोगरा, हरनाम सिंह, सुमन मेहरा, धर्मचंद, रेखा देवी, आशा देवी, बलजीत कौर, जोगिंदर सिंह, नसीब सिंह, रंजीत सिंह बग्गा, संजय डोगरा, प्रमोद पठानिया, शिखा ठाकुर और रवि, आदित मेहरा, सूरज, अनमोल, एनएसयूआई के अन्य सदस्यों और छात्र मौजूद रहे।

# जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ ने किया विद्युत चलित हैंडपंप का उद्घाटन


ढुगियारी पंचायत में विद्युत चलित हैंडपंप का उद्घाटन करते जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़।

**अनंत ज्ञान, गगल**

**ढुगियारी** पंचायत में शनिवार को जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़ व जिला परिषद के सदस्य कुलभाष चौधरी ने विद्युत चलित हैंडपंप का उद्घाटन किया।

पंचायत प्रधान निशा चौधरी ने बताया कि बहुत दिनों से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे थे, जिन्हें आज राहत मिली है। जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़ तथा जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी के प्रयासों से सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी विधायक या मंत्री ने समस्या का समाधान नहीं निकाला। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तो तुरंत हमें बताएं इसका समाधान मौके पर ही किया जाएगा, ताकि लोगों को पीने के पानी की किसी भी समस्या से जूझना ना पड़े। इस अवसर पर सचिव नरेंद्र कुमार, अनूप कुमार, पदम सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनजागरुकता फैलाने के उद्देश्य से नगर स्तरीय विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन

# विजन पब्लिक स्कूल बैजनाथ प्रथम

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर विज्ञान केंद्र द्वारा समाज में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार एवं विज्ञान की सामाजिक उपादेयता के प्रति जनजागरुकता फैलाने के उद्देश्य से नगर स्तरीय विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के परियोजना समन्वयक राम स्वरूप द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने 21वीं सदी में संप्रेषण कौशल, रचनात्मक अभिव्यक्ति और विज्ञान के प्रसार में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' निर्धारित किया गया है। प्रतिभागी विद्यालय इस मुख्य विषय के तहत निर्दिष्ट उप-विषयों-विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं, आधुनिक कृषि, डिजिटल इंडिया: जीवन को सशक्त बनाना, सभी के लिए स्वच्छता एवं हरित प्रौद्योगिकी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत की, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचारी चिंतन तथा सामूहिक अभिव्यक्ति का विकास हो सके। कांगड़ा जिले के 8 शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। निर्णायक मंडल के सुधि सदस्यों प्रोफेसर मधुमीत सिंह, पूर्व निदेशक, विस्तार शिक्षा, सीएस केएचपीकेवी, विनय शर्मा, जिला लोकसंपर्क अधिकारी एवं शमशेर सिंह, प्रसिद्ध रंगकर्मी ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन विज्ञान नाटिका में संदेश की स्पष्टता, वैज्ञानिक प्रासंगिकता, समूह-सहयोग, संवाद-प्रस्तुति, मंचीय संवहन तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति आदि आधारों पर किया। प्रतियोगिता में विजन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैजनाथ ने प्रथम, धौलाधार कॉन्वेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भवारना ने द्वितीय और विवेका फाउंडेशन्ज माध्यमिक विद्यालय, मनसिंबल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तिब्बतन चिल्ड्रन विलेज स्कूल, चौंतड़ा के तेनजिन चोएवांग शोनसांग को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, धौलाधार कॉन्वेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भवारना की अंशिका को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और मीनाक्षी शर्मा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक तथा स्पेक्ट्रम पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुग्गर के नैन्सी राणा को सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखक का पुरस्कार प्राप्त हुआ।


पालमपुर विज्ञान केंद्र की ओर से किया गया विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित उत्तरी भारत विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता 2025-26 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

# झूठ की सीढ़ी पर चढ़ी सुक्खू सरकार अब गिरने को तैयार : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार झूठ, छल और ढोंग की बुनियाद पर टिकी है और अब उसकी पोल पूरे देश में खुल चुकी है।

चक्षु ने कहा कि बिहार चुनाव में जाकर सुक्खू अपने झूठे वादों का प्रचार कर रहे हैं, जबकि हिमाचल में जनता उनके झूठ की सच्चाई भुगत रही है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार ने हिमाचल की जनता से गारंटियों के नाम पर वोट लेकर धोखा दिया, अब वही झूठ बिहार के मंचों से दोहरा रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है-झूठ की दुकान ज्यादा दिन नहीं चलती। विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश में खनन माफिया, ड्रग माफिया, भूमि माफिया और अब तबादला माफिया सक्रिय है, और ये सब सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अब 'माफिया मित्र सरकार' बन चुकी है। प्रशासनिक अफसरों पर माफियाओं का दबाव साफ दिख रहा है। चक्षु ने कहा कि प्रदेश में जितने भी विकास कार्य हो रहे हैं, वे सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की योजनाओं की देन हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार खुद कुछ नहीं कर पा रही। केंद्र की मदद पर पल रही है, पर श्रेय खुद ले रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन नौकरी देने वाले संस्थान ही बंद कर दिए।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए सड़कों पर है, जबकि मुख्यमंत्री अपने मित्रों को मलाईदार पद बांटने में व्यस्त हैं। 'मुख्यमंत्री मित्र', 'वन मित्र' और 'पशु मित्र' जैसी योजनाएं अब 'मित्रों को नौकरी दो योजना' बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है। प्रशासनिक तंत्र पंगु है और जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। विश्व चक्षु ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो भी गारंटियां दीं, वे अब झूठ के मलबे में दबी पड़ी हैं। जनता अब हिसाब मांगने को तैयार है। हिमाचल की जनता ने कांग्रेस के झूठ को पहचान लिया है, अब बदलाव तय है।

# कुलभूषण वर्मा ने एसपी नूरपुर का कार्यभार संभाला



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर में शनिवार को नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पुलिस जिला नूरपुर में कानून और व्यवस्था की स्थिति तथा विभिन्न विभागीय कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने नूरपुर के क्षेत्र अधिकार में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध में नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा आम जन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को अधिक संवेदनशील पारदर्शी एवं जनहित बनाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। इस मौके पर नूरपुर के अंतर्गत पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत सभी थाना प्रभारी तथा चौकी प्रभारी के साथ उन्होंने कानून और व्यवस्था के मुद्दों पर बातचीत की तथा उन्होंने इस मौके पर कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने तथा जन सहयोग को और मजबूत करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

# रिड़कमार में विद्यार्थियों को करवाया योगासन और प्राणायाम का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय योग सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय दरीणी से सुमना देवी ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया और योग के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सत्र की शुरुआत सूर्यनमस्कार के बारह आसनों से हुई, जिसके बाद भ्रामरी प्राणायाम, सुखासन, ताड़ासन और अन्य आसनों का अभ्यास कराया गया। सुमना देवी ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन, एकाग्रता और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का माध्यम है, जो व्यक्ति को तनावमुक्त और सकारात्मक बनाता है। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया ताकि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रह सकें और आत्मअनुशासित जीवन जी सकें। योग सत्र को सफल बनाने में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर हाकम चंद का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। सत्र में एनएसएस के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वस्थ भारत के संकल्प को दोहराया।

# ढलियारा स्कूल के एनएसएस वॉलंटियरों ने की साफ-सफाई

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढलियारा में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में साफ-सफाई की। वालंटियरों ने कूड़ा हटाया, क्यारियों की निराई-गुड़ाई की और परिसर को नया जीवन दे दिया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय संधू (लेक्चरर बायोलॉजी) और महिला कार्यक्रम अधिकारी अंजना कुमारी (लेक्चरर हिंदी) की देखरेख में चले इस अभियान में छात्रों ने यह साबित कर दिया कि सेवा ही असली देशभक्ति है। कार्यवाहक प्रिंसिपल सुनील कुमार जो शिविर के मुख्य अतिथि भी हैं, ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और अनुशासन का प्रतीक है। जब युवा आगे आते हैं, तो समाज खुद बदल जाता है। छात्रों ने पूरे जोश के साथ नारा लगाया कि स्वच्छ ढलियारा, सुंदर ढलियारा और आने वाले दिनों में गांव व आसपास के क्षेत्रों में भी जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। शिविर के अगले चरण में पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और सामुदायिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनसे युवाओं में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक चेतना की भावना को और प्रबल किया जाएगा।

# स्वयंसेवियों ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

## भाली स्कूल में स्वयंसेवियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भाली में चल रहे एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के प्रति समाज को जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. राहुल देव ने की।

**समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लिया**

उन्होंने स्वयंसेवियों की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। एनएसएस स्वयंसेवियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को तबाह करता है, बल्कि परिवार और समाज की शांति को भी प्रभावित करता है। नाटक में यह दिखाया गया कि कैसे नशे की लत एक प्रतिभाशाली युवा को विनाश की ओर धकेल देती है, और समय रहते जागरूकता एवं आत्मसंयम ही इससे बचाव का उपाय है। प्रधानाचार्य डॉ. राहुल देव ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं को सही समय पर सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। गलत संगति, मानसिक दबाव और दिशाहीनता के कारण कई युवा नशे की राह पर चल पड़ते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और उनके साथ संवाद बनाए रखें, ताकि वे किसी बुरी आदत की गिरफ्त में न आएं। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी करनैल ठाकुर और किरण वाला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। उन्होंने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लिया। शिविर का यह दिन न केवल जागरूकता का प्रतीक बना बल्कि युवाओं में सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी और मजबूत कर गया।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भाली में चल रहे एनएसएस के विशेष शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# देहरा में बुजुर्ग समाजसेवी के साथ अभद्रता पर इंडियन वेलफेयर एंड एंटी करप्शन ट्रस्ट ने की निंदा

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** देहरा उपमंडल के एसडीएम कार्यालय परिसर में 78 वर्षीय बुजुर्ग समाजसेवी पुरुष के साथ महिला द्वारा की गई अभद्रता ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने न केवल मानवीय संवेदनाओं को आहत किया है, बल्कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इंडियन वेलफेयर एंड एंटी करप्शन ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक मनोहर लाल शर्मा ने इस शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि एक ऐसे बुजुर्ग, जिन्होंने अपना जीवन समाजसेवा और राष्ट्रहित के लिए समर्पित किया, उनके साथ सार्वजनिक स्थल पर इस तरह का व्यवहार करना सभ्य समाज के लिए लज्जाजनक है।

उन्होंने कहा कि मामला चाहे जो भी हो, किसी महिला द्वारा खुलेआम किसी बुजुर्ग को अपमानित करना अस्वीकार्य है। यह घटना पुलिस प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है, क्योंकि यह सब कुछ एसडीएम कार्यालय के बाहर हुआ, जहां से पुलिस थाना मात्र कुछ कदम की दूरी पर है। ट्रस्ट के एमडी मनोहर लाल शर्मा के साथ ट्रस्ट की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजना डोगरा भी खुलकर सामने आईं। उन्होंने कहा कि यदि इस घटना का पुलिस ने स्वत: संज्ञान नहीं लिया, तो ट्रस्ट बुज़ुर्ग व्यक्ति के पक्ष में खड़ा रहेगा और न्याय की लड़ाई लड़ेगा।

**परेशानी** शिव नगरी में उपद्रवियों का तांडव, लोगों को सताने लगी अब निजी गाड़ियों की चिंता

# बैजनाथ में फिर गाड़ी जलाने का असफल प्रयास

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** शिव नगरी में उपद्रवियों का तांडव थमने का नाम ही नहीं ले रहा है इस धार्मिक नगरी में लगातार दूसरे दिन भी संदिग्ध द्वारा एक निजी गाड़ी को जलाने की असफल कोशिश की गई है। हैरानी की बात तो यह है कि यह गाड़ी बैजनाथ में स्थित कैलाश सर्विस स्टेशन के प्रांगण में खड़ी रहती है। उपद्रवियों द्वारा स्थानीय सब्जी विक्रेता सुभाष शर्मा की गाड़ी का पहला पिछला शीशा तोड़ा है,उसके बाद गाड़ी के टायरों से गाड़ी को जलाने की कोशिश की है।




गनीमत यह रही है कि टायरों में आग नहीं पकड़ी नहीं तो यह गाड़ी तो चलती ही जलते साथ में सर्विस स्टेशन के अंदर और गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ सकती थी। पुलिस ने अनजान व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। इस सारे मामले में एक संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में दिखाई तो दे रहा है पर अभी तक यह नहीं कहा जा सकता है कि इसने ही इस वारदात को अंजाम दिया है या कोई अन्य है । वहीं पर इस संदिग्ध की अभी तक कोई पहचान भी नहीं लग पाई है । मौके पर पहुंचे डीएसपी लोकेंद्र नेगी तथा थाना प्रभारी बैजनाथ बड़ी मुस्तैदी के बाजार में लगे सीसीटीवी टीवी कैमरों को खंगाल रहे हैं। वहीं, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से लग रहा है कि दो बसों को आज की भेंट चढ़ाने वाला तथा बीती रात को एक निजी गाड़ी को जलाने का असफल प्रयास करने वाला संदिग्ध शख्स एक ही हो सकता है। हालांकि पुलिस अपने स्तर पर व्यापक तरीके से जांच पड़ताल कर रही है तथा यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास कर रही है कि पूरे पक्के तथ्यों के आधार पर ही दोषी को गिरफ्तार में लिया जाए। वहीं, पर बैजनाथ व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर ने कहा कि अगर प्रशासन इजाजत दे दो कुछ कैमरे व्यापार मंडल भी लगवाने को तैयार है। इसके साथ जल्द ही एक टीम गठित की जाएगी, जो उपद्रवियों पर गोपनीयता तरीके से नजर रख सके । विधायक किशोरी लाल ने प्रशासन को सख्त आदेश दिए हैं कि एक तो बाजार में गश्त बढ़ाई जाए। उपद्रवियों को पकड़ने के अगर विशेषज्ञों की टीम सहायता की जरूरत है, तो उसे भी बुलाएं।

## बैजनाथ में कौन जला रहा गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में आए दिन गाड़ियों को आग लगने वाला गिरोह आखिर कौन है। अब यह सवाल हर किसी के जेहन में है। नगर परिषद के छोटे से कस्बे बैजनाथ में जिस तरह से एक सप्ताह के भीतर ही अलग-अलग जगह पर तीन गाड़ियों को आग लगाकर खाक कर दिया गया है। वहीं, चौथी एक अन्य गाड़ी को जलाने की असफल कोशिश की गई है । बिना किसी वजह के आगजनी की इस तरह की वारदातों से आम जनमानस चिंतित तो नजर आ ही रहा है, साथ में सवाल यह भी उठने लगा है यह कोई सिरफिरा या फिर कोई अपराधिक गैंग अपने दल में शामिल करने के लिए समाज से भटके हुए लोगों को एक ट्रेनिंग के तहत इस तरह की आगजनी की वारदातों को अंजाम देने के लिए उकसा रहे हैं, ताकि आने वाले समय में बह इस तरह की या किसी अन्य समाज विरोधी घिनौनी हरकत को अंजाम दे सकें। बैजनाथ में जिस जगह पर गाड़ियों को आग लगाई गई है यहां पर गाड़ियां पिछले लगभग 50 सालों से भी ज्यादा समय से खड़ी होती आ रही हैं। आग लगाना तो दूर की बात है कभी भी इन गाड़ियों को मामूली नुकसान भी नहीं पहुंचाया गया है । जहां गाड़ियों को आग लगाई गई है, अब तो यह काफी भीड़ वाला इलाका बन चुका है। एक सप्ताह के भीतर आगजनी की चौथी घटना के बाद सरकारी तथा निजी गाड़ियों के मालिक भी चिंता ग्रस्त हैं कि अगर सिलसिला इसी तरह चलता रहा तो एक दिन यह आग लगाने वाली गैंग उनके घरों के अंदर भी पहुंच जाएगी। इलाके में अब पुलिस की गश्त और अधिक सुदृढ़ करने की मांग उठी है। वहीं पर सीसीटीवी कैमरो की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें और अधिक आधुनिक करने की बात कही जा रही है। इस मामले में जहां पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ स्थानीय लोगों के सहयोग से आग लगाने वालों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। लोगों का भी दायित्व बनता है कि किसी भी संदिग्ध की जानकारी पुलिस या अपने पंचायत सदस्यों को जरूर दें ।

# निबंध प्रतियोगिता में दीपाक्षी प्रथम

## शाहपुर में रैली निकालकर दिया तंबाकू से दूर रहने का संदेश

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को डॉ. सतीश ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. सतीश ठाकुर ने कहा कि युवा वर्ग समाज में परिवर्तन का आधार है। यदि विद्यार्थी तंबाकू जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर जागरूकता फैलाएंगे तो निश्चित ही हम एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकेंगे। रैली में कुल 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया और महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो तथा स्वस्थ जीवन का यही आधार-तंबाकू से रखो इंकार जैसे प्रेरक नारे लगाकर जनजागरण का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली के संवाहक भी हैं। तंबाकू जैसी घातक आदतों से दूर रहकर ही हम एक सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में दीपाक्षी ने प्रथम, पल्लवी ने द्वितीय व हिताक्षी और प्रदीप ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में समीर एवं तान्या ने प्रथम, कृतिका एवं तनुजा ने द्वितीय व हिमाद्रि और सानिया, सेजल और सानिया ने तृतीय स्थान हासिल किया।


शाहपुर कॉलेज में तंबाकू जागरूकता रैली का आयोजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धार टटोह में कबड्डी स्पर्धा 10 और 11 को

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** धार टटोह में जय मां हिडिम्बा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 10 व 11 नवंबर को दंगल ग्राउंड में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि यह क्षेत्र का पहला नेशनल लेवल ईनामी टूर्नामेंट होगा, जिसमें कबड्डी प्रीमियर लीग के स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता टीम को 41 हजार व उपविजेता को 31 हजार रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी। पद्मश्री अजय ठाकुर इस अवसर पर विशेष अतिथि होंगे और खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। टूर्नामेंट में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की लगभग 25 टीमें भाग लेंगी। राजेश ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करना है।

### स्वयंसेवियों को समाजसेवा के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रधानाचार्या निर्मला चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अमरनाथ बंगा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने स्वयंसेवियों को समाज सेवा में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी सोम कुमार ने सात दिनों की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर बेस्ट गर्ल्स वालंटियर रितिका, बेस्ट ब्वॉय वालिंटियर शिवम, बेस्ट ब्वॉय कैडेट अनुज कुमार, बेस्ट गर्ल्स कैडेट तनीषा को दिया गया। समापन समारोह को और रोचक बनाने के लिए स्वयंसेवियों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

### मैहरी में करवाई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा मैहरी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक बी.एल धर्माणी ने बताया कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में हर वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा पूरे भारतवर्ष के स्कूलों व कॉलेजों में एक साथ आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का उद्देश्य युवाओं में नैतिक एसामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों का विकास करनाए छात्रों में आत्मविश्वास, प्रेम, सहानुभूति व विनम्रता जैसे गुणों का संचार करना, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा इसके साथ ही छात्रों को चरित्रवान नैतिकवान और गुणवान बनाना है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

### श्री नयना देवी में रोवर एवं रेंजर ने मनाया फ्लैग डे

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी में की रोवर एवं रेंजर इकाई द्वारा फ्लैग डे एवं स्वच्छता अभियान बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य श्याम लाल द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर एवं रेंजर आंदोलन युवाओं को अनुशासन सेवा भावना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी सिखाता है। उन्होंने सभी को स्वच्छता बनाए रखने और समाजसेवा में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर रोवर एवं रेंजर स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आस.पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने परिसर की सफाई कीए कचरा एकत्रित किया और स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा दिया। साथ ही झंडा विक्रय के माध्यम से समाजसेवा हेतु निधि भी एकत्र की गई। इस कार्यक्रम में प्रो. उत्तमा तथा प्रो. साक्षी भी उपस्थित रहीं।

### जुखाला कॉलेज में एचआईवी पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में शिकायत निवारण सेल एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस एवं एचआईवी रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता अनिल शर्मा, उपमुख्य विधिक सहायता रक्षा परामर्शदाता, जिला बिलासपुर तथा नरेश कुमार, सहायक विधिक सहायता रक्षा परामर्शदाता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भाजपा जनता को भ्रमित कर रही : हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर हीरापाल सिंह ने कहा कि भाजपा के पास जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दे खत्म हो चुके हैं। अब भाजपा नेता केवल जुमलों और पुराने विषयों जैसे गांधी, नेहरू, पटेल, अंबेडकर, पाकिस्तान और वंदे मातरम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भाजपा को वंदे मातरम की याद आ रही है, जबकि स्वतंत्रता संग्राम के समय उन्होंने इस गीत और उसे गाने वालों का विरोध किया था। आज जब देश को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कें, न्याय और विकास की आवश्यकता है, भाजपा इन वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। हीरापाल सिंह ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब धर्म और जाति के नाम पर नफरत फैलाने, नकली राष्ट्रवाद दिखाने और विभाजन पैदा करने तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को चाहिए कि वे मंदिर-मस्जिद की राजनीति छोड़कर राष्ट्र निर्माण और जनसेवा की दिशा में कार्य करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हर अच्छी बात का श्रेय खुद लेती है और हर असफलता के लिए गांधी-नेहरू परिवार को दोष देती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता खोने के डर से भाजपा इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है।

# आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज ऐतिहासिक निर्णय : धर्माणी

## बोले- सीएम आपदा प्रभावितों को कल मंडी में देंगे राहत राशि की पहली किस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज प्रदान करना प्रदेश सरकार का एक ऐतिहासिक और मानवीय दृष्टिकोण से लिया गया अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस प्रकार का निर्णय पहले कभी नहीं लिया गया, जो मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व को प्रदर्शित करता है।

उन्होंने कहा कि आगामी 10 नवंबर को मंडी में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आपदा प्रभावित परिवारों को पहली किस्त के रूप में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि वितरित करेंगे। इसके अतिरिक्त आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त मकानों सहित अन्य प्रकार से प्रभावित परिवारों को भी राहत पैकेज के तहत राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी में आयोजित हो रहे कार्यक्रम में जिला बिलासपुर के भी लगभग 600 आपदा प्रभावित लोगों को इस राहत पैकेज का सीधा लाभ मिलने जा रहा है। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद जनहित में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपदा प्रभावितों को दी जाने वाली राहत राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की है। सरकार ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कच्चे और पक्के मकानों के लिए 7 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपए निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान सामान की क्षति होने पर भी प्रभावित परिवारों को 70 हजार रुपए,जबकि गोशाला के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में 50 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त खेती योग्य भूमि या बागवानी भूमि के नुकसान पर प्रति बीघा 10 हजार रुपए और फसलों को हुए नुकसान के लिए भी प्रति बीघा चार हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पशुधन की क्षति की स्थिति जिसमें बकरी, भेड़, सूअर या मेमना आदि के नुकसान पर 9 हजार रुपए प्रति पशु, जबकि दुधारू पशु की क्षति होने पर प्रति पशु 55 हजार रुपए की दर से राहत राशि का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह पहल न केवल राहत प्रदान करने की दिशा में बल्कि मानवता और संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# बरठीं में डिवाइडर से टकराई कार, दो गंभीर रूप से घायल

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

**विकास** खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बरठीं में बने डिवाइडर व मुख्य सड़क के बीचों-बीच खड़े बिजली विभाग के खंभे बड़े हादसों का कारण बन रहे हैं। शनिवार को शिमला से बाबा बालक नाथ जा रही कार एचपी 14ई 0326 डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में दो लाग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोर की थी कि कार के दोनों एयरबैग खुल गए। इसी बीच सड़क के किनारे खड़े राजेश कुमार निवासी धरोटी और उनकी कार भी इसकी चपेट में आ गई। कार में सवार 55 वर्षीय बीना देवी को गंभीर चोटे आई हैं। दोनों को तुरंत सिविल अस्पताल बरठीं ले जाया गया, बीना देवी की गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया गया। गौरतलब रहे कि इस डिवाइडर की वजह से 3 माह पूर्व एक मौत हो चुकी है और रोजाना गाड़ियों का इन डिवाइडरों से टकराना आम बात हो गई है। इन डिवाइडरों को लेकर अभी एक माह पूर्व बरठीं के व्यापारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें उन्होंने सरकार से इन डिवाइडरों को हटाने का आग्रह और चेतावनी दोनों दी थी। उधर, दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही भी सड़क के बीचों बीच बिजली विभाग के खड़े खंभे हादसों का कारण बन रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों राज कुमार कौशल, संजीव कुमार, रिशु डोगरा, दिनेश कौशल, पंकज कुमार, अश्वनी कुमार, आशीष कुमार, मंजीत कुमार व राजेंद्र सहित बाजार के सभी व्यापारियों ने सड़क के बीच से बिजली विभाग के खंभे और इन डिवाइडरों को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डिवाइडरों और खंभों के कारण ही यहां आए दिन हादसे होते हैं।

**व्यापारियों ने विभाग से की डिवाइडरों को हटाने की मांग**

# झंडूता में आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प पदयात्रा का आगाज



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता में भाजपा ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार और संगठन सशक्तीकरण के लिए आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प ग्राम केंद्र पदयात्रा की शुरुआत की। बड़गांव ग्राम केंद्र के बूथ-1 और 2 से यह यात्रा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आरंभ हुई, जिसमें विधायक जीतराम कटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक कटवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर के समर्पित कार्यकर्ताओं पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में झंडूता क्षेत्र में पिछले 8 वर्षों में 27 सड़कों का नवीनीकरण, 9 पुलों का निर्माण और कुटबौंगड़ पेयजल योजना सहित कई विकास कार्य पूरे हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर पात्र व्यक्ति तक केंद्र की योजनाएं पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

**विधायक जीतराम कटवाल विशेष रूप से हुए शामिल**

## राष्ट्रीय खेल हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बिलासपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# भारत का हॉकी में स्वर्णिम इतिहास : प्रदीप कालिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी के सौ साल पूर्ण होने पर हॉकी बिलासपुर संघ द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लुहणू क्रिकेट मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए हॉकी प्रशिक्षक पुलकित शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में हॉकी के वरिष्ठ कोच एवं नेशनल अंपायर प्रदीप कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि हैंडबॉल कोच मनोज ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर हॉकी कोच प्रदीप कालिया ने कहा कि भारतीय खेलों में हॉकी खेल सभी खेलों का सिरमौर है। ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक को अपने नाम करने वाले इस खेल ने देश और विदेशों में कई कीर्तीमान और उपलब्धियों को हासिल किया है। प्रदीप कालिया ने कहा कि बिलासपुर और हिमाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस खेल को प्रमुखता से खेला जाता है। इस खेल की लोकप्रियता के कारण हिमाचल प्रदेश में एस्ट्रोटर्फ का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर की हॉकी की भी अपनी अलग दास्तान हैं। हिमाचल प्रदेश में हॉकी खेल के प्रचार और प्रसार में बिलासपुर के हॉकी प्रशिक्षकों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने सभी वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को इस खेल को बढ़ावा देने के लिए आभार प्रकट किया।

### खो-खो में सिरमौर ने बिलासपुर को हराया

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ द्वारा आयोजित 12वीं राज्यस्तरीय जूनियर खो-खो शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुखाला में शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव सतदेव शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त सचिव एवं हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के महासचिव एल आर वर्मा ने टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यातिथि को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का शुरुआती मैच लड़कों के वर्ग में सिरमौर व बिलासपुर की टीमों के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के मध्य हुए रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में सिरमौर की टीम विजयी रही। टाई रहे मैच में दोनों टीमों ने 18-18 अंक हासिल किए। मैच का निर्णय टाई ब्रेकर से किया गया, जिसमें सिरमौर की टीम ने 9 जबकि बिलासपुर की टीम 8 अंक हासिल कर 1 अंक से पराजित हो गई। इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आयोजकों को 21 हजार रुपए प्रदान किए।

# 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं यह राष्ट्र की आत्मा : चंदन कौंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी मंडी के निर्देशानुसार एनसीसी आर्मी विंग द्वारा वंदे मातरम विषय पर एक भव्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 15 कैडेट्स ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। सभी कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं उपस्थित अतिथियों ने एक साथ राष्ट्रीय गीत को गाया, जिससे देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बल मिला। कार्यक्रम के दौरान सीनियर अंडर ऑफिसर चंदन कौंडल ने सभी कैडेट्स का प्रतियोगिता की तैयारी और प्रस्तुति में मार्गदर्शन किया। उन्होंने वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ के अवसर पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान भी दिया।

अपने भाषण में उन्होंने बताया कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय आत्मा की धड़कन है। यह गीत भारतीयों के हृदय में देशभक्ति की भावना को उजागर करता है और हमें स्मरण कराता है कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा ही नहीं, बल्कि एक मां है, जिसके लिए हर भारतीय अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि वंदे मातरम अंग्रेजी शासन के दौरान भारतीयों में स्वराज की भावना जगाने वाला मंत्र माना जाता है।

## विद्यार्थियों को बताए मशरूम की खेती के वैज्ञानिक तरीके

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में करियर काउंसिलिंग एवं गाइडेंस सेल के तहत मशरूम उत्पादन पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. संजय ठाकुर और मुख्य वक्ता जगदीश वर्मा रहे। वहीं, विशेष कार्यशाला संचालन प्रो. बलबीर ने किया। मुख्य वक्ता जगदीश वर्मा, जो पराहु गांव के प्रगतिशील किसान हैं, ने विद्यार्थियों को मशरूम की खेती के वैज्ञानिक तरीकों, मौसम, देखभाल और बाजार संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र में अक्तूबर से मार्च का समय मशरूम उत्पादन के लिए उपयुक्त समय है और यह रोजगार का एक बेहतर माध्यम बन सकता है। वर्मा को मशरूम उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार मिल चुके हैं तथा केंद्र सरकार से 20 लाख रुपए की स्टार्टअप सहायता भी प्राप्त हुई है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों को इस ज्ञान को व्यावहारिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# नम्होल बाजार में समाजसेवियों के स्वच्छता अभियान को मिली सराहना

**अनंत ज्ञान, नम्होल**

नम्होल क्षेत्र के समाजसेवी व घ्याल पंचायत के उप प्रधान देश राज, जिया ठाकुर और कृष्णु ने नम्होल बाजार में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। तीनों समाजसेवियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर सड़क और गलियों की सफाई की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से भी बाजार को स्वच्छ रखने की अपील की। उपप्रधान देश राज ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियां दूर रहती हैं, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता भी सुधारता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति सप्ताह में कम से कम एक घंटे का समय अपने आसपास की सफाई के लिए निकाले। वहीं, जिया ठाकुर ने कहा कि जब तक आम जनता खुद आगे नहीं आएगी, तब तक स्वच्छ भारत अभियान सफल नहीं हो सकता। कृष्णु ने कहा कि नमहोल बाजार को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और यह तभी संभव है जब हम मिलकर काम करें। बाजार में सफाई अभियान के दौरान कई स्थानीय लोग भी उनसे जुड़ गए और इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसे समाजसेवी प्रयास न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा भी देते हैं।

# सच को सबके सामने लाना ही पत्रकारिता : कश्मीर सिंह



पंजगाई स्कूल में एनएसएस कैंप को संबोधित करते कश्मीर सिंह ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एनएसएस और पत्रकारिता दोनों समाज की नब्ज पहचानने और जनसेवा का कार्य करने वाले माध्यम हैं। यह बात पत्रकार कश्मीर सिंह ठाकुर ने रावमापा पंजगाईं में चल रहे एनएसएस विशेष आवासीय शिविर के सातवें और अंतिम दिवस पर स्वयंसेवकों को कही। इस दौरान उन्होंने समाज में पत्रकारिता की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए बतौर रिसोर्स पर्सन भाग लिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता कोई नई उपज नहीं है, बल्कि इसकी जड़े हमारी भारतीय सभ्यता से जुड़ी हैं। आधुनिक पत्रकारिता उसी परंपरा की निरंतरता है, जिसने समय के साथ अपने रूप और साधन बदले हैं, लेकिन उद्देश्य आज भी वही है सच को सामने लाना। उन्होंने कहा कि आज इस डिजिटल युग में सभी डिजिटल नागरिक है। यदि आप अपने आसपास की किसी समस्या या अच्छे कार्य की जानकारी साझा करते हैं, तो यह भी डिजिटल पत्रकारिता का हिस्सा है। आज हर व्यक्ति के हाथ में स्मार्टफोन है, ऐसे में ज़रूरी है कि हम सत्य की परख करें, अफवाहों से बचें और समाज में सही संदेश फैलाएं। स्मार्टफोन के युग में अफवाह नहीं, सच साझा करें ,नहीं तो किसी की जिंदगी भी तबाह हो सकती है।

वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि एनएसएस हमें समाज की नब्ज पढ़ना सिखाता है, जबकि पत्रकारिता हमें सच सामने लाने की शक्ति देती है। आप सभी सदैव सच्चाई के मार्ग पर चलते रहें। कार्यक्रम के अंत में पुरुष एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजीव कौशल और महिला एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजू संख्यान ने भी स्वयंसेवकों को जीवन मूल्यों और समाजसेवा के महत्व से अवगत कराया।

# एनएसयूआई ने वोट चोरी के खिलाफ बोला हल्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

देशभर में हो रही वोट चोरी और चुनावी अनियमितताओं के विरोध में एनएसयूआई ने विरोध दर्ज कराया। संगठन ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव आवश्यक हैं। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नितिन चड्ढा ने कहा कि लोकतंत्र जनता के विश्वास पर टिका है। यदि मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ियां होती हैं, तो यह लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती हैं। एनएसयूआई निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था और पारदर्शिता के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में हरियाणा में करीब 25 लाख फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि एक ही व्यक्ति की तस्वीर का उपयोग मतदाता सूची में कई बार किया गया है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान निर्वाचन आयोग से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और देश के युवाओं से लोकतंत्र की रक्षा के लिए जागरूक रहने की अपील की। एनएसयूआई ने प्रशासन और निर्वाचन आयोग से यह मांग की है कि आगामी चुनावों में मतदाता सूची की पूरी जांच कराई जाए तथा फर्जी नामों को हटाकर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जाए।

## पी-3-वाई एक सरल व प्रभावशाली साधना पद्धतिः पुष्पिंद्रा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मानव जीवन में सुख, शांति और स्वास्थ्य लाने वाली विद्या पी-3-वाई (परमजी-पप्र-परमयोग) का निशुल्क शिविर घुमारवीं स्थित होटल एम-4-यू में आयोजित किया गया। इस शिविर में घुमारवीं और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य प्रवक्ता पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि परमजी द्वारा प्रदत्त यह महान विद्या व्यक्ति को मानसिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति और निरोग जीवन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति तनाव, अनिद्रा और अवसाद जैसे मानसिक रोगों से मुक्ति पा सकता है। पारिवारिक समस्याओं का समाधान, व्यवसाय में उन्नति और अध्ययन में एकाग्रता जैसे लाभ भी इस साधना से प्राप्त होते हैं। महाजन ने बताया कि पी-3-वाई का अर्थ है परमजी-पप्र-परमयोग यह एक सरल, किंतु प्रभावशाली साधना पद्धति है जिसमें ध्यान, प्रार्थना और श्वास-नियंत्रण की विशेष विधियां शामिल हैं। इस विद्या के अभ्यास से मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित होता है। उन्होंने बताया कि इस साधना का उद्देश्य केवल भौतिक लाभ नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और परम शांति की प्राप्ति है। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को इसके व्यवहारिक अभ्यास भी कराए गए। शिविर पूर्णतः निशुल्क था और इसे सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनाया।

## जेजवीं स्कूल में मनाया गया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, झंडूता ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व महासचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी विवेक कुमार मुख्यातिथि रहे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे योग, देशभक्ति गीत, गिद्धा और नृत्य से समां बांधा। प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा व गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने पुरस्कार प्राप्त छात्रों को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को अगली बार बेहतर प्रदर्शन का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहकर मेहनत व अनुशासन से आगे बढ़ने की सीख दी। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**धार्मिक** | अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज की ज्योति कलश रथ जिला में शिव मंदिर पनियाला पहुंची

# श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से किए कलश एवं अखंड ज्योति के दर्शन

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ज्योति कलश रथयात्रा बिलासपुर जिले में चौथे दिन शनिवार को शिव मंदिर पनियाला पहुंची। जहां पर स्थानीय लोगों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से कलश एवं अखंड ज्योति का दर्शन एवं पूजन किया।

इसके पश्चात यात्रा गायत्री मंदिर परनाल के लिए रवाना हुई, जहां पर यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत एवं पूजन किया गया। गायत्री मंदिर परनाल में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। परनाल के पश्चात यात्रा गायत्री चेतना केंद्र घुमारवीं पहुंची, जहां उपस्थित घुमारवीं नगर के श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश रथयात्रा का स्वागत बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ किया गया। गायत्री चेतना केंद्र घुमारवीं पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए विद्वान मंगतराम शर्मा द्वारा प्रवचन किया गया। उन्होंने कहा कि हम दीप यज्ञ इसलिए करते हैं, ताकि यह प्रेरणा दी जा सके कि हम अपने जीवन में दीपक की तरह ऊपर उठें। उन्होंने कहा कि दीपक हमें यह संदेश देते हैं कि अपनी अच्छाई के साथ चमकते हुए समाज में अपना श्रेष्ठ स्थान बनाएं।

गायत्री परिवार के जिला संयोजक परिवेश शर्मा ने बताया कि यह यात्रा 9 नवंबर को संतोषी माता मंदिर हारकुकार पहुंचेगी, जहां पर यात्रा का स्वागत स्थानीय गांव वासियों द्वारा किया जाएगा।

### अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन : पंकज शर्मा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। इंसान में चाहे कितने ही अच्छे गुण क्यों न हों, लेकिन अहंकार की परछाई उन्हें ढक देती है। मनुष्य दुनिया में खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही जाता है। उसे चाहिए कि वह अहंकार या मोहमाया में फंसने के बजाए खुद को प्रभु चरणों में समर्पित करके अधिक से अधिक परोपकार करे। निस्वार्थ भाव से किए गए सेवा कार्यों के लिए मनुष्य को हमेशा याद रखा जाता है। यह उद्गार कथा व्यास पंडित पंकज शर्मा ने दनोह-कुनाला स्थित गोपाल मंदिर में शनिवार को प्रवचन करते हुए प्रकट किए। धार्मिक कार्यक्रम के तहत रविवार को अंतिम दिन जनसहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### सत्संग सुनने से संस्कारी बनेंगे बच्चे : प्रमोद पुंज

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। कृष्ण जन्मोत्सव की सुंदर झांकी दौरान कथा पंडाल में प्रसिद्ध भजन 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' पर सभी श्रोताओं इस खुशी मौके पर काफी देर तक झूमते व नाचते हुए नजर आए। आचार्य प्रमोद पुंज ने कहा भागवत पुराण के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मध्य रात्रि में हुआ था। जन्म लेते ही जेल के बंधन टूट गए और वासुदेव बालक कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल ले गए, जहां उनका पालन-पोषण यशोदा और नंद बाबा ने किया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म,अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया अन्य प्रसंग में ध्रुव और प्रहलाद की कथाओं का विस्तार पूर्वक श्रोताओं को वाख्यान सुनाया। कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार पृथ्वी पर हुआ है।अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु हरि विष्णु भगवान का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरु की बातों को मानना चाहिए। जिन बच्चों के ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है, धार्मिक कथाएं सत्संग व कीर्तन सुनने से बच्चों में अच्छे संस्कार की उत्पत्ति स्वाभाविक है।

# रास्ता भटकने से भरमौर के जंगल में पहुंच गया विदेशी पैराग्लाइडर



**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**विधानसभा** क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत राडी में दो दिन पहले भी तीन रहस्यमयी पैराग्लाइडरों को बकल वार्ड के ऊपर उड़ते हुए देखा गया था। जिसमें से एक पैराग्लाइडर शुक्रवार शाम तकरीबन 5:30 बजे प्रीणा पंचायत के ठीक ऊपर घारोटी नामक स्थान पर लैंड हुआ। एंड्रे नामक यह व्यक्ति रूस का बताया जा रहा है जिसने बीर ट्ठबिलिंग जो कांगड़ा में स्थित है जिसे भारत में पैराग्लाइडिंग की राजधानी भी माना जाता है। जो धौलाधार पर्वत श्रृंखला पर स्थित है जिसने वहां से उड़ान भरी हवा का रुख तेज होने के कारण यह शख्स रास्ता भटक गया वह कई घंटों तक यह शख्स हवा में ही घूमता रहा। शुक्रवार शाम जब हवा नॉर्मल हुई तो इस शख्स ने घारोटी नामक स्थान पर एक सुरक्षित स्थान पर लैंड किया। जिसे वहां के स्थानीय लोगों ने देख लिया वह भाग कर वहां उस शख्स के पास पहुंच गए तथा अपने साथ घर ले जाने की बात कही, लेकिन एंड्रे ने घर जाने से मना कर दिया वह वहीं रहने की बात कही एंड्रे ने वहीं बनी कुटिया नुमी स्थान पर रात बिताई जो अपने साथ खाने-पीने की जरूरी वस्तुएं भी साथ लाया था। अगले दिन सुबह ही बहुत से स्थानीय लोग उस शख्स के पास उसका हाल जानने के लिए पहुंच गए। जिस पर एंड्रे ने मुस्कुराते हुए स्थानीय लोगों से कहा कि मैं सुरक्षित हूं वह स्वस्थ हूं, वह बहुत जल्दी पैराग्लाइडिंग के माध्यम से बीरट्ठ बिलिंग के लिए उड़ान भरूंगा।

# सलूणी कॉलेज का मैदान किया जाए समतल और बनाई जाए क्रिकेट पिच

## पीटीए अध्यक्ष दिनेश राणा ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस संदर्भ में पीटीए अध्यक्ष दिनेश राणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक भवन के पीछे स्थित मैदान को समतल करने और वहां क्रिकेट पिच के निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। वर्तमान में यह मैदान ऊबड़-खाबड़ और पत्थरों से भरा हुआ है, जिससे छात्र खेलकूद गतिविधियों से वंचित हैं। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार मदन ठाकुर, उपप्रधान अमर सिंह और ध्यान सिंह ने भी इस मांग को



पीटीए अध्यक्ष दिनेश राणा उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

जोरदार तरीके से उठाया और कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि

**खेल गतिविधियों व स्पर्धाओं में भागीदारी को लेकर जरूरत जताई**

यदि मैदान को समतल कर पिच तैयार की जाती है, तो यह कॉलेज के खेल कार्यक्रमों में नई ऊर्जा का संचार करेगी और छात्र जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सक्षम बनेंगे। पीटीए पदाधिकारियों ने प्रशासन को यह भी आश्वासन दिया कि कॉलेज परिवार और विद्यार्थी इस कार्य में हरसंभव सहयोग और श्रमदान के लिए तैयार हैं। उपायुक्त चंबा से इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताते हुए पीटीए ने कहा कि यह परियोजना सलूणी कॉलेज में खेल संस्कृति को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

# महिला उत्पीड़न व जनता की लूट पर सरकार मौन: माकपा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारत** की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी चंबा की बैठक शनिवार को चंबा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुदेश ठाकुर ने की, जबकि बैठक में पार्टी के राज्य प्रभारी प्रेम गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेम गौतम ने कहा कि देश आज गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, वहीं केंद्र सरकार लगातार सार्वजनिक संपत्तियों को पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव कॉर्पोरेट घरानों के हित में हैं, और इसका पार्टी कड़ा विरोध करती है।

प्रेम गौतम ने आगे कहा कि किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी न देना सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। पार्टी ने घोषणा की कि 26 नवंबर को देशभर में विरोध कार्यवाहियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें जनता से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है। बैठक में जिला सचिव नरेंद्र ने कहा कि हाल ही में आई आपदा से चंबा जिले में भारी नुकसान हुआ है—कई लोग बेघर और भूमिहीन हो गए हैं। उन्होंने मांग की कि प्रभावित परिवारों को घर के बदले घर, जमीन के बदले जमीन दी जाए।

नरेंद्र ने चुराह विधायक हंसराज पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा का इस मामले पर चुप रहना उसके दोहरे चाल, चरित्र और चेहरों को उजागर करता है। पार्टी ने इस मामले की निष्पक्ष जांच, विधायक की तुरंत गिरफ्तारी, तथा विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की है। सीपीएम ने कहा कि यदि विधायक में ज़रा भी नैतिकता शेष है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

# भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे, चंबा में भव्य जश्न

## जूनियर व सीनियर वर्ग में हुए रोमांचक मुकाबले, वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला हॉकी एसोसिएशन चंबा द्वारा ऐतिहासिक चंबा चौगान-1 में भव्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला हॉकी एसोसिएशन कमल ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर जूनियर ब्वॉयज, जूनियर गर्ल्स और सीनियर ब्वॉयजवर्ग में रोमांचक हॉकी मुकाबले आयोजित किए गए। पहला मैच सरोल बनाम ब्वॉयज स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें ब्वॉयज स्कूल विजेता रहा। दूसरे मैच में सिढकुंड बनाम गर्ल्स स्कूल चंबा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें गर्ल्स स्कूल चंबा ने जीत दर्ज की। वहीं तीसरे मैच में सीएससी बनाम हॉकी ब्लास्टर के बीच मुकाबले में हॉकी ब्लास्टर


भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला हॉकी एसोसिएशन चंबा जिलास्तरीय समारोह के दौरान उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को सम्मानित करते हुए।

विजेता रही। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।इस अवसर पर जिला हॉकी एसोसिएशन की ओर से चंबा के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों हरिराम पुरी, कमल चौणा, टेक सिंह जसरोटिया और निर्मल सिंह को सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में सुदर्शन ठाकुर (एनएफसीएसआई) ने प्रायोजक के रूप में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला हॉकी महासचिव मुकेश बेदी, राज्य हॉकी संघ के संयुक्त सचिव मनुज शर्मा, डीएसओ रूपेश कुमार, जयराम, राजेंद्र मेहरा, विकास जमदग्नि, बोधराज, साहिल, अक्षय कुमार, पंकज पुरी और राजेश कुमार सहित कई खेलप्रेमियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। हॉकी के गौरवशाली 100 वर्षों के इस अवसर पर चौगान मैदान में खेल भावना और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### ग्राम पंचायत सेचू में धूमधाम से मनाया जनजातीय गौरव दिवस

# भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत: सीता राम

**अनंत ज्ञान, पांगी**

उपमंडल पांगी में चल रहे 15 दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत सेचू में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार पांगी सीता राम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष किया, जिसे सदैव याद किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जन-जागरूकता प्रदर्शनी इकाइयां लगाई गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की और परामर्श दिए। वहीं, कृषि एवं उद्यान विभागों की ओर से किसानों को कृषि उपकरण वितरित किए गए तथा आधुनिक खेती तकनीक और योजनाओं की जानकारी दी गई। अन्य विभागों ने भी सरकार द्वारा



चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में एआरओ आईटीडीपी पांगी रोहित प्रधान, प्रधान ग्राम पंचायत सेचू सुरेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक हंसराज और युवती का विवाद गहराया

# महिला थाने में दर्ज शिकायत के बाद पुलिस हर पहलू को खंगालने में जुटी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुराह के विधायक डॉ. हंसराज और युवती से जुड़ा विवाद अब बड़े मोड़ पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ते आरोपों और नए खुलासों के बीच पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। एडिशनल एसपी चंबा हितेश लखनपाल ने बताया कि शिकायतों और बयान के आधार पर मामले की गहन जांच जारी है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने विधायक के खिलाफ बीएनएस व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पूरी घटना की तहकीकात तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इससे पहले युवती के पिता की शिकायत पर विधायक के निजी सचिव व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ अपहरण, धमकाने और जबरन बयान बदलवाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। अब युवती ने भी विधायक और उनके कुछ समर्थकों पर शारीरिक और मानसिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का बयान दर्ज कर लिया गया है और मैडीकल परीक्षण की प्रक्रिया भी चल रही है। पुलिस ने कहा कि साक्ष्यों और बयान के आधार पर आने वाले दिनों में आगे की कार्रवाई तय होगी।

वहीं, इस पूरे प्रकरण को लेकर महिला आयोग ने भी रिपोर्ट तलब की है, जबकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुराह और एबीवीपी ने ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय राजनीतिक हलकों से लेकर सोशल मीडिया तक यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। युवती और विधायक दोनों के लाइव वीडियो आने के बाद इस प्रकरण ने और तूल पकड़ लिया है।

एएसपी हितेश लखनपाल ने कहा, फिलहाल जांच जारी है, और समय ही बताएगा कि यह मामला आगे क्या मोड़ लेता है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाज़ी होगी। अब सबकी निगाहें पुलिस जांच और आने वाले दिनों की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# रंग उत्सव में सजी संस्कृति की रंगीन छटा

## 11 जिलों के 400 प्रतिभागियों ने किया मनमोहक प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में आयोजित कला उत्सव रंग उत्सव 2025 में हिमाचल की लोकसंस्कृति, नृत्य, संगीत और चित्रकला की शानदार झलक देखने को मिली। प्रदेश के 11 जिलों से आए लगभग 400 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री ललिता वकील ने दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सांस्कृतिक विविधता हमारी पहचान है, और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत, नाट्य प्रस्तुति, पेंटिंग और पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शन से समां बांध दिया। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट किए। रंग उत्सव 2025 ने न केवल कला के रंग बिखेरे बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक एकता और परंपराओं को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

# तडोली में सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से पीडब्ल्यूडी कर्मी की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** तडोली में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेश कुमार (57 वर्ष), निवासी ग्राम , डाकघर सरू के रूप में हुई है। सुरेश कुमार विभाग में बतौर बेलदार कार्यरत थे और हादसे के समय सड़क पार कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, यह हादसा शाम करीब साढ़े छह बजे से छह बजकर पैंतालीस मिनट के बीच हुआ, जब एक तेज़ रफ़्तार मोटरसाइकिल (नंबर एचपी-47ए-1426) ने सड़क पार कर रहे सुरेश कुमार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सहकर्मियों और स्थानीय लोगों ने सुरेश कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

मैं सुरेश कुमार पुत्र श्री मांगे राम निवासी गांव क्यारदा, डाकघर मिश्रवाला, तहसील पांटा साहिब, जिला सिरमौर हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा नीरज कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपने बेटे नीरज कुमार को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**सहारा**

### जोगिंद्रनगर में स्वर्ण जयंती आश्रय योजना से पक्के घर का सपना हुआ साकार

# 14 परिवारों ने 21 लाख से बनाए आशियाने

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही स्वर्ण जयंती आश्रय योजना ने जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में नई उम्मीद जगाई है। इस योजना के तहत अब तक 14 परिवारों ने अपने मकान निर्माण का सपना पूरा किया है, जिन पर लगभग 21 लाख रुपए की राशि व्यय की गई है। सरकार की ओर से इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र परिवार को गृह निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना से कमजोर वर्गों को न केवल पक्के घर का लाभ मिला है बल्कि उनके जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

जलपेहड़ निवासी लाभार्थी नीटू ने कहा कि पहले हमारा मकान कच्चा था। इसकी छत टपकती थी और बारिश के समय पानी घर के अंदर आ जाता था। सरकार की इस मदद के कारण अब हमारा सपना पूरा हुआ है और हम अपने पक्के घर में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं आरठी निवासी चेहर सिंह ने बताया कि स्वर्ण जयंती आश्रय योजना हमारे जैसे परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है। सरकार से मिली आर्थिक सहायता से ही हम पक्का मकान बनाने में सक्षम हुए हैं। इसके लिए हम प्रदेश सरकार के आभारी हैं।



### योजना के तहत इन्हें मिलती है सहायता

**स्वर्ण** जयंती आश्रय योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित परिवारों के ऐसे सदस्य, जिनकी वार्षिक आय सभी साधनों से 50 हजार रुपये से अधिक न हो, जिनके नाम राजस्व रिकॉर्ड में मकान निर्माण हेतु कम से कम 2 बिस्वा भूमि उपलब्ध हो, मकान कच्चा हो, जिन्होंने पहले सरकार की किसी अन्य योजना के तहत मकान निर्माण हेतु सहायता प्राप्त न की हो और जिनके पास स्वयं का पक्का मकान न हो, उन्हें सरकार द्वारा मकान निर्माण के लिए दो किस्तों में कुल 1.50 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

### पात्रों को दो किस्तों में दी जा रही डेढ़ लाख राशि: चंदन वीर सिंह

**तहसील** कल्याण अधिकारी, जोगिंद्रनगर चंदन वीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत कुल 14 परिवारों को लाभान्वित कर लगभग 21 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत हर पात्र व्यक्ति को पक्के मकान का अधिकार देने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए पात्र लाभार्थियों को दो किस्तों में डेढ़ लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जा रही है।

# छोटा भंगाल व चौहार घाटी विकास से वंचित

**अनंत ज्ञान, बरोट।** आजतक सत्ता में रहने वाली किसी भी प्रदेश सरकार ने दुर्गम छोटाभंगाल और चौहार घाटी के समग्र विकास में गंभीर रुचि नहीं दिखाई है, जिससे घाटीवासियों में निराशा व्याप्त है। आजादी के आठ दशक बाद भी अधिकांश गांव सड़क सुविधा से वंचित हैं, और जहां सड़कें हैं, वे भी कच्ची व जर्जर स्थिति में हैं। कई प्राथमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की हालत भी दयनीय है। छोटाभंगाल घाटी के शिक्षित समाजसेवी धर्मचंद ठाकुर ने बताया कि बरोट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न तो अल्ट्रासाउंड और न ही एक्स-रे मशीन उपलब्ध है। वहीं, राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में प्राचार्य और प्रवक्ताओं के पद पिछले दो वर्षों से खाली हैं, जिसके चलते विद्यार्थियों की संख्या घटकर पचास रह गई थी। समाजसेवियों और अभिभावकों ने सहयोग देकर लगभग सौ विद्यार्थियों का नया प्रवेश कराया, परंतु सरकार द्वारा आश्वासन के बावजूद अब तक पद नहीं भरे गए हैं।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-एवं-तहसीलदार, तहसील बल्ह, जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश**

| मिसल नम्बर | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 44/2025 | 13-10-2025 | 21-11-2025 |

**मुरारी लाल** पुत्र श्री कृष्ण चन्द पुत्र श्री मंगत राम, निवासी गांव/मुहाल गोडा-गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)। ---प्रार्थी

---बनाम---

**आम जनता** प्रत्यार्थी

राजस्व अभिलेख व शजरा नस्ब में जाति की दरुस्ती करवाने बारे ईश्तहार समाचार पत्र व मुश्त्री मुन्यादी।

यह कि दावा आवेदक मुरारी लाल पुत्र श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मंगत राम, निवासी गांव/मुहाल गोडा-गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र द्वारा आवेदन किया है कि आवेदक की जाति मुहाल गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख में जमाबन्दी व शजरा नस्ब साल 1952-1953 कोली बसेडु दर्ज है। जबकि प्रार्थी की जाति बन्दोबस्त के समय साल 1962-65 में मुहाल गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख व शजरा नस्ब में कोली उपजाति काश्व दर्ज की गई। इसलिए आवेदक जमाबन्दी शजरा नस्ब साल 1952-1953 के आधार पर राजस्व अभिलेख में अपनी जाति कोली व कोली काश्व के स्थान पर कोली बसेडु दर्ज करवाना चाहता है।

उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में आम जनता को इस ईश्तहार समाचार पत्र व मुश्त्री मुन्यादी के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि अगर किसी व्यक्ति विशेष को उक्त गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख में आवेदक की जाति कोली व कोली काश्व के स्थान पर कोली बसेडु दर्ज किये जाने बारा कोई उजर/एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर/एतराज इस न्यायालय में दिनांक 21-11-2025 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर एतराज न आने की सूरत में आम जनता के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22-10-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया ।

**सहायक समाहर्ता प्रथमश्रेणी, तहसील बल्ह स्थित नेरचौक जिला मण्डी हि.प्र**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-एवं-तहसीलदार, तहसील बल्ह, जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश**

| मिसल नम्बर | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 45/2025 | 13-10-2025 | 21-11-2025 |

**राजेन्द्र पाल** पुत्र श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मंगत राम, निवासी गांव/मुहाल गोडा-गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)। ----प्रार्थी

---बनाम---

**आम जनता** प्रत्यार्थी

राजस्व अभिलेख व शजरा नस्ब में जाति की दरुस्ती करवाने बारे ईश्तहार समाचार पत्र व मुश्त्री मुन्यादी।

यह कि दावा आवेदक राजेन्द्र पाल पुत्र श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मंगत राम, निवासी गांव/मुहाल गोडा-गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र द्वारा आवेदन किया है कि आवेदक की जाति मुहाल गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख में जमाबन्दी व शजरा नस्ब साल 1952-1953 कोली बसेडु दर्ज है। जबकि प्रार्थी की जाति बन्दोबस्त के समय साल 1962-65 में मुहाल गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख व शजरा नस्ब में कोली उपजाति काश्व दर्ज की गई। इसलिये आवेदक जमाबन्दी शजरा नस्ब साल 1952-1953 के आधार पर राजस्व अभिलेख में अपनी जाति कोली व कोली काश्व के स्थान पर कोली बसेडु दर्ज करवाना चाहता है।

उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में आम जनता को इस ईश्तहार समाचार पत्र व मुश्त्री मुन्यादी के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि अगर किसी व्यक्ति विशेष को उक्त गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख में आवेदक की जाति कोली व कोली काश्व के स्थान पर कोली बसेडु दर्ज किये जाने बारा कोई उजर एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर/एतराज इस न्यायालय में दिनांक 21-11-2025 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर/एतराज न आने की सूरत में आम जनता के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 22-10-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता प्रथमश्रेणी, तहसील बल्ह स्थित नेरचौक जिला मण्डी हि.प्र**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-एवं-तहसीलदार, तहसील बल्ह, जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश**

| मिसल नम्बर | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 46/2025 | 13-10-2025 | 21-11-2025 |

**संजय कुमार** पुत्र श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मंगत राम, निवासी गांव/मुहाल गोडा-गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)। -----प्रार्थी

---बनाम---

**आम जनता** प्रत्यार्थी

राजस्व अभिलेख व शजरा नस्ब में जाति की दरुस्ती करवाने बारे ईश्तहार समाचार पत्र व मुश्त्री मुन्यादी ।

यह कि दावा आवेदक संजय कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मंगत राम, निवासी गांव/मुहाल गोडा-गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र द्वारा आवेदन किया है कि आवेदक की जाति मुहाल गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख में जमाबन्दी व शजरा नस्ब साल 1952-1953 कोली बसेडु दर्ज है। जबकि प्रार्थी की जाति बन्दोबस्त के समय साल 1962-65 में मुहाल गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख व शजरा नस्ब में कोली उपजाति काश्व दर्ज की गई। इसलिये आवेदक जमाबन्दी शजरा नस्ब साल 1952-1953 के आधार पर राजस्व अभिलेख में अपनी जाति कोली व कोली काश्व के स्थान पर कोली बसेडु दर्ज करवाना चाहता है।

उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में आम जनता को इस ईश्तहार समाचार पत्र व मुश्त्री मुन्यादी के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि अगर किसी व्यक्ति विशेष को उक्त गोडा-गागल के राजस्व अभिलेख में आवेदक की जाति कोली व कोली काश्व के स्थान पर कोली बसेडु दर्ज किये जाने बारा कोई उजर/एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर/एतराज इस न्यायालय में दिनांक 21-11-2025 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर/एतराज न आने की सूरत में आम जनता के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22-10-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता प्रथमश्रेणी, तहसील बल्ह स्थित नेरचौक जिला मण्डी हि.प्र**

उन्हें सफलता से मारो और मुस्कुराहट से दफना दो।
–अर्नोल्ड श्वार्जनेगर

## संपादकीय

## सार्थक विकास की पहल

हिमाचल सरकार ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) रूल्स-2014 में संशोधन कर भवन निर्माण नियमों में जो छूट दी है वह वास्तव में आम जनता के लिए राहतभरी खबर है। लंबे समय से प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भवन निर्माण की जटिल प्रक्रियाओं, अनुमति संबंधी दिक्कतों और तकनीकी औपचारिकताओं से जूझते रहे हैं। अब सरकार ने इन सभी जटिलताओं को सरल बनाते हुए एक ऐसा रास्ता खोला है, जिससे न केवल आम लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि प्रदेश में योजनाबद्ध और सुरक्षित निर्माण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। राजपत्र में संशोधन का मसौदा प्रकाशित हो चुका है और 30 दिन के भीतर जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे जनता सीधे तौर पर नीति निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। यदि इस अवधि में ज्यादा आपत्तियां नहीं आतीं, तो यह संकेत होगा कि सरकार के फैसले को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। सबसे अहम बात यह है कि इन संशोधनों के तहत अब सेटबैक, फ्लोर एरिया रेशो, पार्किंग और भवनों की ऊंचाई जैसे तकनीकी बिंदुओं में छूट दी जा रही है। पहले जहां छोटी सी गलती या तकनीकी बाधा के चलते भवन नक्शा पास नहीं होता था, वहीं अब यह प्रक्रिया सहज बनेगी। उदाहरण के लिए-पहले रिहायशी भवनों में फ्लोर एरिया की सीमा और सेटबैक इतनी कठोर थी कि लोग अपने सीमित भूखंड पर समुचित घर नहीं बना पाते थे। अब इस छूट के बाद न केवल आवासीय भवन, बल्कि व्यावसायिक परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, मल्टीलेवल पार्किंग और सिनेप्लेक्स तक के निर्माण को नया आयाम मिलेगा।

फ्लोर एरिया रेशो में राहत का अर्थ है कि अब सीमित भूखंड पर ऊंचाई के हिसाब से अधिक निर्माण संभव होगा। सरकार ने वर्टिकल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है, जिससे भूमि का बेहतर उपयोग होगा और शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित फैलाव पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा। होटल और कमर्शियल बिल्डिंग की अधिकतम ऊंचाई अब 21 मीटर और मल्टीलेवल पार्किंग की 25 मीटर तक रखी गई है। यह प्रावधान विकास की दृष्टि से तो अनुकूल है, लेकिन पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए इसमें संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी होगा। मानसून के दौरान जब मिट्टी ढीली पड़ती है और जमीन धंसने लगती है, तब ऊंची इमारतें खतरे में पड़ जाती हैं। अत: यह जरूरी है कि तकनीकी मजबूती और भू-स्खलन की संभावनाओं का वैज्ञानिक मूल्यांकन हर निर्माण स्थल पर किया जाए। राज्य में हर साल मानसूनी आपदाएं बड़ी संख्या में जान-माल का नुकसान करती हैं।

पिछले वर्षों में भी कई बड़ी इमारतें और होटल नदी किनारों या ढलानों पर ध्वस्त हुए हैं। इसलिए इस बार सरकार ने नदी-नालों से भवन निर्माण की न्यूनतम दूरी 100 मीटर तय की है। यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी है, क्योंकि इससे न केवल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि नदियों और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा भी होगी। अब राजस्व विभाग यह निर्धारित करेगा कि किसी भी प्रस्तावित निर्माण स्थल से नदी या नाले की दूरी कितनी है।


एक और सराहनीय निर्णय यह है कि सर्विस कनेक्शन के लिए कंप्लीशन सर्टिफिकेट की अनिवार्यता समाप्त की जा रही है। पहले यह नियम आम लोगों के लिए सिरदर्द बन चुका था, क्योंकि अधिकांश भवनों में छोटे-छोटे तकनीकी कारणों से कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिल पाता था और लोग बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। इस प्रावधान को हटाकर सरकार ने जनसुविधा को प्राथमिकता दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी भवन निर्माण के नियम सरल किए गए हैं। पुश्तों से रह रहे लोगों को अब अपने घर के नक्शे की सत्यापन प्रक्रिया में कोई कठिनाई नहीं होगी। पंचायत स्तर पर तकनीकी सहायक नक्शे को प्रमाणित करेगा और ग्रामसभा भवन निर्माण की स्वीकृति देगी। यह व्यवस्था ग्रामीण स्वशासन को सशक्त करेगी और स्थानीय भागीदारी को बढ़ाएगी। सरकार का यह संशोधन न केवल लोगों को राहत देगा, बल्कि विकास की दिशा में एक सकारात्मक संकेत भी है। बशर्ते कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रथम दलित राष्ट्रपति

**कोच्चेरील** रामन नारायणन, जो केआर नारायणन के नाम से मशहूर हुए, का जन्म 27 अक्तूबर 1920 को केरल के कोट्टायम जिले के उझावूर गांव में एक साधारण परिवार में हुआ था। गरीबी के बावजूद उनके पिता



केआर नारायणन
जन्म : 27 अक्तूबर,1920
मृत्यु : 9 नवंबर, 2005

कोच्चेरिल रामन वेद्यार शिक्षा के महत्व को समझते थे। प्रारंभिक और उच्च शिक्षा कठिन परिस्थितियों में प्राप्त करने के बाद वे लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से राजनीति विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स) की डिग्री लेकर लौटे और पंडित नेहरू की सिफारिश पर भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए।

राजनयिक के रूप में उन्होंने चीन, तुर्की, थाईलैंड और अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में सेवा दी। 1980 में अमेरिका में भारत के राजदूत रहते हुए उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को सुदृढ़ किया। इंदिरा गांधी के आग्रह पर राजनीति में आने के बाद वे 1984, 1989 और 1991 में ओट्टापलम (केरल) से लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए। उन्होंने योजना, विदेश और विज्ञान-प्रौद्योगिकी मंत्रालयों में मंत्री के रूप में कार्य किया। 1992 में वे सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति बने और 1997 में भारत के दसवें तथा पहले दलित राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान करते हुए विवेकपूर्ण निर्णय लिए। उन्होंने त्रिशंकु संसद की स्थिति में प्रधानमंत्री नियुक्ति की परंपरा को नया रूप दिया और राष्ट्रपति पद की शक्तियों के जिम्मेदार उपयोग का उदाहरण प्रस्तुत किया। वे पहले राष्ट्रपति थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में मतदान किया और राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा दो बार विचारार्थ लौटाई। श्री नारायणन सादगी, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति होने के बावजूद कभी-कभी मैंने स्वयं को असहाय पाया, शक्ति और असहायता का यह मिश्रण दुखद है। 9 नवंबर 2005 को उनका निधन नई दिल्ली में हुआ। ■



कविता

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

### विद्यालय स्मृति चिन्ह

डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़, जिला कांगड़ा

**दहलीज** लांघी जब विद्यालय की
तो याद आया जा चुके वक्त में
बच्चों का हंसना-मुस्कुराना, एक दूसरे से लड़ना
और फिर गले से लग जाना।
अध्यापक की जरा सी डांट पर बच्चों का रूठ जाना
पहले नम आंखें कर फिर अश्रु बहाना।
अध्यापक का जरा सा देखकर मुस्कुराना,
फिर अपनी ममता की छाया में लेकर
मां की तरह चुप करवाना, मगर जब वक्त ने अपनी
दहलीज लगी तो अध्यापक ने कहा,
'सामने जो बैठे थे कल मेरे वो बच्चे कहां?'
विद्यालय के बाहर खड़े बच्चों ने कहा,
'डांटकर भी जीवन का सही राह दिखाते
मेरे वो अध्यापक कहा?'

# भारतीय राजनीति में चापलूसी और धनबल का बढ़ता प्रभाव

भारत में राजनीति को हमेशा जनसेवा, विचारधारा और आदर्शों का माध्यम माना गया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राजनीति का अर्थ था—राष्ट्र के लिए त्याग, समाज के लिए सेवा और सिद्धांतों के लिए संघर्ष। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, डॉ. भीमराव अंबेडकर, राममनोहर लोहिया और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को नैतिकता और जनहित से जोड़ा।



बीआर नड्डा
स्वतंत्र लेखक
गांव व डाकघर गेहड़वीं, जिला बिलासपुर, मो. 9817302201

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उनके लिए सत्ता कोई लक्ष्य नहीं थी, बल्कि समाज परिवर्तन का साधन थी, परंतु आज जब हम भारतीय राजनीति की वर्तमान स्थिति पर नजर डालते हैं, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या राजनीति अब केवल चापलूसी और पैसों की ताकत तक सीमित होकर रह गई है? कभी राजनीतिक दलों की पहचान उनकी विचारधारा और संघर्ष से होती थी। कांग्रेस लोकतंत्र और समाजवाद की विचारधारा पर आधारित थी, वहीं जनसंघ और बाद में भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अपना आधार बनाया। समाजवादी आंदोलन सामाजिक न्याय और समानता के लिए जाना जाता था, लेकिन आज इन विचारधाराओं की चमक फीकी पड़ गई है। राजनीतिक दलों में व्यक्ति पूजा, अवसरवाद और गुटबाज़ी का बोलबाला है। जो कार्यकर्ता 'हां में हां' मिलाता है, वही सम्मानित होता है, जबकि जो व्यक्ति नीति या नेतृत्व पर प्रश्न उठाता है, उसे विद्रोही मान लिया जाता है। परिणामस्वरूप बहस और वैचारिक मंथन की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। पहले दलों में मतभेद होते हुए भी संवाद की गुंजाइश बनी रहती थी। असहमति को लोकतांत्रिक अधिकार माना जाता था। अब असहमति को निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह के रूप में देखा जाता है। इससे राजनीति का बौद्धिक और नैतिक स्तर गिरता जा रहा है। लोकतंत्र की आत्मा—विचारों की विविधता धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। राजनीति में धनबल का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है।

पहले यह प्रभाव सीमित था, पर अब हर स्तर पर पैसों की भूमिका निर्णायक हो गई है। चुनावी टिकटों के वितरण से लेकर आंतरिक संगठनात्मक पदों तक, धनवान और प्रभावशाली लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। गरीब और मध्यमवर्गीय कार्यकर्ता, जो वर्षों से जनता के बीच काम करते हैं, उन्हें हाशिए पर धकेल दिया जाता है। आज चुनाव इतने महंगे हो गए हैं कि बिना करोड़ों रुपए खर्च किए जीतना लगभग असंभव हो गया है। इससे



राजनीति धीरे-धीरे जनसेवा नहीं, बल्कि निवेश और लाभ के व्यवसाय में बदलती जा रही है। जब चुनाव पैसों के बल पर लड़े जाएंगे, तो सत्ता में आने के बाद नेताओं की प्राथमिकता जनता नहीं, बल्कि अपने खर्च और प्रायोजकों की भरपाई होगी।

राजनीति का उद्देश्य जनता की समस्याओं को समझना और समाधान निकालना होना चाहिए, लेकिन आज अधिकांश नेता जनता से दूरी बनाए हुए हैं। जनसंपर्क अब केवल सोशल मीडिया की सक्रियता तक सीमित है। ट्विटर, फेसबुक या मंचों पर दिखावे के कार्यक्रमों को ही जनसेवा समझ लिया गया है। गांव, गली या मोहल्ले में जाकर लोगों की समस्याएं सुनना अब 'पुराने जमाने की राजनीति' कहलाता है। इस कारण राजनीति अब एक 'ब्रांड' बन चुकी है-जहां छवि निर्माण और प्रचार ही मुख्य लक्ष्य रह गया है। राजनीतिक दलों के अंदर लोकतंत्र की स्थिति भी चिंताजनक है। अधिकांश दलों में संगठनात्मक चुनाव औपचारिकता बनकर रह गए हैं। नेतृत्व के इशारे पर पदों का बंटवारा होता है। स्थानीय इकाइयों में भी वही कार्यकर्ता आगे बढ़ते हैं जो ऊंचे नेताओं के करीब हों। योग्यता और निष्ठा की जगह चापलूसी और नजदीकी को प्राथमिकता दी जाती है। इससे ईमानदार और विचारशील कार्यकर्ता राजनीति से विमुख होते जा रहे हैं। लोकतंत्र तब तक सशक्त नहीं हो सकता, जब तक दलों के भीतर लोकतंत्र न हो।

इसके अलावा, आज राजनीति में विचारधारा गौण और अवसरवाद प्रमुख हो गया है। पहले लोग किसी दल से उसके सिद्धांतों के प्रति आस्था के कारण जुड़ते थे, पर अब विचारधारा से ज्यादा 'कौन किस गुट में है' यह मायने रखता है। युवा कार्यकर्ता अपने आदर्शों से ज्यादा यह सोचने लगे हैं कि किस गुट के करीब रहना फायदे का सौदा होगा। आज भारतीय राजनीति में विचारधारा और जनसेवा का स्थान धीरे-धीरे चापलूसी और धनबल ने ले लिया है।

राजनीतिक दलों का वैचारिक चरित्र कमजोर पड़ता जा रहा है और जनता का विश्वास घटता जा रहा है। अब राजनीति में वही व्यक्ति आगे बढ़ता है जो नेतृत्व की 'हां में हां' मिलाता है। मतभेद या आलोचना को असहमति नहीं, बल्कि विद्रोह समझ लिया जाता है। धनबल का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि चुनाव लड़ना अब गरीब या मध्यमवर्गीय कार्यकर्ता के लिए लगभग असंभव हो गया है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है क्योंकि सत्ता में आने के बाद नेता जनता की सेवा के बजाय अपने स्वार्थ और खर्च की भरपाई में लग जाते हैं। राजनीति को फिर से उसके मूल उद्देय-जनसेवा और विचारधारा की ओर लौटाने के लिए आवश्यक है कि दलों में पारदर्शी आंतरिक चुनाव हों, चुनावी फंडिंग ईमानदार और खुली हो, युवा कार्यकर्ताओं को राजनीतिक शिक्षा दी जाए और नेताओं को जनता से वास्तविक जुड़ाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वंदे मातरम के 150 साल : भारत माता के शाश्वत आह्वान की गूंज

वंदे मातरम केवल दो शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर हैं, जिसने एक सोए हुए राष्ट्र को जगाया और उसे स्वतंत्रता की ओर अग्रसर किया। यह गीत उस युग की देन है जब भारत गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, लेकिन उसके भीतर स्वाभिमान की ज्वाला अभी बुझी नहीं थी।



श्रेय अवस्थी
प्रदेश सह-संयोजक, सोशल मीडिया विभाग, भाजपा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने संस्कृत में इस गीत की रचना की और बाद में इसे अपने उपन्यास 'आनंदमठ' में स्थान दिया। इस गीत ने भारत को एक देवी के रूप में चित्रित किया-स्नेह, शक्ति और सौंदर्य की मूर्ति के रूप में। वंदे मातरम का अर्थ केवल 'हे मां, मैं तेरी वंदना करता हूं' नहीं, बल्कि यह मातृभूमि के प्रति संपूर्ण समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है।

इसने भारतवासियों को यह अहसास दिलाया कि यह भूमि केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि उनकी माता है, जिसकी रक्षा और सेवा ही सर्वोच्च कर्तव्य है। 1896 में जब रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस के अधिवेशन में पहली बार इसे गाया, तो उपस्थित जनसमूह में एक विद्युत तरंग दौड़ गई। यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रोत बन गया।

1905 के स्वदेशी आंदोलन के दौरान बंगाल विभाजन के विरोध में जब देशभर में 'वंदे मातरम' का नारा गूंजा, तो अंग्रेजी हुकूमत तक कांप उठी। विद्यार्थी, किसान, मजदूर और महिलाएं, सबने इस गीत को अपने संघर्ष का प्रतीक बना लिया। यह गीत राष्ट्रभक्ति की गूंज बन गया। यही वह गीत था जिसने गुलाम भारत को आत्मसम्मान का पाठ पढ़ाया और अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध एक अदृश्य शक्ति का संचार किया।

भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस और अनगिनत क्रांतिकारियों के होठों पर अंतिम क्षण तक यही शब्द थे-'वंदे




मातरम'। जब ब्रिटिश सरकार ने इसे गाने पर प्रतिबंध लगाया, तब जनता ने और अधिक जोश से इसे गाना शुरू किया। जेल की दीवारों के भीतर, आंदोलन की सभाओं में और क्रांति के रणक्षेत्रों में यह गीत एक साझा पहचान बन गया। यह एक ऐसा सूत्र था जिसने बंगाल से पंजाब, महाराष्ट्र, से मद्रास तक भारत के हर हिस्से को एक भावना में पिरो दिया। स्वतंत्रता के बाद भी थे-'वंदे मातरम' का महत्व कम नहीं हुआ। जब तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज बना, तब इस गीत ने उसे आत्मा प्रदान की। तिरंगे का केसरिया रंग बलिदान का प्रतीक है, सफेद शांति का और हरा विश्वास का-ठीक वैसे ही जैसे थे-'वंदे मातरम' में मातृभूमि के स्वरूप में ये तीनों भाव समाहित हैं। इस गीत ने भारत के हर नागरिक को यह बोध कराया कि देशभक्ति केवल एक भावना नहीं, बल्कि जीवन का मार्ग है। आज जब भारत अपनी आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, तब थे-'वंदे मातरम' का संदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। यह गीत हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है, हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आधुनिकता तभी सार्थक है जब वह हमारी परंपराओं से जुड़ी रहे। सनातन संस्कृति में मां की अवधारणा केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि पालन करने वाली, शक्ति देने वाली और प्रेरणा देने वाली है। भाजपा द्वारा प्रारंभ किया गया थे-'वंदे मातरम @150' अभियान इसी भावना के पुनर्जागरण का प्रयास है। देशभर में आयोजित तिरंगा यात्राएं, सांस्कृतिक समारोह, युवाओं के वाद-विवाद और कला प्रदर्शनियां-सब मिलकर उस भावना को पुन: जीवित कर रहे हैं जिसने कभी भारत को आजाद कराया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अभियान भारत की संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता को एक सूत्र में जोड़ने का प्रतीक बन गया है।

150 वर्षों बाद भी जब थे-'वंदे मातरम' की ध्वनि गूंजती है, तो हर भारतीय का हृदय गर्व से भर उठता है। आइए आज हम सब एक स्वर में कह-थे-'वंदे मातरम', जय मां भारती! जय हिंद!

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोने की होड़ : आम आदमी पर बढ़ता बोझ और समाज की चुनौती

आज के समय में मंहगाई ने आम आदमी की जिंदगी को गहराई से प्रभावित किया है, लेकिन सबसे अधिक झटका सोने के बढ़ते दामों ने दिया है। शादी, सगाई या किसी पारिवारिक उत्सव पर सोना खरीदना अब आम परिवारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। पहले सोना केवल परंपरा या अलंकरण का प्रतीक था, अब यह सामाजिक प्रतिष्ठा और दिखावे का माध्यम बन गया है। परिणामस्वरूप, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार इसे खरीदने के लिए कर्ज, ईएमआई या अपनी जमीन तक गिरवी रखने को मजबूर हो जाते हैं।



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सिरमौर की लोकप्रिय पहाड़ी कलाकार रीना ठाकुर ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए जनता से सुझाव मांगे हैं कि इस प्रवृत्ति को कैसे नियंत्रित किया जाए। उनका कहना है कि सोने के बढ़ते दामों ने आम आदमी की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने के साथ-साथ समाज में मानसिक दबाव भी बढ़ा दिया है। आज हर परिवार दूसरों को देखकर सोना खरीदने को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण हैं।

यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी चिंतनीय है। हमें यह समझना आवश्यक है कि परिवार की वित्तीय सुरक्षा और बच्चों को बेहतर शिक्षा देना सोने की अलंकरणीय मांग से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दिखावे के लिए वित्तीय स्थिरता को खतरे में डालने से आने वाली पीढ़ियों की प्रगति पर असर पड़ता है।

दहेज प्रथा भी इस समस्या को गंभीर बनाती है। अनावश्यक रूप से अधिक सोने की मांग और इसे सामाजिक दबाव का हिस्सा बनाना परिवार और समाज के लिए बोझ बन गया है। इसे रोकने के लिए समाज के बुद्धिजीवियों और जागरूक




युवाओं को मिलकर सामाजिक नियम और दिशा-निर्देश बनाने चाहिए। उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र का उदाहरण अनुकरणीय है। वहां के समाज ने अधिक आभूषण की बजाय सीमित आभूषण पहनने का नियम लागू किया है।

इसका उल्लंघन करने पर पचास हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जाता है। इस पहल से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत मिली और समाज में समानता और अनुशासन का संदेश गया। यह दर्शाता है कि सामूहिक जागरूकता और ठोस नियम होने पर वित्तीय बोझ और दिखावे की दौड़ को रोका जा सकता है। सिरमौर जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में भी इस तरह की पहल की आवश्यकता है। अगर क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी और युवा मिलकर ठोस कदम उठाते हैं, तो आम लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

इससे यह स्पष्ट होगा कि आर्थिक विवेक और सामाजिक अनुशासन प्राथमिकता होनी चाहिए। मीडिया का भी इस दिशा में योगदान महत्वपूर्ण है। समाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना और आम जनता तक इन समस्याओं की गंभीरता को पहुंचाना आवश्यक है। जब यह संदेश व्यापक स्तर पर जाएगा, तब लोग अपने खर्चों और दिखावे के महत्व को समझेंगे और विवेकपूर्ण निर्णय लेंगे।

आज का समय सोचने और समझने का है। हमें दिखावे और प्रतिष्ठा के लिए अपने भविष्य या बच्चों की शिक्षा को खतरे में नहीं डालना चाहिए। हमें चाहिए कि समाज में ऐसी पहल लाएं, जो आम आदमी को राहत दे और समुदाय में आर्थिक और नैतिक संतुलन बनाए।

इस प्रकार, सभी-जागरूक नागरिक, युवा, बुद्धिजीवी और मीडिया—मिलकर समाज में ऐसे नियम और व्यवहार स्थापित करें, जिससे सोने के बढ़ते दामों की दौड़ रोकी जा सके और आम आदमी को राहत मिल सके। यह न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी दूरदर्शिता और स्थायित्व का प्रतीक होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमालयी धरोहर और संस्कृति की सुरक्षा के लिए समग्र नीति की आवश्यकता

संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं है जिसे संग्रहालयों या अभिलेखों में सहेजकर रखा जाए, बल्कि यह एक जीवंत और गतिशील प्रणाली है जो लोगों के काम करने, सृजन करने और जीवन जीने के तरीकों को आकार देती है।



सुरेंद्र ठाकर
क्यूरेटर, भूरी सिंह संग्रहालय, चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यही विचार चंबा स्थित भूरी सिंह संग्रहालय में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन 'हिमालयन लेगेसीज : एक्सप्लोरिंग हिस्ट्रीज, हेरिटेज प्रैक्टिसेज एंड कल्चरल फ्यूचर्स' में मुख्य रूप से उभरा। 'नॉट ऑन मैप' संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संग्रहालय की 117वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सम्मेलन के दौरान देशभर से आए शोधकर्ताओं और विद्वानों ने हिमालयी समाजों के सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन पर अपने शोध प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्ता डॉ. सचिन कुमार, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय देहरी, ने कहा कि आजीविका को केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि एक व्यापक सांस्कृतिक प्रणाली के रूप में देखा जाना चाहिए। यह बेहद लाहिमी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जो कार्य हर रोज करता है, वही धीरे-धीरे उसकी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन जाता है।

पारंपरिक समाजों में काम और जीवन के बीच कोई विभाजन नहीं था; यह आधुनिक 'वर्क-लाइफ बैलेंस' की अवधारणा से बिलकुल अलग था। यह चिंता व्यक्त की गई कि अब तक संस्कृति को राष्ट्रीय लेखा-जोखा प्रणाली में एक स्वतंत्र आर्थिक क्षेत्र के रूप में मान्यता नहीं मिली है। इसके कारण नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में संस्कृति से संबंधित ठोस आंकड़ों की कमी बनी हुई है।

हिमाचल जैसे राज्य, जो कागजों पर सांस्कृतिक रूप से समृद्ध दिखते हैं, स्थानीय स्तर पर असमानता और अभावों




से जूझ रहे हैं। पारंपरिक कला और शिल्प के माध्यम से आजीविका को जोड़ने में कई चुनौतियां हैं जैसे पारंपरिक ज्ञान का क्षरण, उत्पादन-विपणन शृंखला का टूटना, विभागों के बीच तालमेल की कमी, और पर्यटन के नाम पर विरासत की गलत व्याख्या।

संस्कृति को उद्योग का दर्जा देने, एक व्यापक सांस्कृतिक डाटाबेस तैयार करने और विद्यालयों से लेकर प्रशासनिक संस्थानों तक सांस्कृतिक साक्षरता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। आधुनिक तकनीक को पारंपरिक सौंदर्यशास्त्र से जोड़कर ऐसा सांस्कृतिक भविष्य बनाया जा सकता है जो पहचान और गरिमा दोनों को संरक्षित रखे। विभिन्न सत्रों में हिमालयी विरासत की विविध परतों पर चर्चा हुई।

हिमालयी क्षेत्र, जो कभी संस्कृति, प्रकृति और आजीविका का संतुलित संगम था, अब विकास की दौड़ में असंतुलित हो चुका है। उन्होंने 'होम-स्टे नीति' को उदाहरण देते हुए कहा कि यह पारंपरिक वास्तुकला के लिए खतरा बन गई है क्योंकि पत्थर और मिट्टी से बने पारंपरिक घर आधुनिक नियमों के कारण योजना से बाहर हो रहे हैं। उन्होंने नीति निर्माताओं से आग्रह किया कि संस्कृति को केवल 'दिखाने' के बजाय 'साझा करने' की दिशा में प्रयास हों ताकि समुदाय अपनी परंपराओं से आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकें। समापन सत्र में सर्वसम्मति से यह निष्कर्ष निकला कि हिमालयी संस्कृति की सुरक्षा केवल संरक्षण से नहीं, बल्कि उसके सक्रिय पुनरुत्थान से संभव है, जिसके लिए शिक्षा, नीति, पर्यटन और स्थानीय समुदायों के बीच गहरा तालमेल आवश्यक है। अगर इसमें कामयाबी मिल जाए तो बेहतर नतीजे सामने होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क

## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से नलसर-चुनाहन सड़क दुरुस्ती की लगाई गुहार

**आदर्श, अनंत ज्ञान**



नलसर-चुनाहन सड़क की जर्जर हालत से क्षेत्रवासी हो रहे परेशान, जगह-जगह पड़े गड्ढों से बढ़ी मुश्किल।

**नेरचौक।** नलसर-चुनाहन सड़क की हालत खस्ता होने से क्षेत्रवासी परेशान है। बीबीएमबी नहर से लेकर चुनाहन तक इस सड़क में जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वहीं सड़क से उड़ने वाली धूल से आसपास के ग्रामीणों का जीना दुभर हो गया है। यहां सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीण व राह चलते क्षेत्र के लोग कई दशकों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन इनकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है।

बता दें कि नलसर-चुनाहन सड़क बरसों पुरानी है। यह सड़क नलसर मंदिर टांडा सलवाहन तथा कोट पंचायत के ग्रामीणों के लिए एकमात्र यातायात का साधन है। स्थानीय ग्रामीण बालक राम, ललित कुमार, ब्रेस्तू राम, जितेंद्र, हमेंद्र, जगदीश, प्रभु राम तथा खूब राम ने बताया कि इस सड़क पर करीब एक दशक पहले विभाग द्वारा चुनाहन से लेकर नलसर तक मेटलाइजिंग टायरिंग की गई थी। उस समय चुनाहन से लेकर बीबीएमबी नहर तक विभाग ने इस सड़क पर मेटलिंग टायरिंग नहीं की थी विभाग ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया था कि इस पर पेबर डाले जाएंगे मगर आज तक इस पर एक भी पेबर नहीं लगाया गया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से इस सड़क की शुद्ध लेने की अपील की है।

### स्कूली बच्चे हर रोज खाते हैं सड़क से उड़ने वाली धूल

**इस** सड़क किनारे चुनाहन गांव में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ है जिसमें पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चे उनके अभिभावक तथा अध्यापक इस सड़क की खस्ता हालत से बेहद परेशान है। इन्हें हर रोज सड़क से उड़ने वाली धूल खानी पड़ती है।

**नलसर**-चुनाहन सड़क की मरम्मत के लिए 3,00,000 रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई है, जिससे हटगढ़ स्कूल से बीबीएमबी नहर की ओर पेपर डाले जाएंगे। यह कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। इसके अलावा हटगढ़ स्कूल से लेकर नलसर तक पेचवर्क के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की गई थी, मगर कोई भी ठेकेदार इस कार्य को करने के लिए आगे नहीं आया जिससे टेंडर रद्द हो गया था। अब पुनः पेचवर्क के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। टेंडर की औपचारिकताएं पूर्ण होने पर इस सड़क पर पेचवर्क का कार्य करवा दिया जाएगा।

**- यशपाल, कनिष्ठ अभियंता, अनुभाग बग्गी, लोक निर्माण विभाग।**

# आरोपी के खून में सिंथेटिक ड्रग्स की पुष्टि

## सुंदरनगर थाने में एफआईआर दर्ज, हेरोइन सेवन का मिला पुख्ता सबूत

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर ने सिंथेटिक ड्रग्स को नशे के लिए उपयोग में लाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। इसमें पुलिस ने आरोपी युवक के खून के सैंपल में प्रतिबंध ड्रग्स की मौजूदगी होने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीते 9 अप्रैल को दर्ज रिपोर्ट के आधार अमल में लाई गई है।

जानकारी के अनुसार मामला उस समय दर्ज किया गया जब रीजनल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट और डॉक्टर की अंतिम राय प्राप्त हुई। इसमें संदिग्ध युवक की रिपोर्ट में कैफीन, डेक्सट्रोमेथॉर्फन, 6-एसिटाइलकोडिन और 6-एसिटाइलमॉर्फिन जैसे पदार्थ की मौजूदगी पाई गई है। वहीं इन पदार्थों का एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्गीकरण होने के कारण पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपी की शिनाख्त ईशान गुप्ता (24) पुत्र कुलदीप गुप्ता निवासी मकान नंबर 149/4 नजदीक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस चौक डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले की जांच थाना सुंदरनगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

### 6-एसीटाइलकोडीन: हेरोइन निर्माण का साइड प्रोडक्ट

**6-एसीटाइलकोडीन** कोडीन का एक साइड प्रोडक्ट है, जो अफीम या मॉर्फिन को रासायनिक रूप से हेरोइन में बदलने की प्रक्रिया के दौरान बनता है। यह आमतौर पर मिलावटी हेरोइन में पाया जाता है और इसकी मौजूदगी इस बात का संकेत देती है कि बरामद पदार्थ अफीम-आधारित है और हेरोइन बनाने की प्रक्रिया से गुजरा है। आरएफएसएल रिपोर्ट में 6-एसीटाइलकोडीन पाए जाने पर हेरोइन जैसी अवैध नशीली ड्रग की पुष्टि होती है। यह एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थ की श्रेणी में आता है और दवा के रूप में इसका कोई उपयोग नहीं है। ओवरडोज की स्थिति में यह सांस धीमी पड़ने का मुख्य खतरा पैदा करता है। बार-बार उपयोग से शरीर इसकी अधिक मात्रा मांगने लगता है, जिससे नशे की लत और खतरनाक हो जाती है।

### 6-एएम की हेरोइन इस्तेमाल का पक्का सबूत

**6-एसिटाइलमॉर्फिन** या 6-एएम हेरोइन का मुख्य मेटाबोलाइट है। जब कोई व्यक्ति इंजेक्शन, धूम्रपान या सूंघने से हेरोइन का सेवन करता है, तो शरीर के अंदर हेरोइन टूटकर 6-एसिटाइलमॉर्फिन में बदल जाती है। यह मानव शरीर के रक्त या मूत्र में केवल तभी पाया जाता है, जब व्यक्ति ने हेरोइन का सेवन किया हो। अगर किसी व्यक्ति की रिपोर्ट में 6-एसिटाइलमॉर्फिन पाया जाता है तो यह एनडीपीएस एक्ट में हेरोइन सेवन का सीधा और ठोस सबूत है। इसके उपयोग से सांस लेने की गति धीमी पड़ने के कारण ओवरडोज से मौत का मुख्य कारण है। यह मस्तिष्क पर तीव्र असर डालकर कृत्रिम आनंद देता है, लेकिन श्वसन को दबाकर मौत तक का कारण बनता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्राह्मण सभा मंडी की कार्यकारिणी के चुनाव आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा जिला मंडी की नई कार्यकारिणी के चुनाव 9 नवंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे संस्कार भवन, जेल रोड मंडी में आयोजित होंगे। चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के दसों मंडलों के प्रतिनिधि मतदान कर जिला अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। सभा के महासचिव डॉ. ओम शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी मंडलाध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों से सहयोग का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव समाज की लोकतांत्रिक परंपरा को सशक्त करने का अवसर है, जिससे संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नई कार्यकारिणी सनातन संस्कृति, समरसता और समाज सेवा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य आरंभ करेगी।

### कबड्डी स्पर्धा के लिए तीन छात्राएं चयनित

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** इसी माह जिला मंडी के पड्डल मैदान में कबड्डी एसोसिएशन मंडी द्वारा आयोजित 16 और 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के कबड्डी ट्रायल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट की पांच छात्राओं और तीन छात्रों ने भाग लिया। इन ट्रायल में पाठशाला बरोट की तीन छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य राजकुमार ठाकुर और पीटीआई राजकुमार ठाकुर ने बताया कि 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जुब्बल में 7 नवंबर से शुरू होकर 9 नवंबर को समाप्त होगी, जबकि 20 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता 13 से 15 नवम्बर तक राजगढ़, मंडी में आयोजित होगी। उन्होंने इन तीनों होनहार छात्राओं को बधाई दी और आशा जताई कि वे राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंडी कॉलेज ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में सरदार पटेल विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन समारोह शनिवार को बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी मनीष चौधरी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, संयम और आत्मविश्वास का महत्त्व बताते हुए खेलों के माध्यम से सकारात्मक समाज निर्माण का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। पुरुष वर्ग में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी प्रथम, सुंदरनगर द्वितीय और कुल्लू तृतीय स्थान पर रहा। महिला वर्ग में सुंदरनगर प्रथम, मंडी द्वितीय और कुल्लू तृतीय स्थान पर रही। समापन समारोह में अध्यापक, छात्र-छात्राएं और क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित थे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम में खेल भावना और उत्साह का वातावरण बनाए रखा।

### सामान्य वर्ग की फीस विसंगति पर रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल राजपूत महासभा व सामान्य वर्ग संयुक्त मंच ने एनआईटीएस और आईआईटीएस में सामान्य वर्ग के छात्रों की फीस में जातिगत भेदभाव को लेकर कड़ा विरोध जताया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष ई.के.एस. जम्वाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अशोक सरयाल ने बताया कि हिमाचल के एनआईटी में एक सत्र की फीस 62,500 रुपये और आईआईटी मंडी में एक लाख रुपये है, जो सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों के छात्रों को अदा करनी पड़ती है। जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को पूरी फीस में छूट दी जाती है। इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था के विरोध में संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ज्ञापन भेजकर समानता और न्याय के अनुरूप सुधार की मांग की है। संगठन ने कहा कि शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करना भारत को विश्व गुरु बनाने में सहायक होगा।

### ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 13 नवंबर को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी (एसडीएम) सदर मंडी रुपिंदर कौर ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 13 नवम्बर को छोटा पड्डल मंडी स्थित बैडमिंटन कोर्ट के सामने वाली सड़क पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टेस्ट में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी अपने फॉर्म को पूर्ण रूप से भरकर, फोटोग्राफ सहित फाइल के साथ लेकर आएं। बिना फोटो, बिना फाइल या अधूरे फॉर्म किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# बाखली पुल के नीचे वैकल्पिक सड़क पर टैक्सी पलटी, सभी आठ सवारियां सुरक्षित

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** पंडोह के बाखली पुल के नीचे मलबे पर बनाए गए अस्थाई सड़क मार्ग पर शनिवार सुबह एक टैक्सी (एचपी 01-एम 4789) सवारियों सहित बाखली खड्ड के पानी में पलट गई। गनीमत रही कि सभी आठ सवारियां सुरक्षित रहीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी आधी पलटी और धीरे-धीरे पानी में डूब रही थी। स्थानीय लोगों ने अपनी तत्परता से सभी सवारियों को वाहन और पानी से बाहर निकाल लिया।

इस अस्थाई मार्ग का निर्माण स्थानीय लोगों और माता बगलामुखी मंदिर कमेटी द्वारा किया गया था, क्योंकि नवम्बर से मार्च तक डैम का पानी कम होने पर यह मार्ग वाहन आवाजाही के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बरसात के दौरान पड़ोसी सड़क बाखली से कुकलाह तक क्षतिग्रस्त होने के कारण 18-20 घरों को खतरा है और लोग नवंबर तक सुरक्षित मार्ग की प्रतीक्षा नहीं कर सकते थे। लोक निर्माण विभाग और बीबीएमबी के अधिकारी हादसे पर



बाखली खड्ड में पलटी सवारियों से भरी गाड़ी, स्थानीय लोग बचाव करते हुए।

अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर चुके हैं, लेकिन दोनों ने साफ़ किया कि अस्थाई मार्ग का निर्माण स्थानीय लोगों ने अपनी सुविधा के लिए किया था और विभाग की स्वीकृति नहीं थी। बीबीएमबी के अधिशासी अभियंता चन्द्रमणी शर्मा ने बताया कि टरबाइन में फॉल्ट के कारण पानी छोड़ने से बाखली तक झील का पानी भरा रहता है।

क्षेत्रवासियों ने पुल निर्माण की मांग तेज कर दी है, ताकि भविष्य में

### अस्थायी सड़क मार्ग से हुआ हादसा, प्रशासन पर सवाल उठे

ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पुल के बिना बाखली-कलहणी क्षेत्र की 14 पंचायतों की आवाजाही बाधित है। यह हादसा न केवल प्रशासन और विभाग की लापरवाही, बल्कि स्थानीय जरूरतों और अस्थाई व्यवस्थाओं की संवेदनशील स्थिति को भी उजागर करता है।

### 179 ग्राम चरस सहित युवक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुलिस थाना सुंदरनगर ने नाकाबंदी के दौरान जिला चंबा के रहने वाले 22 वर्षीय युवक से 179 ग्राम चरस की खेप बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना के एएसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी कांस्टेबल कुलदीप कुमार और सतीश कुमार नाकाबंदी पर शनिवार को किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में मौजूद थे। इसी दौरान मंडी की ओर से एक बाइक नंबर एचपी-48बी-7608 आती हुई दिखाई दी। पुलिस द्वारा बाइक को रुकने का इशारा करने पर उसकी चेकिंग में बाइक की सीट के नीचे 179 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। आरोपियों की शिनाख्त प्रवीन कुमार (22) पुत्र सतीश कुमार निवासी गांव व डाकघर कोटी तहसील सदर जिला चंबा के तौर पर हुई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि आरोपी को रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सुंदरनगर पुलिस ने 249 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने नाकाबंदी के दौरान जिला सोलन के रहने वाले दो आरोपियों से चरस की खेप बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को गिरफतार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना के एएसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी कांस्टेबल कुलदीप कुमार और सतीश कुमार नाकाबंदी पर शनिवार को किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में मौजूद थे। इसी दौरान मंडी की ओर से एक कार नंबर एचपी-03-3987 आती हुई दिखाई दी। पुलिस द्वारा कार को रुकने का इशारा करने पर उसकी चेकिंग में ड्राइवर साइड के पीछे से 249 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

आरोपियों की शिनाख्त कार्तिक पुत्र सीता राम निवासी गांव मनलोग डाकघर दयोंटी तहसील सदर जिला सोलन और रोहित पुत्र सत्यप्रकाश निवासी वार्ड नंबर-12 वर्मा निवास दोभी घाट रोड जिला सोलन के तौर पर हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने की है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को रविवार को पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# पात्र महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन होंगे जारी: अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत पात्र गरीब परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला उज्ज्वला समिति का गठन कर लिया गया है, जिसकी अध्यक्षता वे स्वयं करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि समिति लाभार्थियों की पात्रता की पुष्टि और भौतिक सत्यापन की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी ताकि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र परिवारों तक ही पहुंचे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 से गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ रसोई ईंधन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे न केवल उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह योजना वर्ष 2017 में प्रारंभ की गई थी और अब केन्द्र सरकार ने इसे उज्ज्वला 3.0 के रूप में विस्तारित किया है, जिससे अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक इसका लाभ पहुंच सके।

### पात्रता और लाभ

**डीसी** ने बताया कि उज्ज्वला 3.0 के अंतर्गत जिला के गरीब परिवारों की वयस्क महिला सदस्य वंचना घोषणा पत्र प्रस्तुत कर आवेदन कर सकती हैं। पात्र लाभार्थियों को लगभग 2050 रुपये मूल्य का निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसमें गैस सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज़, डीजीसीसी पुस्तिका (गैस पास बुक), निरीक्षण, स्थापना, प्रदर्शन एवं दस्तावेजीकरण शुल्क सम्मिलित हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना के अंतर्गत अब गृह निरीक्षण प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है ताकि केवल वास्तविक पात्र लाभार्थियों को ही गैस कनेक्शन प्राप्त हो।

### मंडी में 10 को सीएम सुखविंद्र सुक्खू करेंगे राहत राशि का वितरण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10 नवंबर को मंडी में राज्य स्तरीय आपदा राहत वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। यह समारोह राज्य में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत राशि वितरित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रदेश के आपदा प्रभावितों को अभी तक कोई राहत राशि उपलब्ध नहीं कराई है। इस बीच, कांग्रेस सरकार अपने स्तर पर राज्य के आपदा पीड़ितों को राहत राशि वितरित करने जा रही है। पवन ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेताओं का रुख केवल बयानबाजी तक सीमित है, जबकि कांग्रेस सरकार जमीनी स्तर पर पीड़ितों की मदद के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में यह राहत वितरण पीड़ितों के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया जयपुर, अजमेर, पुष्कर व दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, अनंत नगर तताहर के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का छः दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस यात्रा में विद्यार्थियों ने राजस्थान के ऐतिहासिक नगर जयपुर, अजमेर, पुष्कर तथा देश की राजधानी दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और वैज्ञानिक स्थलों का भ्रमण किया। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अनुभव और मनोरंजन का अनूठा मेल साबित हुई। भ्रमण का शुभारंभ 4 नवम्बर को विद्यालय प्रांगण से जयपुर के लिए हुआ। जयपुर पहुंचने पर विद्यार्थियों ने आमेर किला, जल महल, बिरला मंदिर, जंतर-मंतर, हवा महल और राजमंदिर सिनेमा जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने खाटू श्याम जी मंदिर और बालाजी मंदिर के दर्शन किए, जहां उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का गहन अनुभव प्राप्त किया। 7 नवंबर को भ्रमण दल अजमेर और पुष्कर के लिए रवाना हुआ। यहां



एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने अजमेर शरीफ दरगाह, अढ़ाई दिन का झोंपड़ा, पुष्कर झील और ब्रह्मा मंदिर का अवलोकन किया। धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले इन स्थलों के दर्शन के बाद दल दिल्ली पहुंचा, जहाँ विद्यार्थियों ने इंडिया गेट, अक्षरधाम मंदिर, राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, कुतुब मीनार, लोटस टेंपल तथा करोल बाग का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, जिससे यात्रा और भी जीवंत और मनोरंजक बन गई। साथ ही, उन्होंने भारत की स्थापत्य कला, सांस्कृतिक विविधता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इस शैक्षणिक भ्रमण का सफल संचालन विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र राणा, डायरेक्टर प्रेम चंद ठाकुर, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम, स्कूल एडवाइजर प्रकाश चंद जम्वाल, संदीप कुमार, अंजना ठाकुर और उषा देवी (अकाउंट्स विभाग) के निर्देशन में किया गया।

विद्यालय के डायरेक्टर प्रेम चंद ठाकुर ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यवहारिक ज्ञान, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि भविष्य में भी विद्यालय ऐसे भ्रमण आयोजित करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों को सीखते हुए अनुभव करने का अवसर मिलता रहे।

# मंडी में राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

## इंडोर स्टेडियम पर खर्च होंगे 23 करोड़, कोटली में बनेगा क्रिकेट स्टेडियम: शर्मा



टाउन हॉल मंडी में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंडर-15 और अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

टाउन हॉल मंडी में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंडर-15 और अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक अनिल शर्मा को जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 200 बालक व कन्या खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि मंडी में इंडोर स्टेडियम बनाने का जयराम ठाकुर सरकार से आग्रह किया था लेकिन उस समय इंडोर स्टेडियम को मंजूरी नहीं मिल पाई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के साथ मधुर सम्बन्ध होने के चलते अब रघुनाथ पधर में 23 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। वहीं कोटली के नजदीक क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए कई कार्यक्रमों के माध्यम से आवाहन किया जाता है परन्तु धरातल पर इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। जिला मंडी बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव दातूल चौहान ने बताया कि मंडी जिला के टाउन हॉल में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ सदर विधायक अनिल शर्मा ने किया।

उन्होंने बताया कि इस राज्य प्रतियोगिता में दस जिलों से दो सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।उन्होंने बताया कि शुरुवाती दौर का पहला मैच मंडी और सिरमौर के बीच खेला गया।उन्होंने बताया कि दोनों जिलों के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और अंत में मंडी ने सिरमौर को हराया।

**आकर्षण** करसोग की बालीधार पंचायत में 40 फुट ऊंचा देवदार स्तंभ, लोक उत्सव का अनोखा नजारा

# डमेहल में स्थापित है प्रदेश का सबसे ऊंचा पूज्य काष्ठ स्तंभ

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** करसोग उपमंडल की बालीधार पंचायत का डमेहल गांव अपने दामन में सदियों पुरानी ऐतिहासिक विरासत समेटे हुए है। देवदार के हरे-भरे वनों से लदे सधन वन के मध्य बसा डमेहल अपने नायाब प्राकृतिक सौंदर्य विशिष्ट पुरातात्विक धरोहर व संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 250 की आबादी वाला यह गांव समुद्र तल से लगभग 7000 फुट की ऊंचाई पर बसा है। डमेहल का इतिहास अत्याधिक प्राचीन है। गांव के मध्य में बना नाग धमूनी का भव्य कोठीनुमा मंदिर/कुटाकोठी के नाम से प्रसिद्ध है।

सघन मानवीय अनुभूतियों वाले संस्कृति मर्मज्ञ इंजीनियर सुरेंद्र शर्मा का कहना है कि नाग धमूनी कुल्लु जिला के धामण के कोटला गांव से यहां आए हैं। डमेहल महावन मार्ग पर एक खेत में देवदार का लगभग 40 फुट ऊंचा पूज्य स्तंभ स्थापित किया गया है। यह स्तंभ पर्यटकों के लिए विशेष तौर से बरबस आकर्षित करता है। यह विशाल स्तंभ देवगण सरपेश की मुंढली है। करसोग के प्राचीन मंदिरों में 4-5 फुट ऊंचे काष्ठ स्तंभ (मुंढलियों) कई मंदिरों के बाहर स्थापित हैं, लेकिन इतना ऊंचा सर्तभ अंयत्र नहीं है। देवता के प्राकट्य दिवस/शणश के विशिष्ट लोक पारंपरिक उत्सव में 'बेडा' समुदाय का एक व्यक्ति इस ऊंचे स्तंभ के शीर्ष पर पेट के बल लेटकर घूमता है। मनोरम और उत्साहपूर्ण इस दैवीय करतब को देखने के लिए यहां हजारों भक्त एकत्रित होते हैं। यह दृश्य दर्शकों के लिए अत्यंत रोचक और आकर्षक होता है।

### बेड़ा समुदाय की पारंपरिक वीरता नाग धमूनी का सांस्कृतिक महत्व

**डमेहल** में 40 फुट ऊंचे पूज्य काष्ठ स्तंभ पर बेड़ा समुदाय का बेडा फेरना प्रदर्शन उनकी वीरता, भक्ति और कौशल का प्रतीक माना जाता है। नाग धमूनी के इतिहास के जानकार सीताराम शर्मा के अनुसार यह स्तंभ और प्रदर्शन स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक लोक कला का अनूठा उदाहरण है। सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली ने बताया कि यह क्षेत्र सदियों से शिव और शक्तिपूजा के लिए समर्पित रहा है और यहां की परंपराएं स्थानीय लोगों की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं। लोकमान्यता के अनुसार नाग धमूनी वीर अर्जुन हैं और उन्होंने माहुंनाग पर्वत के साथ ऊंचाई की प्रतियोगिता में अपनी वीरता दिखाई थी। यह कथा आज भी गांवों में गर्व और श्रद्धा के साथ सुनाई जाती है और इस स्तंभ पर बेड़ा समुदाय का करतब दर्शकों को अचंभित करता है। यह प्रदर्शन स्थानीय संस्कृति और सामुदायिक एकता का जीवंत उदाहरण है।



### लोककथाओं में जीवित नाग धमूनी और माहुंनाग की महिमा

**लोककथा** के अनुसार धमूनी और माहुंनाग पर्वत की ऊंचाई को लेकर हुई प्रतियोगिता आज भी गांवों में गर्व और श्रद्धा के साथ सुनाई जाती है। डमेहल के अलावा स्यांज बगड़ा और सेरी में भी नाग धमूनी के रथ लोगों की अटूट आस्था के केंद्र हैं। नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण धमून टिब्बे पर स्थित नाग धमूनी का मुख्य मंदिर और अन्य पूज्य स्थल क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती प्रदान करते हैं। डॉ. जगदीश शर्मा का कहना है कि आज के समय में पहाड़ी समाज धीरे-धीरे अपनी प्राचीन देव संस्कृति और परंपराओं से दूर होता जा रहा है। यह परिवर्तन हमारी लोक पहचान और सनातन धर्म की मूल जड़ों के लिए चुनौती बन रहा है। अतः आवश्यक है कि हम देव संस्कृति, देव गाथाओं और उनसे जुड़ी लोक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस प्रयास करें। यही हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे युद्ध अभियान के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टक्का और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव, पॉक्सो एक्ट 2012, एनडीपीएस एक्ट 1985, बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह और साइबर अपराधों से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, सुख शिक्षा योजना और सामर्थ्य योजना की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 695 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य, स्टाफ और जिला बाल संरक्षण इकाई ऊना की टीम भी उपस्थित रही।

### युवा खिलाड़ी कपीश कालिया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सेवानिवृत 6 पैरा एसएफ कमांडो संजीव कुमार और कोच आशीष पुरोहित ने युवा खिलाड़ी को प्रेरित करने के युथ वॉरियर्स डिफेंस एकेडमी चक अंब में कराटे खिलाड़ी कपीश कालिया को सम्मानित किया। कपीश कालिया ने हाल ही में कराटे चैंपियनशिप का टूर्नामेंट जीता है, जिसके लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। संजीव ने कहा कि युवा खिलाड़ी को देश सेवा के लिए प्रेरित करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि युवा वीरों को अपनी प्रतिभा को निखारने और देश सेवा के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

### प्रदेश को शोषण मुक्त बनाए सरकार : नवदीप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे ने कहा कि हिमाचल में शिक्षा संस्थानों में जातिवाद और अनुचित माहौल बढ़ता जा रहा है, जबकि सरकार मौन है। हाल ही में हमीरपुर जिले के सासन गांव में 40 वर्षीय महिला पर नाबालिग द्वारा हमला और दुष्कर्म का प्रयास हुआ, जिसमें महिला की मौत हो गई। नवदीप महे ने कहा कि कई स्कूलों में अध्यापक विद्यार्थियों के साथ जातिवाद कर मानसिक परेशानियां बढ़ा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन उन्हें उचित शिक्षा नहीं मिल रही। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि शिक्षा प्रणाली सुधारे और जातिवाद करने वाले अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि युवा पीढ़ी हिमाचल का नाम रोशन कर सके। घनारी स्कूल में एनएसएस शिविर का पांचवां दिन प्रेरणा और उत्साह से परिपूर्ण

### लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन ज्ञान और प्रेरणा से भरपूर रहा। मुख्यातिथि के रूप में यंगेस्ट फेलोशिप अवार्डी एवं जी.सी. एंब के सहायक प्राध्यापक डॉ. नितिन ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ललित मोहन ने की। डॉ. नितिन ने विद्यार्थियों को शिक्षा और प्रतिस्पर्धा में संतुलन, आत्मअनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच बनाए रखने के टिप्स साझा किए। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं को शिक्षा, सेवा और संस्कारों का वास्तविक अर्थ सिखाते हैं। इस अवसर पर विकास शर्मा, रविंदर गुलेरिया, मैडम सुषमा, सुरेन्द्र नरवाल आदि उपस्थित रहे।

### हेल्थ न्यूट्रिशन जेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना कार्यालय में छह दिवसीय हेल्थ न्यूट्रिशन जेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। विशेष रूप से उपस्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ऊना की जिला कार्यक्रम प्रबंधक ज्योति शर्मा द्वारा प्रतिभागियों से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जानकारियां सांझा की गई तथा नेशनल रिसोर्स पर्सन के रूप में देहरादून से राजेश्वर धावले उपस्थित रहे। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया कि यह प्रशिक्षण पीएनबी आरसेटी ऊना कार्यालय में दिया जा रहा था। इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी ऊना कार्यालय से कार्यालय सहायक हिना,मीनाक्षी एवं 35 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## निखिल इंडिया क्रिकेट टीम के साथ मेलबोर्न में देंगे फोटोग्राफर के तौर पर सेवाएं



लोगों ने निखिल शर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**वीडियोग्राफी** के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले संतोखगढ़ निवासी निखिल शर्मा अब भारतीय क्रिकेट टीम के साथ मेलबोर्न ऑस्ट्रेलिया में आधिकारिक वीडियो और फोटोग्राफर के रूप में जुड़े हैं। यह उनके करियर का एक बड़ा मुकाम माना जा रहा है। निखिल शर्मा के पिता उमेश शर्मा नए बताया कि निखिल लंबे समय से वीडियो और फोटोग्राफी में सक्रिय हैं और देश-विदेश में कई बड़े टूर्नामेंट्स पंजाबी हिंदी गाने अपने कैमरे में कैद कर चुके हैं। उनकी खींची तस्वीरें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित हो चुकी हैं। निखिल शर्मा ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों की गतिविधियों, प्रशिक्षण सत्रों और यादगार पलों को कैमरे में कैद करेंगे। निखिल ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम करना किसी भी फोटोग्राफर और वीडियो करने के लिए गौरव की बात है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और जुनून के साथ निभाऊंगा। उनके परिवार और शुभचिंतकों ने निखिल शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मां श्री चिंतपूर्णी के दरबार उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## 15,000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन किए

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**शक्तिपीठ** चिंतपूर्णी में महीने के दूसरे शनिवार को छुट्टी होने की वजह से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही बाजार में श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल रही। शनिवार को लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन किए। मां के दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। पूरा क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कड़कती धूप में भी श्रद्धालुओं के हौसले में कमी नहीं आई। दोपहर तक श्रद्धालुओं की डबल लाइन संतोष होटल तक जा पहुंची। लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए मंदिर न्यास के सुरक्षा कर्मचारियों को काफी कसरत करनी पड़ी, जिससे श्रद्धालुओं की लाइन व्यवस्था व सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। तरनतारन से आए 85 वर्षीय जरनैल सिंह ने मंदिर प्रशासन द्वारा चलाई जा रही सुगम दर्शन प्रणाली सराहना की। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करना ही मंदिर न्यास का प्रथम उद्देश्य व लक्ष्य है।



मां के दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं में दिखा भारी उत्साह।

### गायक लवली मान ने लगाई हाजिरी

शनिवार को गायक लवली मान यमुनानगर ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर उन्होंने माता के दरबार में पूजा अर्चना की और माता के चरणों में अपना भजन प्रस्तुत किया।

## अंब क्षेत्र में किशोर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पवन (पुत्र राकेश, गांव बदना, डाकघर हारदोई, जिला हारदोई) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पवन वर्तमान में राजेश कुमार (पुत्र ओम प्रकाश), गांव बेहड़ी, पोस्ट ऑफिस चूरूडू, तहसील अंब, जिला ऊना के यहां रह रहा था और उनके फार्म हाउस में काम करता था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पवन ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी अंब रूप सिंह ने बताया की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाके परिजनों के सपोपरिजनों के सुपुर्द कर दिया है मामले से जुड़े सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच जारी है

## डंगोह खास में पिकअप न बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

**थाना** गगरेट के तहत डंगोह खास गांव में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, अभिषेक निवासी डंगोह खास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह 7 नवंबर की रात लगभग 11 बजे एक शादी समारोह से मोटरसाइकिल पर अपने घर लौट रहा था।

जब वह 33 केवी सब स्टेशन डंगोह के समीप पहुंचा तो उसके आगे चल रहे गांव के ही सूरज चौधरी पुत्र गणेश कुमार निवासी डंगोह खास की मोटरसाइकिल को सामने से आ रही एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक सूरज

▶ बाइक के पीछे बैठे युवक की टांग फ्रैक्चर

चौधरी और उसके पीछे बैठा नितिन ठाकुर पुत्र दिनेश कुमार निवासी डंगोह खास सड़क पर गिर गए। हादसे में नितिन ठाकुर की टांग फ्रैक्चर हो गई, जबकि सूरज चौधरी को गंभीर चोटें आईं। दोनों को तुरंत दौलतपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान सूरज चौधरी की मौत हो गई। पिकअप ट्राला का चालक दुर्घटना के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना की पुष्टि करते हुए दौलतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर रवि पाल ने बताया कि पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सम्मानित

**बड़ूही (ऊना)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रत्न चन्द का विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राम पॉल ने रत्न चंद को माता चिंतपूर्णी की चुनरी भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रत्न चन्द की नियुक्ति से पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। इंजीनियर राम पॉल ने बताया कि रत्न चन्द लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और समाज के कमजोर व वंचित वर्गों की समस्याओं के प्रति हमेशा संवेदनशील रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नए अध्यक्ष के रूप में वे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेंगे। कार्यकर्ताओं ने भी रत्न चन्द की नियुक्ति का स्वागत किया और बधाई दी। रत्न चन्द ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अनुसूचित जाति वर्ग के हितों और संगठन के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवक किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

**स्वामी** विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमन्यार में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंजलि भारद्वाज ने शिविर की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि योगराज जोगी ने कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, आपसी भाईचारा और समाज सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नशे जैसी बुराई से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। शिविर में 35 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें 20 छात्राएं और 15 छात्र शामिल थे। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रिंसिपल देवेंद्र चौहान, पुलिस चौकी जोल प्रभारी अशोक कुमार, एडवोकेट पुष्पेंद्र, डॉ. करणवीर, प्रिंसिपल अनिल बख्शी, और एनएसएस ऑफिसर संजीव कुमार ने मार्गदर्शन दिया। प्रोजेक्ट वर्क और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समापन समारोह में योगराज जोगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य जगदीश धीमान ने शिविर के सफल संचालन में शिक्षकों और स्टाफ के योगदान की सराहना की।

## दिलजीत भिंडर बने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सदस्य

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

सिख मिशन हिमाचल प्रदेश के प्रभारी गुरदीप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सरदार दिलजीत सिंह भिंडर को पुनः गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेंबर चुना गया।



हिमाचल प्रदेश राज्य से संबंधित अंतर-समिति के सदस्य के रूप में दूसरी बार चुने जाने पर हिमाचल प्रदेश की सिख संगत में खुशी की लहर है। हिमाचल के सभी सिखों की ओर से सरदार सुखबीर सिंह बादल और डॉ. दिलजीत सिंह चीमा ने राज्य को गौरवान्वित करने के लिए समस्त अकाली नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आज के अधिवेशन में पड़े कुल 137 मतों में से एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को इस बार 117 मत मिले, जो पिछली बार से 10 मत अधिक हैं, जबकि विपक्षी उम्मीदवार मिट्ठू सिंह को मात्र 18 वोट मिले। गौरतलब है कि नवनिर्वाचित अंतरिंग कमेटी में पंजाब के अलावा राजस्थान और हरियाणा के सदस्य भी शामिल हैं। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी भारी बहुमत से लगातार पांचवीं बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष चुने गए।

भिंडर साहब के दूसरी बार अंतरिंग कमेटी सदस्य बनने पर सरदार जसविंदर सिंह अध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह सभा सोलन, सिख मिशन हिमाचल प्रदेश के इंचार्ज गुरदीप सिंह और समूह स्टाफ प्रचारक,दशमेश पब्लिक स्कूल गुरप्लाह साहिब ऊना की प्रिंसिपल दलविंदर कौर और स्टाफ,सरदार गुरमुख सिंह राणा अध्यक्ष हीरां, सरदार अमरीक सिंह हीरा, सरदार हरजिंदर सिंह शिंदा अध्यक्ष बिलना, सरदार हरजिंदर सिंह सनोली, सरदार गुरविंदर सिंह संधू, सरदार अमरप्रीत सिंह सोलन, सरदार इंदर सिंह, सरदार संतोख सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सरदार सतनाम सिंह धाग अध्यक्ष ग्रेवाल फेडरेशन, प्रधान हरबंत सिंह कांगड़ा, सोलन, शिमला, बिलासपुर,मंडी कुल्लू और ऊना आदि जिलों ने खुशी जताई।

## भिंडर के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य बनने पर खुशी जताई

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सिख मिशन हिमाचल प्रदेश के प्रभारी गुरदीप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वार्षिक बैठक में नए अध्यक्ष और पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को भारी बहुमत से लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया।

उन्होंने स्खहल 137 मतों में से 117 मत प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव की तुलना में 10 अधिक हैं। विपक्षी उम्मीदवार मिट्ठू सिंह को मात्र 18 वोट मिले। वहीं, सरदार दिलजीत सिंह भिंडर को हिमाचल प्रदेश से संबंधित अंतर-समिति का सदस्य चुना गया, जो दूसरी बार चुने जाने पर हिमाचल की सिख संगत में खुशी की लहर है। पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के सदस्य भी इस नवनिर्वाचित अंतर-समिति में शामिल हैं। हिमाचल के सभी सिखों की ओर से सरदार सुखबीर सिंह बादल और डॉ. दिलजीत सिंह चीमा ने समस्त अकाली नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस खुशी में सोलन, ऊना, कांगड़ा, मंडी, शिमला, बिलासपुर, कुल्लू सहित अन्य जिलों के गुरुद्वारा अध्यक्ष और प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस चुनाव ने राज्य के सिख समाज में एक सकारात्मक संदेश और उत्साह का संचार किया।

## कुटलैहड़ मंडल से प्यार चंद और डेरा बाबा रुद्रानंद से कुलदीप बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** भाजपा के अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से दो मंडलों डेरा बाबा रूद्रानंद मंडल और कुटलैहड़ मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। डेरा बाबा रूद्रानंद मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर सुरजीत कुमार, कुलदीप सिंह, राकेश कुमार और प्रकाश चंद को नियुक्त किया गया है।

वहीं, विजय कुमार और राम कुमार को महामंत्री बनाया गया है। गुलजारी लाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सचिव पद पर शमशेर सिंह, पारस राम, गुरनाम सिंह और रतन सिंह को स्थान मिला है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सागर, अजय कुमार, हजारी लाल, सरवन कुमार, रामदास, हेमराज, बीरबल, जगदेव सिंह और सज्जुराम को शामिल किया गया है। एससी मोर्चा कुटलैहड़ मंडल की नई कार्यकारिणी भी घोषित की गई। कुटलैहड़ मंडल एससी मोर्चा के अध्यक्ष राम किशन ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर प्यार चंद, प्रीतम सिंह, विधिचंद और दुर्गादास को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर राजकुमार और गुरदेव सहोता को नियुक्त किया गया, जबकि सोनीलाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद पर रामदास, सुरेश कुमार, गुरदास राम और अभिषेक को जगह दी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राहुल कुमार, शशि कुमार, जंग बहादुर, अमरीक सिंह, नरेंद्र कुमार, अजय कुमार, गुरमीत सिंह, रोशन लाल और तपिंदर सिंह को शामिल किया गया है। दोनों मंडलों की नई टीमों के गठन से संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि नवगठित कार्य कारिणियां समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। वहीं, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ और डेरा बाबा रूद्रानंद दोनों मंडलों की नवगठित कार्यकारिणियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर पार्टी संगठन को नई ऊर्जा के साथ गठन भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएगा। सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश नेतृत्व की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जो राष्ट्रहित और जनसेवा को सर्वोपरि मानती है। संगठन की मजबूती ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। भुट्टो ने विश्वास जताया कि दोनों मंडलों की टीम जनता के बीच निरंतर संवाद बनाकर भाजपा पार्टी की जड़ों को और मजबूत करेगी तथा आगामी चुनावों में पार्टी को और बड़ी सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## विक्की थॉमस ने संतोषगढ़ श्री गुरु रविदास मंदिर में माथा टेका

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सोशल मीडिया पर लोकप्रिय और सिख धर्म प्रचारक विक्की थॉमस शुक्रवार रात संतोषगढ़ स्थित ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय मंदिर कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ मंदिर में माथा टेका और वर्ष 2005 के मंदिर प्रकरण एवं इतिहास को जाना। इस अवसर पर सभा के उपाध्यक्ष कश्मीरी लाल, पूर्व प्रधान मदन लाल सहजल, बलराम महे एवं डॉ. बीआर अंबेडकर कल्याण समिति के प्रधान सुरिंदर बस्सी ने थॉमस को सिरोपा देकर सम्मानित किया। विक्की थॉमस ने कहा कि भारत में जात-पात भेदभाव अब मुद्दा नहीं, पर कुछ लोग इसे स्वार्थ के लिए आज भी करते हैं। उन्होंने बताया कि सिख गुरुओं ने छुआछूत से पीड़ित समाज को बराबरी का स्थान देने के लिए सिख धर्म की स्थापना की। उन्होंने गुरु रविदास की वाणी और भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर के योगदान को भी याद किया। विक्की थॉमस ने कहा कि गुरु ने शिक्षा, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। विक्की थॉमस, जो स्वयं ईसाई हैं, मार्च 2020 के बाद सोशल मीडिया पर लोकप्रिय हुए और सिख इतिहास, सेवाओं और बलिदानों से प्रेरित होकर सिख धर्म का प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान बलवीर सिंह, नव बैंस, नवीन महे, सुलिंदर चोपड़ा, सोनू बसरा, संजू पुरी आदि भी मौजूद रहे।

**सुविधा** विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से बुधान में 20 से अधिक परिवारों को मिलेगा लाभ

# कुटलैहड़ में पेयजल सुविधा को नई दिशा

▶ विधायक बोले- धुंदला जिला पार्षद वार्ड के लिए बन रही 15 करोड़ की पेयजल योजना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र की जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र की बुधान पंचायत में मुख्य गेट के पास हैंडपंप में मोटर डलवाकर पेयजल सुविधा को सुचारू रूप से शुरू करवाया। इस पहल से क्षेत्र के 20 से अधिक परिवारों को नियमित पानी की सप्लाई मिलने लगी है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

विधायक विवेक ने कहा कि पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर किसी भी परिवार को परेशान नहीं होना पड़े, यही उनका लक्ष्य है।



विधायक ने बुधान पंचायत में मुख्य गेट के पास हैंडपंप में मोटर डलवाकर पेयजल सुविधा को सुचारु करवाया।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार योजनाएं तैयार की जा रही हैं। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि कुटलैहड़ के धुंदला जिला पार्षद वार्ड की जनता के लिए तर्कवाल से 15 करोड़ रुपए की पेयजल योजना तैयार की जा रही है, जिसके लिए स्वीकृति भी मिल चुकी है। इस योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा जल्द ही किया जाएगा। इस योजना का निर्माण कार्य आठ माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्र की जल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की संवेदनशील सरकार आम जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दे रही है और कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास की गंगा निरंतर बह रही है। विधायक ने कहा कि विकास का मतलब केवल सड़कों या भवनों का निर्माण नहीं, बल्कि जनता की बुनियादी जरूरतों जैसे पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के साथ-साथ अन्य विकास कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर चलाए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने विधायक विवेक के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि यह पहल केवल सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक ठोस कदम है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य जनता की हर समस्या का समाधान करना है और वे क्षेत्र के हर व्यक्ति की आवाज बनकर विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और क्षेत्र को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने में सहयोग दें।

# चिंतपूर्णी में रोड रिपेयरिंग का काम शुरू

## स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने ली राहत की सांस



चिंतपूर्णी में सड़क रिपेयर का काम में जुटी मशीनरी

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में बाबा श्री माईदास सदन से लेकर मंदिर मुख्य मार्ग तक रोड की रिपेयरिंग का काम शनिवार को शुरू हो गया है। इस काम के शुरू होने से स्थानीय दुकानदारों और यहां आने वाले श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ नीरज ठाकुर ने बताया कि मंदिर न्यास चिंतपूर्णी द्वारा रोड के रिपेयर के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके तहत इस कार्य को करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही रोड की रिपेयरिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। चिंतपूर्णी में रोड की रिपेयरिंग का काम शुरू होने से स्थानीय दुकानदारों को काफी राहत मिलेगी। इससे यहां के व्यापारियों को भी फायदा होगा और श्रद्धालुओं को भी मंदिर तक पहुंचने में आसानी होगी।

# डीएवी मनाली के लक्ष्य ठाकुर का टीम इंडिया में चयन, एफएक्ससी वर्ल्ड कप में दिखेगा जलवा



डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के लक्ष्य ठाकुर को एफएक्ससी वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में चयनित होने पर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के प्रतिभाशाली छात्र लक्ष्य ठाकुर का चयन प्रतिष्ठित एफएक्ससी (फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज) वर्ल्ड कप 2025 के लिए टीम इंडिया में हुआ है। यह चयन अंतरराष्ट्रीय एफ.एक्स.सी. संगठन द्वारा आयोजित कठोर बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद किया गया, जिसमें खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीकी दक्षता, टीम भावना और अनुशासन जैसे पहलुओं का गहन परीक्षण किया गया।

लक्ष्य ठाकुर की इस उपलब्धि से न केवल डीएवी मनाली बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में गर्व और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने कहा कि लक्ष्य ने अपने समर्पण और मेहनत से विद्यालय एवं परिवार का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पत्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया (प्रिंसिपल डीएवी मंडी) और प्रबंधक मोहित चुग (प्रिंसिपल डीएवी सुंदरनगर) ने लक्ष्य, उसके अभिभावकों और डीएवी मनाली परिवार को हार्दिक बधाई दी।

प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्रा दीपिका का भी इस खेल में चयन हुआ है, जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। विद्यालय परिसर में इस सफलता को लेकर उल्लास का माहौल रहा। छात्रों और शिक्षकों ने लक्ष्य ठाकुर और दीपिका को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मणिकर्ण-बरशैणी सड़क मार्ग 2 दिन से बंद

## सैकड़ों सैलानी फंसे, पहाड़ी से उतरते समय नीचे गिरे 2 पर्यटक व सड़क बंद होने से स्थानीय लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के मणिकर्ण-बरशैणी सड़क मार्ग के गठीगड़ में लगातार पहाड़ी से भूस्खलन हो रहा है। इस कारण जहां एक जीप भी इसकी चपेट में आई है और चालक ने भागकर जान बचाई वहीं, सड़क मार्ग पर लगातार हो रहे भूस्खलन से मार्ग बाधित होने से कई पर्यटक फंस गए हैं। इसके अलावा मार्ग बहाली में जुटी लोक निर्माण विभाग की मशीनरी को भी नुकसान पहुंच रहा है और बहाली कार्य प्रभावित हो रहा है। दो दिन बीतने के बाद भी सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं हो पाया है। ऐसे में मणिकर्ण घाटी घूमने आए सैकड़ों सैलानी भी फंस गए हैं। वही शनिवार को भूस्खलन वाली जगह पर पहाड़ी से पैदल नीचे उतरते समय दो सैलानी भी पैर फिसलने से नीचे जा गिरे। गनीमत यह रही कि इस दौरान उन्हें कोई गंभीर चोटे नहीं आई है। लेकिन स्थानीय लोगों के साथ-साथ सैलानियों में भी अब विभाग के प्रति रोष है कि दो दिन बीतने के बाद भी सड़क मार्ग बहाल नहीं हो पाया है।

स्थानीय निवासी जीतराम, पूर्ण चंद, रवि कुमार का कहना है कि प्रशासन को यहां पर जल्द से जल्द सड़क को बहाल करना चाहिए था। ताकि लोगों के साथ-साथ सैलानियों को भी वाहन की सुविधा मिल सके। सैलानी जब वापस अपने घर लौट रहे थे तो भूस्खलन के चलते सड़क पूरी तरह से बंद हो गई थी। ऐसे में उन्हें पैदल ही पहाड़ी को पार करना पड़ रहा है। पैदल पहाड़ी को पार करते समय दो सैलानी पैर फिसलने से नीचे जा गिरे। ऐसे में अगर जल्द सड़क मार्ग बहाल नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में किसी और के साथ भी बड़ा हादसा पेश आ सकता है।



मणिकर्ण-बरशैणी सड़क मार्ग के गठीगड़ में भूस्खलन के चलते बंद पड़ी सड़क के कारण लोगों को परेशानी हो रही।

# न्यूज ब्रीफ

## संगठन मजबूती व जनसेवा पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बजौरा में भाजपा बंजार विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने, स्थानीय मुद्दों के समाधान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री एवं प्रभारी सुरेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है, जो जनता की सेवा में निस्वार्थ भाव से जुटे हैं। इस अवसर पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही जनसेवा की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच सक्रिय रहकर सरकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँचाने के लिए प्रयासरत रहें और आपदा प्रभावितों को समान रूप से राहत दिलाने में सजग रहें। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, मंडल स्तरीय गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर सार्थक चर्चा हुई। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## हड्डी रोग शिविर में 50 मरीजों को जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से शनिवार को रघुनाथ क्लिनिक, जरी (पार्वती घाटी) में हड्डी रोग विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सहाय ने किया। लगभग 50 मरीजों की विस्तृत जांच की गई और फ्रैक्चर, जोड़ों के दर्द, घुटनों की सूजन, कमर दर्द, खेल चोटें और बुजुर्गों में हड्डियों की कमजोरी जैसे मामलों पर विशेष परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। डॉ. सहाय ने हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और ऐसे शिविरों को निरंतर जारी रखने की मांग की। रघुनाथ हॉस्पिटल की ओर से बताया गया कि अब हर शनिवार विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे पार्वती घाटी के लोगों को उनके क्षेत्र में ही आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

## नारा लेखन में रेंजर फूल कुमारी ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने भारत स्काउट एवं गाइड के 75वें स्थापना दिवस का बहुउद्देशीय हॉल में भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश राणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एकल गीत, समूह गान, सोलो व ग्रुप डांस, मिमिक्री, हिमाचली लोकनृत्य और कुल्लवी नाटी जैसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नारा लेखन प्रतियोगिता में रेंजर फूल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पोस्टर मेकिंग में रिया ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विशेष पुरस्कारों में बेस्ट स्पीकर अवॉर्ड सौरभ और क्रिएटिविटी अवॉर्ड रेंजर पूजा को दिया गया। मुख्यातिथि डॉ. राकेश राणा ने रोवर्स-रेंजर्स इकाई की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और स्काउटिंग के मूल्यों से प्रेरित किया। समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# एसडीएम मनाली ने श्रीमद्भागवत गीता बांट रहे संत के साथ किया दुर्व्यवहार : गोविंद सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड़ में श्रीमद्भागवत गीता बांट रहे एक संत के साथ कथित दुर्व्यवहार हुआ है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने न केवल गीता वितरण जैसे धार्मिक कार्य को रोका बल्कि संत के साथ दुर्व्यवहार भी किया। यहां तक कि उनका मोबाइल तक छीना गया।

सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने यह आरोप लगाए। उन्होंने अधिकारी केंखिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि वह सार्वजनिक रूप से इसके लिए माफ़ी मांगे। उन्होंने कहा कि मालरोड़ में श्री कृष्ण भक्ति से सराबोर संत मोहन हरी प्रभु श्री मदभागवत कथा का वितरण कर रहे थे। उस समय वह अकेले थे और भारतीय वेशभूषा में थे। वहां एसडीएम रमण कुमार शर्मा आए तो संत ने उनसे भी गीता लेने की बात कही। लेकिन एसडीएम ने अनुमति के बारे में पूछा और कहा की यह सब यहां नहीं चलेगा। एक पुलिस कर्मी को बुलाकर आदेश दिए कि इनका मोबाइल और गीता छीन लो। गोविंद ने कहा कि इस दौरान संत के साथ दुर्व्यवहार हुआ। जिसकी वह कड़ी निंदा करते है।



पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में 25 से 28 तक जो अनुच्छेद है उनमें धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार है। बशर्ते वह दूसरे धर्म के बारे में टिप्पणी न करे। वहां न तो स्टेज था न साउंड सिस्टम न कोई भीड़ थी। संरक्षण अकेले गीता बांट रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी एसडीएम ने रूस से आए धार्मिक दल से दुर्व्यवहार किया था। तब मनाली कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर में फजीहत हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मनाली में कई अवैध कार्य हो रहे हैं। देह व्यपार हो रहा है, सरेआम चिट्टा और स्मैक बेची जा रही है, शराब माफिया सक्रिय है। इन सब पर तो नियंत्रण प्रशासन कर नहीं पा रहा लेकिन गीता वितरण जैसे अच्छे कार्य लड़ने वालों को रोका जा रहा है। यातायात नियंत्रण में कार्य शून्य है। गोविंद ने कहा कि ऐसे अधिकारियों पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व का ऐसे अधिकारी को सरंक्षण प्राप्त है।

# छात्रों ने निकाली नशा विरोधी रैली

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराई में चल रहे एनएसएस के विशेष शिविर के सुबह के सत्र के दौरान नशे के विरुद्ध रैली का आयोजन कर समाज में फैली नशे की कुरीति के खिलाफ आवाज उठाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जगरनाथ ठाकुर ने बताया कि उसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने टैक्सी यूनियन पतलीकूहल के सदस्यों के साथ एक संगोष्ठी में भाग लिया। हिम आंचल टैक्सी आपरेटर यूनियन पतलीकूहल के सभागार में आयोजित बैठक में स्वयंसेवियों ने रोड सेफ्टी से जुड़े नियमों तथा समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल मंगल नेगी तथा टैक्सी यूनियन के प्रधान सूरत राम ठाकुर सहित अन्य चालकों ने ट्रैफिक नियमों तथा रोड सेफ्टी के विषय पर अपने विचार बच्चों के साथ सांझा किए। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराई के प्रिंसिपल मंगल नेगी, टैक्सी आपरेटर यूनियन पतलीकूहल के प्रधान सूरत राम ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी जगरनाथ ठाकुर तथा बड़ी संख्या में चालक उपस्थित रहे ।

# नशा स्वास्थ्य व भविष्य दोनों को करता प्रभावित : शिवानी मेहला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- लाहौल-स्पीति पुलिस ने नशा जागरूकता के तहत करवाया क्रिकेट टूर्नामेंट
- एसपी ने विजेता टीम की सम्मानित, युवाओं को खेलों से जुड़ने का आह्वान
- खेलों से मिलेगी नशे से मुक्ति की राह

जिला पुलिस लाहौल स्पीति द्वारा नशा जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में एसपी लाहुल स्पीति शिवानी मेहला उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उपविजेता टीम को भी प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों के खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना की सराहना की गई। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य और भविष्य दोनों को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। ऐसे में खेल जैसी रचनात्मक गतिविधियां युवाओं को सही दिशा प्रदान करती हैं और उन्हें नशे से दूर रखते हुए एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई, जिससे अभियान की प्रभावशीलता और अधिक बढ़ी। जिला पुलिस द्वारा इस प्रकार की गतिविधियां भविष्य में भी निरंतर आयोजित की जाएंगी, ताकि युवाओं में नशा विरोधी संदेश व्यापक रूप में पहुंचे और समुदाय में एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं नशा-मुक्त वातावरण स्थापित हो सके।

# पहाड़ी काष्ठ कला को पहचान देने वाले शिल्पकार धनु राम का निधन

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

- लकड़ी में प्राण फूंकने वाले कलाकार ने 93 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस
- अटल बिहारी वाजपेयी और वीरभद्र सिंह को भी भेंट की थी अपनी कलाकृतियां

पहाड़ी काष्ठकला को नई पहचान देने वाले प्रसिद्ध शिल्पकार 93 वर्षीय धनु राम का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय लकड़ी पर मूर्तियां गढ़ने और पारंपरिक पहाड़ी कला को जीवित रखने में बिताया। धनु राम कुल्लू जिले से उपमंडल बंजार के दूर दराज क्षेत्र श्रीकोट गांव के रहने वाले थे। उन्होंने भगवान शिव, गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा जैसे अनेक देवी देवताओं की अद्भुत मूर्तियां बनाई थीं। उनकी कृतियों में ऐसी जीवंतता थी कि देखने वाला भावविभोर हो जाता था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को भी उन्होंने अपनी हाथों से बनी मूर्तियाँ भेंट की थीं। उनकी कला की झलक कुल्लू घाटी के कई मंदिरों, धार्मिक स्थलों और प्रदर्शनियों में देखी जा सकती है।

धनु राम को पहाड़ी कला का अंतिम स्तंभ कहा जाता था। उन्होंने पारंपरिक लकड़ी की मूर्तिकला को उस समय तक जीवित रखा जब यह कला धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही थी। कुल्लू दशहरा मेले में वे हर साल अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित करते थे, जहाँ उनकी यह रचनाएँ लोगों को आकर्षित करती थीं ।परिवार के अनुसार, वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और आज उन्होंने अपने निवास में अंतिम सांस ली। उनके निधन से न केवल उनका परिवार, बल्कि समूचा कला जगत शोक में डूब गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि धनु राम कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से भी एक थे, इनके राजा वीरभद्र सिंह व सत्य प्रकाश ठाकुर से भी अच्छे संबंध थे। लोगों ने इनकी मृत्यु के प्रति गहरा शोक प्रकट किया है। धनु राम के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रविवार को पैतृक गांव में किया जाएगा।

# शीतला माता मंदिर सरवरी में कथा कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के शीतला माता मंदिर परिसर में 10 नवम्बर से 18 नवम्बर तक भक्तिमय वातावरण में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक होगी, जिसमें श्रद्धालु देवी मां की महिमा और विभिन्न अध्यायों का रसपान कर सकेंगे। कथा का वाचन पंकज श्रोत्री करेंगे, जो अपने प्रभावशाली और सरल वाचन शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। आयोजन समिति शिव युवा क्लब सरवरी ने बताया कि इस नौ-दिवसीय कथा महोत्सव का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, आपसी सद्भाव तथा मां भगवती के प्रति आस्था को और सुदृढ़ करना है। शीतला माता मंदिर के प्रांगण को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रबंध पूर्ण कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# आनी कॉलेज ने रचा इतिहास, लोक वाद्यवृंद प्रतियोगिता में लगातार सातवीं बार विजेता



लोक वाद्यवृंद प्रतियोगिता में सातवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, आनी**

सेंटर ऑफ एक्सलेंस संजौली कॉलेज में हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल ग्रुप टू का समापन हुआ। ये कार्यक्रम 4 से 7 नवंबर तक चला। इस युवा महोत्सव में प्रदेश से लगभग 43 महाविद्यालय के 450 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में पुरातन संस्कृति को संजोए रखने के उद्देश्य से भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन , सितार, तबला, समूह गान, एकल गान, फॉक आर्केस्ट्रा समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें आनी महाविद्यालय ने सातवीं बार फॉक आर्केस्ट्रा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और समूह गान में तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र पॉल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को पढ़ाई के साथ साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है, प्राचार्य ने संगीत विभाग के सहायक आचार्य लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज और सहायक आचार्य संजय कुमार सहित सहायक आचार्य सीमा वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वे निरंतर आगे बढ़ते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहें । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने विजेता टीम को बधाई दी और स्वागत किया।

# अत्याचार व भेदभाव के खिलाफ तेज किया जाएगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

- दलित शोषण मुक्ति मंच का अधिवेशन संपन्न

शोषण मुक्ति मंच कुल्लू का जिला अधिवेशन शहीद अशोक भवन लोअर ढालपूर में संपन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता मंच के वरिष्ठ साथी नील चंद, डॉ. आनंद, राम चंद और कुब्जा देवी ने की, जबकि राज्य संयोजक आशीष कुमार ने अधिवेशन का उद्घाटन किया। बैठक में प्रदेश में बढ़ रहे दलित अत्याचार, भेदभाव और दलित अधिकारों पर हो रहे हमलों पर विस्तार से चर्चा की गई। आशीष कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में दलित समाज के प्रति अत्याचार अब असहनीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। शासन-प्रशासन की निष्क्रियता और संवेदनहीनता इन घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि केवल दलित समाज ही नहीं बल्कि हर न्यायप्रिय नागरिक इस संघर्ष में आगे आए।

उन्होंने कहा कि शोषण मुक्ति मंच कोई जाति आधारित संगठन नहीं है, बल्कि यह हर प्रकार के शोषण, अन्याय, असमानता और भेदभाव के खिलाफ व्यापक सामाजिक आंदोलन का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां बराबरी, सम्मान और न्याय की नींव मजबूत हो। अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया कि 17 नवंबर को कुल्लू जिला मुख्यालय पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जो प्रदेशव्यापी आंदोलन का हिस्सा होगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि आने वाले महीनों में हर गांव और पंचायत स्तर पर शोषण मुक्ति मंच की समितियों का गठन किया जाएगा, ताकि शोषित वर्गों की आवाज़ संगठित रूप में उठ सके। अधिवेशन में 25 सदस्यीय नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें नील चंद को संयोजक, डॉ. आनंद और राम चंद को सह-संयोजक चुना गया। मंच ने रोहड़ू में दलित छात्र पर हुए अमानवीय अत्याचार और हमीरपुर में दलित महिला के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# विद्यार्थियों को अनुशासन व साफ-सफाई पर देना चाहिए विशेष जोर: चमन शर्मा

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) आवासीय शिविर का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का आगाज विद्यालय प्रबंधन समिति एस,एम,सी के अध्यक्ष चमन शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसएमसी के वरिष्ठ सलाहकार पप्पू सत्या, सदस्य विनोद कुमार, पूजा और लीला सोनी सहित विद्यालय स्टाफ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर के शुभारंभ उपरांत एसएमसी अध्यक्ष चमन शर्मा ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल गतिविधि भर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवियों को स्वच्छता, समय की पाबंदी और समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में कार्य करना चाहिए, क्योंकि यही युवा राष्ट्र का भविष्य निर्माण करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी समाज में सेवा, कर्तव्यभाव और दायित्व निभाने की कला सीखते हैं। शिविर युवाओं में निर्णय क्षमता और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस मौके पर बृजलाल ठाकुर, सुनीता ठाकुर, अर्पणा, हीरालाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविर आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं ।विद्यालय प्रबंधन व एनएसएस यूनिट ने बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छ भारत अभियान, पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, सड़क सुरक्षा जागरूकता, जनस्वास्थ्य से जुड़ी पहल सहित कई समाज हितैषी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।



एनएसएस शिविर में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए।

# हिमालय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 16 को

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में 16 नवंबर को हिमालय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता रांगड़ी के होटल मेपल में आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप को कई भागों में आयोजित किया जाएगा। जिसमें लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी भाग लेंगी। इसके अलावा मिस्टर कल्लू का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला कुल्लू के प्रतिभागी भाग लेंगे। हिमालय बॉडी बिल्डिंग संगठन के अध्यक्ष अमरीश तोमर ने कहा कि इस बार मनाली में बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जोकि 16 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के बिभिन भागों से प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग नशे की ओर अग्रसर रहा है। जिससे उन का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है।

# युवाओं में सेवा, सहयोग व अनुशासन की भावना जागृत करने का दिया संदेश



डीएवी स्कूल मौहल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का 75वां स्थापना दिवस मनाया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्नो लैंड स्काउट्स एंड गाइड्स ओपन ग्रुप, कुल्लू के रोवर्स और रेंजर्स ने डीएवी स्कूल मौहल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का 75वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के चेयरमैन अमन भारती ने की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्काउटिंग के इतिहास, उद्देश्य और आदर्श वाक्य 'सदैव तत्पर' के महत्व से अवगत कराया गया। रोवर्स और रेंजर्स ने विद्यालय के स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ मिलकर टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व कौशल से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अमन भारती ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में सेवा, सहयोग और अनुशासन की भावना विकसित करती है तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम में रोवर श्रवण, सचिव नेहा शर्मा (रेंजर विंग), रेंजर सोनिका, शगुन, अंजली, इशू, चांद और जिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीतों और सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ किया गया, जिसने सभी में राष्ट्र सेवा का भाव जागृत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा साहिब के डीएसपी का रुका तबादला

**अनंत ज्ञान, पावंटा/ नाहन।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में तैनात डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर को राज्य सरकार द्वारा हाल ही में हाईकोर्ट ने उनके तबादले मामले में बड़ी राहत देते हुए तबादला आदेश पर स्टे लगा दिया है। ऐसे में सरकार द्वारा पांवटा साहिब भेजे गए डीएसपी विजय रघुवंशी की ज्वाइनिंग पर ब्रेक लगी है। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ने अपने तबादले में शार्ट स्टे को आधार मानकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गुहार लगाई थी। सूत्रों के अनुसार सरकार ने मानवेंद्र का तबादला समय अवधि से पहले ही कर दिया है। पूर्व में मानवेंद्र ठाकुर के सरकार ने 4 बार तबादले किए, लेकिन एक साल के भीतर ही अगले स्टेशन पर डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर का तबादला कर दिया गया। इसी आधार पर उन्होंने स्टे के लिए हाईकोर्ट में दस्तक दी। हाई कोर्ट अब मामले में 21 नवंबर को सुनवाई करेगा। इस मामले की पुष्टि एसपी सिरमौर ने की है।

### प्रभातफेरी निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के दूसरे व तीसरे दिन विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रत्येक दिन की शुरुआत में सभी स्वयंसेवियों ने प्रभातफेरी निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके उपरांत योग एवं प्राणायाम सत्र आयोजित किया गया। बाद में स्वयंसेवियों ने पंचायत भवन परिसर की सफाई कर उसे सुंदर रूप से सजाया। साथ ही रास्ते की झाड़ियों की सफाई की गई तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाया गया। बौद्धिक सत्र के दौरान विद्यालय में कार्यरत व्यवसायिक शिक्षिका भारती शर्मा ने व्यक्तित्व, सफाई एवं स्वास्थ्य विषय पर स्वयंसेवियों को प्रेरक जानकारी दी। तीसरे दिन के बौद्धिक सत्र में हिंदी अध्यापक धर्मपाल शुक्ला ने नई शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों को शिक्षा में हो रहे सकारात्मक बदलावों से अवगत कराया।

### सड़क की रि-टारिंग गुणवत्ता जांचेगी स्थानीय कमेटी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पझौता क्षेत्र की कल्योपाब-लेऊ नाना सड़क की रि-टारिंग की गुणवत्ता परखने के लिए स्थानीय लोगों ने कमेटी का गठन किया है। कमेटी के प्रधान विक्रम सिंह, उप-प्रधान यशपाल शर्मा, महासचिव रजत और सचिव निशू पुंडीर के नेतृत्व में 36 सदस्य शामिल हैं। प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर के माध्यम से शुरू किया जाएगा। अक्सर ठेकेदार मानक अनुसार कार्य नहीं करते, जिससे सड़क जल्दी खराब हो जाती है। कमेटी के सदस्य निर्माण के दौरान सड़क पर मौजूद रहकर गुणवत्ता की निगरानी करेंगे। यदि कार्य मानकों के अनुसार नहीं हुआ, तो कमेटी निर्माण को रोककर सरकार को सूचित करेगी। लोक निर्माण विभाग के जेई ब्रिजेश शर्मा ने बताया कि 15 किलोमीटर लंबी सड़क की रि-टारिंग का टेंडर तीन करोड़ रुऐ में दिया गया है। फिलहाल सड़क पर पैचवर्क का कार्य चल रहा है और शीघ्र ही रि-टारिंग शुरू होगी।

### दाड़लाघाट की समस्याओं पर अंबुजा प्लांट हेड से बैठक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बाघल विकास परिषद के अध्यक्ष परस राम की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने दाड़लाघाट अंबुजा सीमेंट प्लांट हेड संदीप सीरा से मुलाकात की। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, खासकर ट्रांसपोर्ट और रोजगार के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। संदीप सीरा ने आश्वासन दिया कि क्षेत्रवासियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्लांट और स्थानीय समुदाय सामंजस्यपूर्ण सहयोग से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करेंगे। परस राम ने बताया कि उन्होंने प्लांट हेड के साथ मिलकर कुछ समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि संदीप सीरा के नेतृत्व में दाड़लाघाट क्षेत्र और स्थानीय लोगों का संतुलित और स्थायी विकास होगा।

### आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन से कैदी फरार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन से 65 वर्षीय आजीवन कारावासी हरीश कुमार फरार हो गया। हरियाणा के शाहाबाद निवासी हरीश हत्या के जुर्म में पिछले 20 वर्षों से सजा भुगत रहा था। हरीश को बेहतर आचरण और कैद का आधा हिस्सा पूरा होने के कारण खुले जेल परिसर में मंदिर पूजा की जिम्मेदारी दी गई थी। वह पिछले छह महीने से मंदिर में सेवा कर रहा था। वीरवार को शाम की रोल कॉल में उसकी अनुपस्थिति के बाद जेल में हड़कंप मच गया और खोजबीन के बाद उसे फरार घोषित कर दिया गया। जेल अधीक्षक भानु प्रकाश शर्मा ने पुष्टि की कि फरार कैदी की पैरोल और प्रीमेच्योर रिलीज के लिए फाइलें भी लगी हुई थीं। यह आदर्श केंद्रीय कारागार में पहली घटना है, जहां खुले परिसर में कार्यरत कैदी फरार हुआ है। मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

### सीनियर वॉलीबॉल टीम के चयन ट्रायल संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** आगामी 15 नवंबर से बद्दी कूड़ावाला में शुरू होने वाली 63वीं सीनियर अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए सिरमौर जिला टीम का चयन राजगढ़ के नेहरू मैदान में आयोजित ट्रायल के माध्यम से किया गया। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर ने बताया कि जिलेभर से 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। चयन समिति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए चुना। पृथ्वीराज ठाकुर ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर सोमवार से राजगढ़ में शुरू होगा, जो उनके खेल कौशल को निखारने में मदद करेगा। संघ के सचिव भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि पुरुष टीम 11 नवंबर से राजगढ़ में होने वाली सूरत सिंह मेमोरियल आमंत्रित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भी भाग लेगी, जिससे खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा से पूर्व अनुभव प्राप्त होगा।

### माजरा फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के विकास की मांग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** उपमंडल पांवटा साहिब के माजरा क्षेत्र में स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। टूटी दीवारें, जर्जर छत और अव्यवस्थित परिसर इसकी बदहाल स्थिति को दर्शाते हैं। माजरा में हाल ही में बने हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान के कारण यह क्षेत्र खेल गतिविधियों का केंद्र बन गया है। अब राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के मैच आयोजित किए जा रहे हैं, और बाहर से आने वाली टीमों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों के ठहरने के लिए बेहतर आवासीय व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही है। 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था' के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पर्यटन और वन विभाग से इस रेस्ट हाउस के शीघ्र पुनर्विकास की मांग की है। उनका कहना है कि इसे ईको-फ्रेंडली पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। पुनर्विकास से न केवल खिलाड़ियों और पर्यटकों के लिए सुविधा बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और माजरा हॉकी मैदान की प्रतिष्ठा भी सुदृढ़ होगी।

## वीकेंड पर डीलक्स बसों की नो एंट्री से पर्यटन स्थल पर दिखेगी सुंदरता और पर्यावरण

# कसौली बार-बार आना, जाम पर ब्रेक से सफर हुआ सुहाना

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** हिल्स स्टेशन कसौली में वीकेंड पर डीलक्स पर्यटक बसों की नो एंट्री को होटल कारोबारियों और स्थानीय लोगों ने सराहना की है। साथ ही इस पहल को कसौली की सुंदरता और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। स्थानीय लोगों को गढ़खल से कसौली तक लग रहे जाम से निजात मिलने की उम्मीद है। साथ ही होटल कारोबारियों का तर्क है कि प्रशासन के निर्णय से पर्यटकों को जाम में फंसने से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी और उनका समय भी बचेगा। हालांकि, यह भी तर्क दियर्थी समाधान नहीं है। यदि गढ़खल में समय रहते फ्लाईओवर का कार्य पूरा हो तो ऐसी नौबत आएगी ही नहीं।

बता दें कि एसडीएम कसौली की तरफ से किए आदेश में गढ़खल से कसौली तक डीलक्स पर्यटक बसों पर शुक्रवार, शनिवार व रविवार को प्रतिबंधित किया गया है। जबकि कसौली तक टैक्सियों से पर्यटकों की आवाजाही होगी। डीलक्स बसें अब केवल छत्री मोड़ तक ही आएंगी, जहां से पर्यटकों के लिए टैक्सी सेवा उपलब्ध होगी। छोटी टैक्सी का किराया 300 रुपए और बड़ी टैक्सी का 500 रुपए तय किया गया है। इससे टैक्सी चालकों को तो मुनाफा होगा पर पर्यटकों को सामान उतारने और चढ़ाने की परेशानी के साथ 300 से 500 रुपए भी खर्च करने पड़ेंगे। वहीं, पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए और उल्लंघन करने वाले बस संचालकों पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई हो।

**पर्यटन बसों को गढ़खल के छत्री मोड़ पर नियंत्रित करने से सुधरेगी यातायात व्यवस्था**



कसौली से पहले गढ़खल में अक्सर लगता जाम।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### प्रशासन निकाले स्थायी समाधान



**कसौली**-सनावर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद गर्ग ने गढ़खल से कसौली तक डीलक्स पर्यटक बसों पर शुक्रवार, शनिवार व रविवार को प्रतिबंधित करने का निर्णय को सही ठहराया पर प्रशासन से समस्या का स्थाई समाधान निकालने पर भी बल दिया। गर्ग ने पर्यटकों के लिए उचित पार्किंग, टैक्सी व्यवस्था और स्पष्ट किराया दिशा निर्देश सुनिश्चित करने की बात भी कही। उन्होंने कसौली- गढ़खल को जाम से निजात दिलाने के लिए लिए उठाये गए कदम का पूर्ण समर्थन किया साथ प्रशासन के साथ सहयोग का भी आश्वासन दिया।

### पांच दिशाओं से होती है वाहनों की एंट्री

**कसौली** से पहले गढ़खल में हमेशा जाम की स्थिति रहती है। कारण है कि यह कस्बा पांच दिशाओं से आने वाले मार्गों का जंक्शन प्वाइंट है, जहां सप्ताहांत पर भारी जाम लगना आम बात है। पर्यटक वाहनों की बढ़ती आवाजाही के कारण स्थानीय लोगों, स्कूली बसों और दोपहिया चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन का मानना है कि डीलक्स बसों पर वीकेंड प्रतिबंध से यातायात सुचारु होगा और पर्यटक और स्थानीय लोग राहत महसूस करेंगे। पिछले कई दशकों में कसौली जाने वाली सड़कों का विस्तार न होने के कारण, पर्यटक बसें अक्सर संकरी सिंगल-लेन सड़कों पर फंस जाती हैं। 35 किलोमीटर लंबे कसौली प्लानिंग एरिया में लगभग 250 होटल, होमस्टे और बेड-एंड-ब्रेकफ़ास्ट इकाइयां बन गई हैं। हालांकि, सड़कें संकरी और सिंगल-लेन वाली होने के कारण अक्सर यातायात की समस्या पैदा होती हैं।

### सही दिशा में उठाया गया कदम



**होटल** रमाडा के एमडी महेश बलियान का तर्क है कि हम इस कदम का समर्थन करते हैं क्योंकि यह सही दिशा में उठाया गया है और समय की मांग भी है। बड़ी बसें हमारे खूबसूरत पहाड़ों की संकरी सड़कों पर जाम लगा देती हैं जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है और पर्यटकों व स्थानीय लोगों, दोनों को असुविधा होती है। सभी आगंतुकों को यात्रा के दौरान एक सहज अनुभव मिलना चाहिए और अगर ऐसी अड़चनें दूर की जा सके तो सभी संबंधित लोगों के लिए बेहतर होगा।

### टैक्सी चालकों की मनमानी न हो



**होटल** सनावर हाइट के एमडी यश पाल और कसौली विंडसर रेसोर्ट्स के एमडी कमल ठाकुर ने भी कसौली में पर्यटन बसों को प्रतिबंधित करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम छत्री मोड़ को यातायात नियंत्रण केंद्र बनाकर यातायात को नियंत्रित करने की एसडीएम की पहल की सराहना करते हैं। यह कसौली की सुंदरता और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हम केवल यह अनुरोध करते हैं कि पर्यटकों के लिए उचित पार्किंग, टैक्सी व्यवस्था का स्पष्ट तय किया जाए। ताकि टैक्सी चालकों की मनमानी न हो साथ ही पर्यटकों को भी होटल तक पहुंचने में आसानी हो।

## द रोज ऑर्किड वर्ल्ड स्कूल को मिला राष्ट्रीय अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, सोलन।** द रोज ऑर्किड वर्ल्ड स्कूल पांवटा साहिब ने एक बार फिर अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। नई दिल्ली में आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड के भव्य समारोह इंडियन स्कूल रैंकिंग अवॉर्ड्स-2025 के तहत को-एड डे स्कूल कैटेगरी के अंतर्गत मिला। स्कूल ने यह सम्मान देशभर से आए स्कूलों में से राष्ट्रीय स्तर पर 356 प्रदेश स्तर पर 11वें एवं पांवटा साहिब में पहला स्थान प्राप्त किया। इस बेहतरीन उपलब्धि पर डायरेक्टर ललित शर्मा, डायरेक्टर शैक्षणिक अंजू अरोड़ा, प्रधानाचार्या ममता सैनी एवं उपप्रधानाचार्य प्रिया सरीन ने सभी शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों को बधाई दी है।

## खेल और संस्कृति से युवाओं का समग्र विकास संभव : हर्षवर्धन

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बोया में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्र व छात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं और उन्हें अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ते हैं।

मंत्री ने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से युवा समाज में व्याप्त कुरीतियों और व्यसनों से भी सुरक्षित रह सकते हैं। चौहान ने प्रदेश के युवा खिलाडियों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित कर रही है, साथ ही उन्हें सम्मान राशि और सरकारी नौकरियों में आरक्षण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने स्कूल की साइंस लैब के लिए 10 लाख, शौचालय निर्माण हेतु 5 लाख और हरिजन बस्ती रोड के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। समारोह में विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, वाद्य और गीत-संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। उद्योग मंत्री ने आयोजकों को बधाई दी और ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन पर जोर दिया।

## दाड़लाघाट में 10 से 14 नवंबर तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट में 10 से 14 नवंबर तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के सहायक अभियंता ई. विमल अत्री ने बताया कि 11 केवी फीडर दाड़लाघाट की एचटी लाइनों को छूने वाली पेड़ों की शाखाओं को काटने तथा अन्य आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर को विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट, चंडी, ग्याना के तहत आने वाले गांव रोड़ी, कुन, पछ्यूर, डवारू, खाता, सुल्ली, बटेड, अंबुजा चौक, कंसवाला, जाबलू, खाली, पनियार, कनोह, सेरा, समाणा फगवाना, नौणी, घोबटन गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 नवंबर को विद्युत उपमंडल भराड़ीघाट के तहत भराड़ीघाट, कलर, भुरजनी, अली, खरौण, कुंड, लहलाना, नलाग, पसल, थाच, कंदरायली, डीनन गांवों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। 12 को विद्युत उपमंडल धुंदन के तहत डमलाणा, बड़ोग, पथेड़, क्यारी, सोखर, कोठी, रछाकड़ा, मनलोग बड़ोग, हनुमान बड़ोग, रणोह, गंदेऊटा आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 13 को विद्युत उपमंडल नवगांव, कंधर के तहत हवानी, कोल, भलग, बेरल, बागा, समत्याड़ी, सोखर, करोग, पड़यार आदि गांव प्रभावित रहेंगे। वहीं 14 नवंबर को विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट, चंडी, ग्याणा के तहत ग्याणा, मांगु, पकोटी, कश्यालू, बम्बीरा, मलाऊन, सोरिया, पाटी आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## मेयो कॉलेज अजमेर ने जीता 5वां इनविटेशन क्रिकेट टूर्नामेंट




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल, धर्मपुर में 4 से 7 नवंबर तक आयोजित पांचवे इनविटेशन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में मेयो कॉलेज (अजमेर), बिशप कॉटन स्कूल (शिमला), राजकुमार कॉलेज (राजकोट) और मेजबान पाइन ग्रोव स्कूल (सोलन) ने भाग लिया।

फाइनल में मेयो कॉलेज ने बिशप कॉटन स्कूल को 91 रनों से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। बिशप कॉटन स्कूल उपविजेता रहा। लीग प्रणाली के तहत खेले गए मैचों में सभी टीमों ने रोमांचक प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि कैप्टन ए. जे. सिंह, अध्यक्ष बीएसएआई और कार्यकारी निदेशक पाइन ग्रोव स्कूल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

अधिराज जैन (मेयो कॉलेज) को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट', अंगद लाथर (बीसीएस शिमला) को 'बेस्ट बैटर', मनन अग्रवाल (मेयो कॉलेज) को 'बेस्ट बॉलर', रेयांश अग्रवाल (मेयो कॉलेज) को 'बेस्ट फील्डर' और नील राज सिंह (राजकुमार कॉलेज) को 'बेस्ट अपकमिंग प्लेयर' चुना गया। पाइन ग्रोव के 'एरेना' मैदान में फ्लड लाइट्स के बीच खेले गए मैच दर्शकों के लिए रोमांचक साबित हुए।

## युवक ने दोस्त के कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी सोलन सिटी के तहत जौणाजी रोड पर स्थित ठाकुर भवन में एक युवक ने अपने दोस्त के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ठाकुर भवन की पहली मंजिल के कमरा में एक युवक पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ पाया गया। पूछताछ पर इस युवक का नाम व पत्ता पंकज कुमार (22) पुत्र सुंदर सिंह निवासी टटियाना, जिला सिरमौर मालूम हुआ। मौके पर एक टुटा हुआ मोबाइल फोन, शराब की बोतल के कांच के टुकड़े व रस्सी के टुकड़े भी बरामद हुए। मृतक के शरीर का मौका पर मौजूद इसके परिजनों की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया, जो शरीर पर कोई भी चोट का निशान न पाया गया, परंतु मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य न्यायालयिक वैज्ञानिक प्रयोगशाला की विशेषज्ञ टीम द्वारा मौका घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक पंकज कुमार ने जिस कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या की वह इसके दोस्त कुलदीप सिंह है, जो कि सिरमौर का रहने वाला है तथा मृतक के साथ ही कैटरिंग का काम करता है। जांच पर यह भी पाया गया कि मृतक कोटलानाला सोलन में अपने जीजा के पास रहता था और कभी-कभार अपने दोस्त कुलदीप के कमरे आता जाता था। 6 नवंबर को भी मृतक पंकज कुमार व इसका दोस्त तपेंद्र जो कि सिरमौर का रहने वाला है, कुलदीप के कमरा में आए थे और रात को इन दोनों ने शराब का सेवन किया। कुलदीप कुमार अपने गांव टटियाना सिरमौर गया हुआ था। रात के समय कुलदीप को अनुज नामक लड़के ने फोन करके बताया कि उसे पंकज का फोन आया था जिसने कहा कि वह सुसाइड कर रहा है और कल से यह तुम लोगों को नहीं मिलेगा जिस पर 7 नवंबर को कुलदीप एक अन्य व्यक्ति वीरेंदर शर्मा के साथ अपने कमरे में पंहुचा तो पंकज ने पंखे से लटका हुआ मिला

## सेंट बीर्स के विद्यार्थियों ने मास्टरमाइंड प्रतियोगिता में दिखाया अपना दमखम

**ओम शर्मा, बद्दी**



मास्टरमाइंड प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी सेंट बीर्स स्कूल प्रबंधन के साथ।

**चंद्रशेखर वेंकटेश्वर रमन की 137वीं जयंती आयोजित प्रतियोगिता में 3 प्रतिभागी प्रथम**

आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत हमेशा सफलता के मार्ग को प्रशस्त करती है। सेंट बीर्स स्कूल मलपुर के विद्यार्थियों ने भौतिक विज्ञान के नोबल पुरस्कार प्राप्त चंद्रशेखर वेंकटेश्वर रमन की 137वीं जन्म जयंती आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मास्टरमाइंड 2025 में प्रथम स्थान हासिल कर उपरोक्त पंक्तियों को चरितार्थ किया है। बद्दी के अरविंदो स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 11 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्राओं छठी कक्षा की काशिका मलिक, सातवीं कक्षा की तरनदीप कौर व आठवीं कक्षा के स्वरित कश्यप ने प्रथम स्थान अर्जित कर पूरे क्षेत्र में सेंट बीर्स स्कूल का नाम रोशन किया है। सेंट बीर्स स्कूल प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों और माता-पिता को इस अद्भुत सफलता के लिए हार्दिक बधाई। यह जीत इस बात का प्रतीक है कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

इस सफलता के उपलक्ष्य में सेंट बीर्स स्कूल के चेयरमैन कुलबीर राणा, डायरेक्टर करणवीर राणा एवं प्रधानाचार्या दिव्या राणा जी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए विजेताओं को विशेषतौर पर सम्मानित कर बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने भविष्य में होने वाली ऐसी अनेक प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा अपनी ओर से हर संभव सुविधा और सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। ताकि विद्यार्थी भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा करें।

## एचपीएमसी उत्पादों को देशभर में पहुंचाने के प्रयास : मंत्री नेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



एचपीएमसी संयंत्र का निरीक्षण करते मंत्री जगत सिंह नेगी।

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) के उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने और बिक्री बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने सोलन के परवाणू स्थित एचपीएमसी संयंत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों से अनौपचारिक विचार-विमर्श किया।

मंत्री नेगी ने बताया कि हिमाचल के सेब की गुणवत्ता और महक देश-विदेश में पहचान रखती है। इस वर्ष एचपीएमसी ने 12,900 मीट्रिक टन सेब से 860 मीट्रिक टन ऐप्पल जूस कंसन्ट्रेट तैयार किया और लगभग 32,000 मीट्रिक टन सेब नीलाम किए। सरकार किसानों को उचित मूल्य और बेहतर विपणन सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि बागवानों के उत्पाद समय पर मंडियों तक पहुंचाने और यातायात व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एचपीएमसी संयंत्र में जूस, स्क्वैश, जैम, आचार और फ्रूट वाइन उत्पादन में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण में संयंत्र की मशीनरी, शीत भंडारण केंद्र और पैकिंग सुविधा देखी गई और अधिकारियों को सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए गए। यह कदम न केवल बागवानों के लिए लाभकारी है बल्कि बागवानी क्षेत्र के विकास और रोजगार सृजन में भी मदद करेगा।

**विजिट** शिमला संग्रहालय का शैक्षणिक दौरा कर संस्कृति और वास्तुकला की जानी गहराई

## इतिहास से रू-ब-रू हुए सोलन कॉलेज के छात्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**




हिमाचल राज्य संग्रहालय पहुंचे सोलन कॉलेज के छात्र और शिक्षक सामूहिक चित्र में।

राजकीय महाविद्यालय सोलन के 50 विद्यार्थियों जिनमें 38 छात्राएं और 12 छात्र शामिल थे, ने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के लिए शिमला के हिमाचल राज्य संग्रहालय और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडी का सफल शैक्षणिक भ्रमण किया।

प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने छात्रों को इस भ्रमण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान को संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्थलों के माध्यम से देखना इतिहास को समझने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे छात्रों को अपनी संस्कृति और देश के गौरवशाली अतीत से जोड़ते हैं। प्राध्यापक प्रो. भुवनेश्वरी और प्रो. प्रमोद के नेतृत्व में, छात्रों ने हिमाचल राज्य संग्रहालय में विभिन्न दीर्घाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्राचीन सिक्कों, मूर्तिकला, वास्तुकला, पारंपरिक पहनावे, मिट्टी के बर्तन, चित्रकला, आभूषण, लकड़ी की नक्काशी, और विशेष रूप से प्रसिद्ध चम्बा रुमालों के बारे में विस्तार से सीखा।

संग्रहालय के क्यूरेटर नरेंद्र कुमार ने छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने संग्रहालय के महत्व और यहां संग्रहीत सिक्कों, मूर्तिकला, पूर्व-ऐतिहासिक कलाकृतियों तथा वास्तुकला पर ज्ञानवर्धक जानकारी साझा की।

भ्रमण के दूसरे चरण में, विद्यार्थियों ने एडवांस स्टडी जो कभी वायसराय का निवास स्थान था, का दौरा किया। यहां एक गाइड ने छात्रों को भवन की शानदार औपनिवेशिक वास्तुकला की बारीकियों को समझाया। छात्रों को पता चला कि कैसे इस वास्तुकला ने भारतीय इतिहास और तत्कालीन शासनकाल को दर्शाया है। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा और इसने उन्हें इतिहास विषय को केवल पाठ्यपुस्तकों में पढ़ने के बजाय वास्तविक रूप से देखने और महसूस करने का अवसर दिया। छात्रों ने भविष्य में इतिहास और अनुसंधान के क्षेत्र में नए विचार विकसित करने के लिए प्रेरित होने की बात कही।

## सुक्खू सरकार ने विद्यार्थियों के साथ किया घिनौना खिलवाड़ : विनय गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के भविष्य के साथ घिनौना खिलवाड़ किया है, जिसकी भरपाई आने वाली पीढ़ियां भी नहीं कर पाएगी। यह आरोप लगाते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने लगभग 3 साल के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या एक लाख से अधिक घट चुकी है और लाखों विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूलों से किनारा कर लिया है।

गुप्ता ने कहा कि सरकार की ही एक रिपोर्ट के अनुसार 3 साल पहले सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 8 लाख 9 हजार थी, जबकि 2 साल बाद यह संख्या घटकर 7 लाख 5 हजार 342 ही रह गई है। सरकार की ही रिपोर्ट के मुताबिक गत 2 वर्षों के दौरान 57290 लड़कों और 46369 लड़कियों ने सरकारी स्कूलों की लचर शिक्षा प्रणाली के कारण सरकारी स्कूलों से किनारा कर लिया है। उन्होंने सुक्खू सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि क्या यह शिक्षा सुधार है या फिर नौनिहालों के भविष्य के साथ घिनौना खिलवाड़। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण यह है कि कांग्रेस सरकार को स्कूलों में सुविधाएं मुहैया करवाने की बजाय स्कूलों में ताला लगाना अधिक आसान लगा और यही कारण है कि उन्होंने गत दो वर्षों के दौरान 1353 स्कूलों पर तालाबंदी कर दी और कुछ स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया। विनय ने कहा कि एक और जहां पिछली भाजपा सरकार ने गांव-गांव में शिक्षा का विस्तार करने के लिए अनेक स्कूल खोले थे, वहीं कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही हजारों की संख्या में स्कूलों में ताले लगा दिए और कठिन ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले मासूम बच्चों के भविष्य के साथ घोर अन्याय किया है जिसके लिए समाज कांग्रेस सरकार को कभी माफ नहीं करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा कांग्रेस ने दिल्ली में बुलाई बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में विधानसभा चुनाव के दौरान कथित तौर पर वोट चोरी का आरोप लगाए जाने के बाद अब हरियाणा कांग्रेस इसे अभियान में रूप में चलाकर सड़कों पर उतरेगी। कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर वोट चोरी को मुद्दा बनाकर अपनी राजनीति को आगे बढ़ाया जाएगा। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इस संबंध में रविवार को नई दिल्ली एआईसीसी मुख्यालय में बैठक बुला ली है। शनिवार को इस बैठक के संबंध में पत्र जारी किया गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी प्रभारी बीके हरिप्रसाद, एसआईसीसी सचिव एवं हरियाणा के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल तथा प्रफुल्ल गुडधे भी मौजूद रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों, पार्टी के पूर्व तथा मौजूदा सांसद और विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, सदस्य, हरियाणा से एआईसीसी के पदाधिकारी व सदस्य, पिछले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के दौरान रहे पार्टी के प्रत्याशी के अलावा अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में राहुल गांधी द्वारा पांच नवंबर को दिल्ली में हरियाणा के संबंध में जारी की गई वोट चोरी की रिपोर्ट को सभी नेताओं व प्रतिनिधियों को दिखाया जाएगा।

### हरियाणा में पराली जलाने में 77 प्रतिशत कमी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में इस साल 6 नवंबर तक पराली जलाने की घटनाएं 206 रहीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 888 थीं, यानी 77 प्रतिशत की कमी। राज्य सरकार अगले दो साल में 'जीरो स्टबल बर्निंग स्टेट' बनाने का लक्ष्य रख रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि करनाल और कुरुक्षेत्र जिलों में खासकर कमी आई है। राज्य में 39.31 लाख एकड़ धान क्षेत्र में से 44.40 लाख टन अवशेष इन-सिटू, 19.10 लाख टन एक्स-सिटू और 22 लाख टन चारे के रूप में उपयोग किया जा रहा है। 19,670 एकड़ क्षेत्र में फसल विविधीकरण और 1,74,064 एकड़ में डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस तकनीक अपनाई गई है। इन योजनाओं के तहत 1,200 रुपए प्रति एकड़ इन-सिटू/एक्स-सिटू प्रबंधन, 8,000 रुपये प्रति एकड़ फसल विविधीकरण और 4,500 रुपए प्रति एकड़ डीसआर के लिए सहायता दी जा रही है। इस साल 7,700 से अधिक नई मशीनें खरीदी गई हैं। राज्य में 10,028 नोडल अधिकारी तैनात हैं और हरसेक सैटेलाइट निगरानी से वास्तविक समय में आग की घटनाओं का पता लगाया जाता है। अब तक 87 मामलों में 4.10 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया, जिसमें से 3.20 लाख वसूली की गई। गुरुग्राम और फरीदाबाद में 86 सीसीटीवी कैमरों से डंपसाइट्स पर निगरानी रखी जा रही है।

### झज्जर: सड़क हादसे में परिवार के 3 लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** झज्जर-कोसली मार्ग पर शनिवार को एक कार असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में दिल्ली के उत्तम नगर निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्य निर्मला देवी, छगन और लाल चंद की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य परिवारजन, अमर सिंह और अंकित, गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। हादसे के समय पास खड़ी एक साल की बच्ची परी भी घायल हुई, लेकिन उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटना शोक यात्रा के दौरान हुई थी, जब परिवार झगडौली गांव में रिश्तेदार के निधन पर गया था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया और परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

### मकान मालिक के घर चोरी करने वाले पिता-पुत्र काबू

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस ने कच्चा कैंप इलाके में हुई 15 लाख रुपए नकद और जेवरात की चोरी का खुलासा करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने अपने ही मकान मालिक के घर को निशाना बनाया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरुनानकपुरा कच्चा कैंप निवासी प्रवीन झा और उसके बेटे आदित्य के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि आरोपी आनंद सेठी के किरायेदार थे। प्रवीन पर लाखों रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए उसने बेटे को चोरी के लिए उकसाया। आदित्य ने एक अक्टूबर की रात मकान मालिक के घर में घुसकर 15 लाख रुपए, सोने की चेन, अंगूठी, चांदी के सिक्के और मोबाइल फोन चोरी किए। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि चोरी के पैसे जुए और सट्टे में खर्च कर दिए और कुछ रकम से कर्ज चुकाया। पुलिस ने उनके कब्जे से 80 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और अंगूठी बरामद की है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अर्बन डेवलपमेंट व मोबिलिटी कार्यक्रम शहरी विकास का समेकित मॉडल : सैनी

## मुख्यमंत्री ने 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन में की शिरकत



**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट व मोबिलिटी कार्यक्रम शहरी विकास का एक समेकित मॉडल प्रस्तुत करता है, जो मजबूत शहर और विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक है। उन्होंने 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन में यह बात कही, जिसमें देशभर के प्रतिनिधिगण शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन 2047 के तहत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में इस तरह के सम्मेलन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सम्मेलन स्थल पर लगी शहरी विकास और मोबिलिटी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि भारत के शहर आज ग्रोथ के इंजन हैं और उन्हें अधिक गतिशील, कुशल और पर्यावरण अनुकूल बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है।

सैनी ने बताया कि इस वर्ष का विषय शहरी विकास और गतिशीलता का मेल इसलिए चुना गया है क्योंकि शहरों में जीवन की सहजता सुनिश्चित करने के लिए मोबिलिटी प्रणाली के आधुनिकीकरण पर जोर देना आवश्यक है। उन्होंने स्मार्ट बसें, मेट्रो नेटवर्क विस्तार और आरआरटीएस व नमो भारत रेल प्रणाली जैसे पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये परियोजनाएं शहरों के बीच आवागमन को सुरक्षित, समयबद्ध और ऊर्जा-कुशल बनाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के प्रमुख शहरों – गुरुग्राम, फरीदाबाद, बहादुरगढ़ और सोनीपत – में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही फरीदाबाद, पंचकूला, रोहतक, करनाल, हिसार, पानीपत, यमुनानगर, सोनीपत, भिवानी, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र और अंबाला में आधुनिक सिटी बस सेवाएं शुरू की गई हैं।

सैनी ने जोर देकर कहा कि सतत विकास ही वास्तविक प्रगति का मार्ग है और विकास के संसाधनों का उपयोग इस प्रकार किया जाना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण और सुविधाएं सुरक्षित रहें। उन्होंने अर्बन मोबिलिटी प्लेटफॉर्म को शहरों की समस्याओं का समाधान सुझाने और बेहतर ट्रांसपोर्ट सेवाओं की जानकारी देने वाला सशक्त मंच बताया। इस प्रकार, हरियाणा की शहरी गतिशीलता और स्मार्ट ट्रांसपोर्ट पहल, समेकित शहरी विकास का उदाहरण बनकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है।

# पंजाब में बाढ़ की तबाही के दो माह बाद भी यूनाइटेड सिख सक्रिय



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

दो माह पहले आई भीषण बाढ़ के बाद पंजाब के 11 प्रभावित गांवों में राहत और पुनर्वास कार्य जारी हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन यूनाइटेड सिख्स ने 779 परिवारों (लगभग 3,895 लोग) की तात्कालिक जरूरतों का सर्वे किया और इन गांवों को दीर्घकालिक पुनर्वास के लिए गोद लिया।

सर्वेक्षण में सामने आया कि 368 परिवारों को कृषि हानि हुई है, 31,000 से अधिक बीज इकाइयों और 345 परिवारों को खेती के औजारों की जरूरत है। बाढ़ में 145 पशुओं की मौत हुई, जिससे ग्रामीण आजीविका प्रभावित हुई। 476 घर क्षतिग्रस्त पाए गए, जिनमें से 321 परिवारों को तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। बच्चों की शिक्षा पर भी असर पड़ा है, 61 बच्चे स्कूल नहीं जा रहे, 45 मजदूरी करने को मजबूर हैं और 960 बच्चों के स्कूल छोड़ने का खतरा है। बुजुर्ग और बच्चे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं।

यूनाइटेड सिख्स ने 219 स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ भोजन, स्वच्छ पानी, दवा, कपड़े और पशुओं का चारा वितरित किया और मोबाइल क्लिनिक के माध्यम से चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# मोंगा इन्फ्राटेक्स हरमन सिटी में प्लॉट-फ्लैट खरीदना अब आसान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मोंगा इन्फ्राटेक्स पेश करता है अंबाला कैंट की पहली स्वीकृत और योजनाबद्ध टाउनशिप एटीएफएल हरमन सिटी (डीडीजेएवाई) में 150 से अधिक परिवार पहले से रह रहे हैं और 150 से अधिक निर्माणाधीन घर हैं।

टाउनशिप में 2 बीएचके फ्लैट 29.95 लाख रुपए से, 3 बीएचके फ्लैट 37.95 लाख रुपए से और इंडिपेंडेंट कोठियां 43 लाख रुपए से उपलब्ध हैं। सरकारी और प्राइवेट बैंकों के आसान होम लोन टाई-अप्स से घर खरीदना सरल है। 50 एकड़ में फैली हरमन सिटी बाढ़ मुक्त, गेटेड सोसायटी है, जिसमें पार्क, कम्युनिटी सेंटर, कमर्शियल शोरूम, पतंजलि वेलनेस सेंटर, 24 घंटे सुरक्षा और सीसीटीवी सुविधा उपलब्ध है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से सिर्फ 6 किमी तथा सिविल अस्पताल से 2 किमी दूर स्थित। रेडी-टू-मूव फ्लैट, डबल स्टोरी विला, प्लॉट और सीमित कमर्शियल शोरूम अभी उपलब्ध हैं। बुकिंग के इस नंबर पर 86994-16234 सपर्क कर सकते हैं।

# हरियाणा में पेपरलेस रजिस्ट्री सफल, 4 दिन में 2778 आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में ऑनलाइन रजिस्ट्री निरंतर जारी है और चार दिन में 2778 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 927 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। वित्तायुक्त सुमिता मिश्रा ने बताया कि साफ्टवेयर में कई सुधार किए गए हैं, जैसे दस्तावेज अपलोड सीमा 10 एमबी से बढ़ाकर 40 एमबी करना और जनरल पॉवर ऑफ अटार्नी का विकल्प सरल बनाना। सोमवार से सभी तहसीलों में नागरिक अपनी अप्वॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। अब हाउसिंग बोर्ड व एचएसवीपी में खेवट और खतौनी की जरूरत नहीं है, और एमसी सीमा में एनओसी की बाध्यता हटा दी गई है। पुराने शहरी क्षेत्रों के खेवट-खसरा कॉलम भी सिस्टम से हटा दिए गए हैं, जिससे प्रक्रिया और सरल हो गई है।

12 नवंबर से 'रिवर्ट विद ऑब्जेक्शन' फीचर भी लागू किया जाएगा, जिसमें दस्तावेज संलग्न करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। अब नाम में मामूली अंतर होने पर भी आवेदन रोके नहीं जाएंगे। इस सुधार के साथ प्रदेशवासियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्री तेज, सुविधाजनक और पारदर्शी बन गई है।

# बुडो काई डु एमएमए फेडरेशन ने राष्ट्रीय थांग-ता चैंपियनशिप में झटके पदक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




मडगांव, गोवा में 28 से 30 अक्तूबर तक आयोजित XXXI सब-जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय थांग-ता मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में भारतीय बुडो काई डु मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फेडरेशन ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय दल ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

स्वर्ण पदक विजेताओं में प्रीति, गगनदीप सिंह सिद्धू, देवी सिंह, हरेश पांचाल, जसविंदर सिंह, गुरभेज सिंह, अर्शदीप सिंह और दीपक शामिल हैं। रजत पदक में सोनिज, रोहित मंधान, नवदीप सिंह, केशव राणा, मंजीत कौर, हरप्रीत कौर और हरमनदीप सिंह ने स्थान बनाया। कांस्य पदक विजेताओं में वंशदीप सिंह, मोहित, हरविंदर सिंह, नामप्रीत सिंह, लक्ष्य कौशल, लवप्रीत सिंह और हरदीप सिंह शामिल हैं।

टीम की सफलता उनके प्रशिक्षकों मोहन लाल, रविंदर पाल शर्मा, सुमन लता शर्मा और हरप्रीत कौर के मार्गदर्शन से संभव हुई। फेडरेशन अध्यक्ष शरणजीत सिंह ने खिलाड़ियों और कोचों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि बुडो काई डो और भारत के मार्शल आर्ट्स क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। फेडरेशन भविष्य में नई पीढ़ी के चैंपियनों को तैयार करने के लिए भी प्रयासरत रहेगा।

## देश-विदेश

# डायबिटीज-मोटापे से जूझ रहे लोगों को अमेरिकी वीजा मिलना मुश्किल

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

**डायबिटीज,** मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए अब अमेरिका में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को दुनियाभर के अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को अमेरिका आने या रहने की अनुमति न दें।

यह नियम 'पब्लिक चार्ज' (सार्वजनिक बोझ) नीति पर आधारित है, जिसका मकसद ऐसे अप्रवासियों को रोकना है, जो अमेरिकी सरकारी संसाधनों पर निर्भर हो सकते हैं। इसमें वीजा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदकों के हेल्थ, उम्र और फाइनेंशियल स्टेटस की जांच करें। अगर कोई व्यक्ति भविष्य में महंगी चिकित्सा देखभाल या सरकारी सहायता पर निर्भर होने की संभावना रखता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। वीजा अधिकारी तय करेंगे अप्रवासी सरकार पर बोझ तो नहीं अधिकारियों को दिए गए निर्देश में कहा गया कि आवेदक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में शटडाउन से 40 एयरपोर्ट्स पर 5000 उड़ानें रद्द

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में शटडाउन हुए 38 दिन बीत चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हवाई यात्रा पर पड़ रहा है। यहां शुक्रवार को 5,000 से अधिक उड़ानें रद्द या विलंबित हुईं। दरअसल, फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने वीरवार को 40 बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती का ऐलान किया था। इसमें न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन डीसी के बड़े एयरपोर्ट्स शामिल हैं। कुल 40 में से ज्यादातर देश के सबसे व्यस्त हब हैं। इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# बंगाल में 3 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म बंटे, एन्क्लेव महिलाओं को नाम गायब होने का खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का रिवीजन एसआईआर 4 नवंबर से शुरू हो चुकी है। पश्चिम बंगाल में विरोध के बावजूद बूथ लेवल अधिकारियों ने 3.04 करोड़ से ज्यादा फॉर्म बांट दिए हैं। हालांकि, कूचबिहार के पूर्व एन्क्लेव निवासियों ने लगभग 450 महिलाओं के नाम जिला प्रशासन को सौंपे हैं। उन्हें डर है कि 9 दिसंबर को पब्लिश होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से उनका नाम छूट सकता है। इधर, सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर से वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। सीजेआई बीआर गवई की बेंच में यह मामला लिस्टेड किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार की याचिका सुनने तैयार**

तमिलनाडु सरकार की याचिका में पूरे देश में स्ढ्ढ प्रक्रिया शुरू करने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट पहले से ही बिहार में एसआईआर की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। अगस्त 2015 में भारतीय मुख्य भूमि में 51 बांग्लादेशी एन्क्लेवों शामिल किए गए थे। यहां रहने वाली इन महिलाओं के नाम उस साल एन्क्लेव एक्सचेंज से पहले जनगणना के लिए नहीं रखे गए थे क्योंकि उनकी पहले ही शादी हो चुकी थी। वे देश के विभिन्न कोनों में अपने ससुराल वालों के साथ रहने चली गई थीं। (अनंत ज्ञान)

### जम्मू-कश्मीर में चलती ट्रेन से टकराया चील: विंडस्क्रीन टूटी, लोकोपायलट घायल




**एजेंसी, अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग शनिवार सुबह एक चील चलती ट्रेन की विंडस्क्रीन से टकरा गई। इससे विंडस्क्रीन टूट गई। कांच के टूटने से चील ट्रेन में लोकोमोटिव पायलट के केबिन में जा गिरा। घटना बारामूला-बनिहाल एक्सप्रेस में बिजबेहरा और अनंतनाग रेलवे स्टेशन के बीच हुई। विंडस्क्रीन टूटने से पायलट के चेहरे पर मामूली चोटें आईं। हालांकि, टक्कर के बाद पक्षी पायलट के केबिन में बैठ गया। ट्रेन को अनंतनाग स्टेशन पर रोका गया। इसके बाद चील को बाहर निकाला गया। बाद में घायल पायल का इलाज किया गया। हालांकि इससे ट्रेन ऑपरेशन नहीं रुका। जांच के बाद ट्रेन रवाना कर दी गई। (अनंत ज्ञान)

### बलोचिस्तान में फिर आया 5.5 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, क्वेटा।** पाकिस्तान में बलोचिस्तान प्रांत के कई ज़िलों में शनिवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 2:45 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मांपी गई। भूकंप का केंद्र क्वेटा से लगभग 67 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित था। इसके झटके ज़ियारत, हरनाई, जर्दालू, खोस्त, शाहराग, मुस्लिम बाग, खानोजाई, कान मेहतरजई, रोड मलाजई और सुर्खाब सहित अन्य इलाकों में भी महसूस किए गए। प्रांतीय राजधानी क्वेटा के कुछ हिस्सों में भी इसका असर दिखा जिससे लोगों में दहशत फैल गई। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति मुर्मू अंगोला और बोत्सवाना की छह दिवसीय यात्रा के लिए रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को अंगोला और बोत्सवाना की छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर रवाना हुईं। यह यात्रा अफ्रीकी क्षेत्र में दोनों देशों के साथ सहयोग और साझेदारी बढ़ाने के नए रास्ते खोलने के भारत के प्रयासों का हिस्सा है। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा होगी। अपनी यात्रा के पहले चरण में, मुर्मू अंगोला की राजधानी लुआंडा पहुंचेंगी और आठ से 11 नवंबर के बीच उच्च स्तरीय बैठकें करेंगी। मुर्मू अपने अंगोलाई समकक्ष जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी और अफ्रीकी राष्ट्र की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में भाग लेंगी। उनका अंगोला की संसद को संबोधित करने और उस देश में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करने का भी कार्यक्रम है। भारत और अंगोला इस वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# राहुल-तेजस्वी सीमांचल को घुसपैठियों का अड्डा बनाना चाहते हैं: अमित शाह

**एजेंसी, पूर्णिया (बिहार)**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव बिहार के सीमांचल क्षेत्र को 'घुसपैठियों का अड्डा' बनाने पर आमादा हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर अवैध प्रवासी की पहचान करेगी, उनके नाम मतदाता सूची से हटाएगी और उन्हें देश से बाहर भेजेगी। पूर्णिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा, '243 सदस्यीय विधानसभा में राजग 160 से अधिक सीट पर विजय प्राप्त करेगा।' गृह मंत्री ने कहा, 'राज्य का आधा हिस्सा पहले ही कांग्रेस-राजद गठबंधन को बाहर का रास्ता दिखा चुका है।' उन्होंने यह बात छह नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान का हवाला देते हुए कही। शाह ने कहा, 'राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सीमांचल क्षेत्र को घुसपैठियों का अड्डा बनाने पर तुले हैं। हम हर अवैध प्रवासी की पहचान करेंगे, उनके नाम मतदाता सूची से हटवाएंगे और उन्हें उनके देश वापस भेजेंगे।' उन्होंने जनता से अपील की कि राज्य में सुशासन और सुरक्षा बनाए रखने के लिए राजग को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाएं। (अनंत ज्ञान)

# तूफान मेलिसा का कहर: अब तक 75 लोगों की मौत

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**



**तूफान** मेलिसा के कारण क्यूबा, हैती और जमैका में अब तक लगभग 75 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

तूफान को आए एक सप्ताह हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि इस तूफान से 7 लाख 70 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने पर मजबूर हुए हैं और हजारों घरों, स्कूलों और अस्पतालों को नुकसान पहुंचा है। संयुक्त राष्ट्र और उसकी अलग-अलग संस्थाएं इन देशों की सरकारों की मदद कर रही हैं। जमैका में राहत कार्यों को मजबूत करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता टीम ने अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया है। क्यूबा में खाद्य और कृषि संगठन किसानों को उपकरण, मवेशियों का चारा और मछली पकड़ने का सामान दे रहा है ताकि उनके काम फिर से शुरू हो सकें। वहीं विश्व खाद्य कार्यक्रम ने पूर्वी प्रांतों में मोबाइल गोदाम, लाइटिंग टावर और टेंट तैनात किए हैं। विभिन्न संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां पूरे क्षेत्र में महत्वपूर्ण मानवीय सहायता प्रदान करने में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में तीसरे दौर की शांतिवार्ता फेल

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** और अफगानिस्तान के बीच शांति वार्ता का तीसरा दौर शनिवार को किसी समझौते के बिना खत्म हो गया। दोनों देशों ने बातचीत फेल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। अफगानिस्तान सरकार ने कतर और तुर्किये की मध्यस्थता में इस्तांबुल में आयोजित दो दिवसीय वार्ता के दौरान पाकिस्तान पर गैर-जिम्मेदाराना रुख अपनाने का आरोप लगाया।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा- हमें लगा पाकिस्तान व्यावहारिक और लागू करने लायक शर्तें रखेगा, जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। उन्होंने कहा, %पाकिस्तानी लोग हमारे भाई और दोस्त हैं, लेकिन किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान सरकार ने इस बयान पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि, पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा था कि बातचीत में विवाद बढ़ गया है और कोई प्रगति नहीं हुई। 9 अक्तूबर को शुरू हुए संघर्ष के बाद दोनों पक्षों ने 19 अक्टूबर को कतर में सीजफायर पर हस्ताक्षर किए थे। तुर्किये में 25 से 30 अक्तूबर तक आतंकवाद से निपटने को लेकर हुई दूसरी बातचीत का दौर बिना किसी समझौते के खत्म हो गया था। (अनंत ज्ञान)

### रूस ने पुतिन और लावरोव के बीच 'मतभेद' की अफवाहों को किया खारिज

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच किसी तरह के मतभेदों को 'अटकलबाजी' करार देते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया है। ये अटकलें पिछले महीने पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच होने वाले एक 'शिखर- सम्मेलन' के रद्द होने के बाद तेज हो गई थीं। सोवियत युग के अनुभवी राजनयिक 75 वर्षीय लावरोव अपनी कठोर वार्ता शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। वह इस सप्ताह क्रेमलिन में एक प्रमुख बैठक से भी गैरहाजिर रहे, जिसमें उनकी उपस्थिति 'सामान्य' होती है। इसके अलावा, पुतिन ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आगामी 'जी20' शिखर सम्मेलन के लिए भी किसी अन्य अधिकारी को रूस का प्रतिनिधित्व करने को कहा है। (अनंत ज्ञान)

# अब ऑटोमैटिक होगा ईपीएफ ट्रांसफर, नौकरी बदलते ही बैलेंस 2-3 दिन में नए अकाउंट में आएगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नौकरी** बदलने पर अब ईपीएफ ट्रांसफर के लिए फॉर्म भरने या इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी। ईपीएफओ ने अब ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम शुरू कर दिया है, जो 2025 से पूरी तरह लागू हो जाएगा। इससे करोड़ों कर्मचारियों का पीएफ बैलेंस अपने आप नए एम्प्लॉयर के अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा। पहले नौकरी बदलते ही कर्मचारियों को फॉर्म-13 भरना पड़ता था। फिर पुराने और नए एम्प्लॉयर से वैरिफिकेशन करवाना होता था। इसमें 1-2 महीने लग जाते थे। कई बार क्लेम रिजेक्ट हो जाता या इंटरेस्ट का नुकसान होता था। ईपीएफओ के डेटा के मुताबिक, हर साल लाखों क्लेम पेंडिंग भी रहते थे। अब नए नियमों से ये सब दिक्कतें खत्म हो जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

**कैसे काम करेगा नया सिस्टम**

- कर्मचारी नई जॉब जॉइन करेगा, तो नया एम्प्लॉयर,ह लिंक करेगा।
- ईपीएफओ पोर्टल पर आधार और केवाईसी से ऑटो वैरिफिकेशन होगा।
- पुराना पीफ बैलेंस डायरेक्ट नए अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा।
- कोई पेपर-वर्क नहीं, ट्रांसफर 3 से 5 दिन में पूरा हो जाएगा।
- मेन कंडीशनः यूएएन एक्टिवेट और आधार से लिंक होना चाहिए।

**टाइम बचतः** महीनों की बजाय कुछ दिनों में ट्रांसफर।

- कोई डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं, ऑटो प्रोसेस होगा।
- इंटरेस्ट कंटिन्यू रहेगा, कोई लॉस नहीं होगा।
- रिटायरमेंट पर पूरा अमाउंट एक जगह मिलेगा।

# तेहरान में जल संकट, खाली कराना पड़ सकता है : मसूद

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने चेतावनी दी है कि सूखे की मार झेल रही देश की राजधानी तेहरान में अगर जल्द बारिश नहीं होती है तो उसे 'गंभीर' जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात बनने पर तेहरान को 'खाली' कराना पड़ेगा। मीडिया खबरों के मुताबिक पश्चिमी शहर सनंदाज की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि सरकार आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से एक साथ निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने चेताया कि तेहरान को पानी की आपूर्ति करने वाले मुख्य जलाशय में केवल दो हफ्ते तक के लिए ही पानी बचा है। सूखे के कारण उत्पन्न जल संकट को ईरान की सबसे गंभीर प्राकृतिक चुनौतियों में से एक बताते हुए, पेजेशकियन ने आगाह किया कि अगर सूखा जारी रहा, तो अगले महीने तेहरान में जल वितरण प्रतिबंधित हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह सूखा जारी रहा, तो हमारे पास पानी खत्म हो जाएगा और शहर को खाली कराना 'आवश्यक' हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

# स्पोर्ट्स



## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत ने की 2025 टोक्यो डेफलिम्पिक्स के लिए रिकॉर्ड 111 सदस्यीय दल की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत 15 नवंबर से 26 दिसंबर तक टोक्यो में होने वाले डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) के लिए 73 खिलाड़ियों सहित 111 सदस्यों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारतीय खिलाड़ी 11 खेल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने भारतीय दल को मंजूरी दे दी है। इसका खर्चा सरकार वहन करेगी। भारत मई 2022 में ब्राजील में आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य सहित 16 पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 77 प्रतिभागी देशों में नौवें स्थान पर रहा था। डेफलिम्पिक्स का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) द्वारा किया जाता है। यह समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता प्राप्त है। (अनंत ज्ञान)

### एमएमयू सोलन ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट में हासिल किया तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी-सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि जेपी विश्वविद्यालय वाकनाघाट में आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय (एमएमयू) कुमारहट्टी, सोलन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमएमयू सोलन की बास्केटबॉल टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में मेजबान जेपी विश्वविद्यालय की टीम को कड़ी टक्कर दी, हालांकि यह मुकाबला जेपी विश्वविद्यालय ने जीत लिया। अगले दिन एमएमयू की टीम ने अपने जज्बे और संघर्षशीलता का परिचय देते हुए चितकारा विश्वविद्यालय तथा शूलिनी विश्वविद्यालय के विरुद्ध खेले गए रोमांचक मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के दम पर एमएमयू की टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान सुरक्षित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि चंद शर्मा व अन्य स्टाफ ने टीम को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सबालेंका और रयबाकिना में होगा डब्ल्यूटीए फाइनल्स का मुकाबला

**एजेंसी, रियाद।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर तीन साल में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका खिताबी मुकाबले में एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी रयबाकिना ने एक अन्य सेमीफाइनल में 15 ऐस के दम पर विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। सबालेंका को चौथे नंबर की अनिसिमोवा ने कड़ी टक्कर दी। पहला सेट एक घंटे तक चला। अनिसिमोवा ने ब्रेक प्वाइंट के पांच मौके गंवाए और 24 अनफोर्स्ड एरर किए, लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और तीन बार सबालेंका की सर्विस तोड़कर मुकाबले को निर्णायक सेट तक पहुंचाया। सबालेंका ने निर्णायक सेट के सातवें गेम में ब्रेक बनाकर स्कोर 4-3 कर दिया और फिर मैच अपने नाम किया। कजाकिस्तान की 2022 की विंबलडन चैंपियन रयबाकिना ने इस प्रतियोगिता में अभी तक अपने सभी चार मैच जीते हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अपने पहले मैच प्वाइंट पर पेगुला पर जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### टेनिस स्टार अनीता का खूबसूरत अंदाज

**बोस्निया**ई–हर्जेगोविना की अनीता हुसारिक कोर्ट पर एक शक्तिशाली और आकर्षक खिलाड़ी हैं। उनकी टेनिस प्रतिभा उनके मनमोहक रूप और काले बालों से मेल खाती है। आईटीएफ महिला सर्किट में, उन्होंने सोलह युगल चैंपियनशिप जीती हैं। 6 मई, 2024 को डब्ल्यूटीए युगल रैंकिंग में 210वें स्थान पर पहुंचकर अपने चरम पर पहुंचीं।



## बारिश के कारण रद्द हुआ भारत-ऑस्ट्रेलिया का आखिरी टी20 मैच

# टीम इंडिया ने 2–1 से जीती सीरीज




**एजेंसी ब्रिस्बेन**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में पांचवां टी20 मैच खराब मौसम और बिजली गिरने के कारण आखिरी टी20 मैच रद्द हो गया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने 2–1 से सीरीज अपने नाम कर लिया। इससे पहले गाबा में बारिश तेज जारी रही। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ब्रिसबेन स्थित गाबा में एक बार फिर से टॉस जीतने में कामयाब रहे, जिसके बाद उन्होंने भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में पांचवां टी20 मैच खराब मौसम और बिजली गिरने के कारण स्थगित कर दिया गया है। रुकावट के समय, भारत ने 4.5 ओवर में बिना किकेट के 52 का स्कोर बना लिया था, लेकिन खराब मौसम के कारण खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा और आगे की पंक्तियों में बैठे दर्शकों को ऊपर की ओर वाले स्टैंड में ले जाना पड़ा। स्टेडियम के स्कोरबोर्ड पर खराब मौसम की चेतावनी में कहा गया था, खुले इलाकों में रहना असुरक्षित है. कृपया छत के नीचे शरण लें और निर्देशों का पालन करें। मौसम रडार भी दिखा रहा है कि स्टेडियम में एक घंटे तक भारी बारिश होने वाली है, इसलिए खेल में रुकावट लंबे समय तक रह सकती है। बारिश के कारण खेल रुकने से पहले, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शुरुआती मौकों पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे और 1000 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज़ भारतीय बल्लेबाज बन गए, जबकि शुभमन गिल ने शानदार चौके लगाकर 29 रन बनाकर नाबाद रहे। (अनंत ज्ञान)

## चेन्नई सुपर किंग्स ने खुद किया ऐलान

# आईपीएल–2026 में खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी

**एजेंसी, हैदराबाद**

आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले ही महेंद्र सिंह धोनी के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। अब धोनी एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते हुए नजर आने वाले हैं। इसकी पुष्टि कर दी गई है। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पीली जर्सी में नजर आने वाले हैं। आईपीएल 2026 की शुरुआत मार्च में होने की उम्मीद है, जबकि आईपीएल का मिनी–ऑक्शन दिसंबर में होने वाला है। ऐसे में धोनी के चेन्नई सुपर किंग्स में खेलने की उम्मीद है।



बता दें कि धोनी अभी 44 साल के हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने सिर्फ आईपीएल में ही खेलना जारी रखा है। एमएस धोनी आईपीएल से संन्यास ले लेंगे इस तरह की बातें पिछले कई संस्करणों से चलती हुई आ रहीं हैं. इसके बावजूद धोनी ने अब तक सभी सीजन खेले हैं। इस सब के बीच आईपीएल 2026 में एमएस धोनी के खेलने पर चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि धोनी आगामी आईपीएल में भी खेलेंगे। इसके साथ ही धोनी का खेलना तय है लेकिन क्या वह पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे? या चेन्नई में होने वाले मैच के साथ ही वह संन्यास की घोषणा कर देंगे? क्या वो पूरे आईपीएल में टीम के कप्तान बने रहेंगे? ये सभी सवाल उठ रहे हैं। धोनी 2008 से आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं और टीम के कप्तान के रूप में कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। धोनी ने बतौर कप्तान चेन्नई सुपर किंग्स को 5 बार आईपीएल ट्रॉफी दिलाई है। धोनी की कप्तानी में सीएसके ने अपने 16 सीजन में 12 बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। टीम उन्होंने टीम के लिए विकेट के पीछे दस्तानों के साथ और लोअर ऑर्डर में बल्ले के साथ धमाल मचाया है। धोनी ने अब तक आईपीएल में 278 मैच खेले हैं और 24 अर्द्धशतकों के साथ 5,439 रन बनाए हैं। (अनंत ज्ञान)

### लाखों से करोड़ों तक पहुंचा भारतीय महिला क्रिकेटरों का ब्रांड मूल्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की महिला क्रिकेटरों का ब्रांड मूल्य अब आसमान छूने लगा है। वनडे विश्व कप जीत के बाद स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी खिलाड़ियों के विज्ञापन सौदों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है। प्रबंधन फर्मों के अनुसार, इनका मूल्य अब एक करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच सकता है। ऑटोमोबाइल, बैंक, एफएमसीजी, खेल सामग्री, जीवनशैली, सौंदर्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के ब्रांड अब इन खिलाड़ियों के साथ जुड़ना चाहते हैं। बेसलाइन वेंचर्स के तुहिन मिश्रा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के करण यादव का कहना है कि शीर्ष खिलाड़ियों के विज्ञापन मूल्य में दो से तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मिश्रा के अनुसार, 'हमें शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 25–55 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। यह जीत महिला क्रिकेट के वाणिज्यिक बाजार को मजबूत करेगी।' वहीं, यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर जेमिमा और शैफाली के फॉलोअर्स में क्रमश: 100 प्रतिशत और 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्मृति मंधाना अब हुंडई, गल्फ ऑयल, एसबीआई बैंक और पीएनबी मेटलाइफ जैसे पारंपरिक रूप से पुरुष–प्रधान ब्रांडों का चेहरा हैं, जो बताता है कि महिला क्रिकेट अब भारत में नई आर्थिक ऊँचाइयाँ छू रही है। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया एशेज का प्रबल दावेदार, पर इंग्लैंड की टीम भी आत्मविश्वास से भरी : मार्क वुड

**एजेंसी, पर्थ**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया आगामी एशेज सीरीज में प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए आत्मविश्वास से भरी है।



इंग्लैंड की टीम 2010–11 से ऑस्ट्रेलिया में सीरीज नहीं जीत पाई है और उसका लक्ष्य इस बार यह इंतजार खत्म करने का होगा। वुड ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया निश्चित रूप से सीरीज में प्रबल दावेदार है, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी टीम में भी इस बात का आत्मविश्वास है कि हम यहां अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।'' इस तेज गेंदबाज ने 15 महीनों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है और वह फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में भी नहीं खेले हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई थी। वह इंग्लैंड की गेंदबाजी योजनाओं का एक अहम हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं शत प्रतिशत फिट हूं। मुझे लगता है कि अभ्यास के दौरान हमेशा अपना शत प्रतिशत देना बहुत मुश्किल है। मैं लंबे समय तक दौड़ नहीं लगा पाया था लेकिन धीरे–धीरे मैं अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रहा हूं। मुझे विश्वास है कि मैं पहले टेस्ट मैच तक में खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो जाऊंगा।''

पहला टेस्ट यहां 21 नवंबर से शुरू होगा और वुड पर्थ स्टेडियम में खेलने के लिए उत्सुक हैं, जहां उन्होंने 2022 टी 20 विश्व कप के दौरान केवल एक बार गेंदबाजी की है। उन्होंने कहा, ''यहां का विकेट तेज है और मैं इस पर गेंदबाजी करने के लिए उत्सुक हूं।' इंग्लैंड को इस सीरीज से पहले बहुत अधिक अभ्यास मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वुड कार्यक्रम से खुश हैं। (अनंत ज्ञान)

### हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की उम्रदराज गेंदबाजी इकाई का किया समर्थन

**एजेंसी, सिडनी।** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने आस्ट्रेलिया के उम्रदराज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर चिंताओं को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज से पहले सामूहिक अनुभव उनकी टीम का मजबूत पक्ष है। पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में 30 वर्ष से अधिक आयु के 14 खिलाड़ी शामिल हैं। उनके स्पिन आक्रमण की अगुवाई नाथन लियोन करेंगे, जो 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से एक दिन पहले 38 वर्ष के हो जाएंगे। तेज गेंदबाजी में मिशेल स्टार्क (35), हेजलवुड (34) और स्कॉट बोलैंड (36) शामिल हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस 32 वर्ष के हैं। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।

हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया एसोसिएटेड प्रेस से कहा, ''मुझे लगता है कि केवल टेस्ट मैच ही नहीं बल्कि खेल के सभी प्रारूपों में खेलने का हमारा सामूहिक अनुभव हमारा मजबूत पक्ष है। हमने मैदान पर विभिन्न परिस्थितियों का सामना किया है तथा एक खिलाड़ी ही नहीं बल्कि एक टीम के रूप में भी काफी कुछ सीखा है। हम एक–दूसरे के खेल को अच्छी तरह जानते हैं और एक–दूसरे की मदद करते हैं।'' इस बीच आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दूसरे एशेज टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं, क्योंकि इस तेज गेंदबाज ने शनिवार को नेट पर पूरी क्षमता से गेंदबाजी की। (अनंत ज्ञान)

## राहुल वीएस बने भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर

### आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप में हासिल की उपलब्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वीएस छठी आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप को एक राउंड शेष रहते हुए जीतकर देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी एशियाई जूनियर चैंपियन भी है। वह 2021 में अंतरराष्ट्रीय मास्टर बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने एक्स पर लिखा, ''राहुल वी एस को एक राउंड शेष रहते आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीतने और इस प्रक्रिया में देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने पर हार्दिक बधाई। आपको आगे भी कई उपलब्धियां हासिल करने और भारत को गौरवान्वित करने में निरंतर सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।''



फिलीपींस में आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप में राहुल ने जीत हासिल करके अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वह पिछले दो सप्ताह के अंदर ग्रैंडमास्टर बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले युवा खिलाड़ी इलमपर्थी ए आर ने 30 अक्तूबर को यह उपलब्धि हासिल की थी। (अनंत ज्ञान)

### भारत हांगकांग सिक्सेस से बाहर ऑस्ट्रेलिया–पाक सेमीफाइनल में

**एजेंसी, हांगकांग।** भारत लगातार तीन हार के साथ हांगकांग सिक्सेस क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने शनिवार को अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कुवैत के खिलाफ पूल सी के 'करो या मरो' के मैच में भारत 27 रन से हार गया और ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कुवैत की टीम ग्रुप में शीर्ष पर रही जबकि पाकिस्तान की टीम दूसरे स्थान पर रही। भारत 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 79 रन पर छह विकेट गंवाकर आउट हो गया। कुवैत के यासीन पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। इस नतीजे से पाकिस्तान और कुवैत क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि भारत 'बाउल' मैच में पहुंच गया। इसके बाद पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ 'बाउल' चरण के मैच में भी भारत का संघर्ष जारी रहा। अभिमन्यु मिथुन (16 गेंद में 50 रन) और दिनेश कार्तिक (14 गेंद में 42 रन) की तेज पारियों के बावजूद भारत अपने 108 रन के स्कोर का बचाव करने में नाकाम रहा और यूएई के खालिद शाह ने 14 गेंद में 50 रन की तूफानी पारी खेलकर चार विकेट से जीत सुनिश्चित की।

## एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंची रतिका सीलन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रतिका सुथांथरा सीलन ने शनिवार को सिडनी में खेले जा रहे एनएसडब्ल्यू ओपन में न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन पर सीधे गेम में जीत हासिल करके अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया।



पिछले सप्ताह नॉर्थ कोस्ट ओपन की सेमीफाइनलिस्ट रहीं दूसरी वरीयता प्राप्त रतिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एम्मा को 32 मिनट में 11–9, 11–7, 11–6 से हराया। विश्व रैंकिंग में 180वें स्थान पर काबिज तमिलनाडु की यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस चैलेंजर प्रतियोगिता के खिताब के लिए कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से भिड़ेंगी। इस बीच स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया के 51वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने क्वार्टर फाइनल में मिस्र के दूसरे वरीय और दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद एलशेरबिनी को 7–11, 12–10, 11–8, 5–1, 11–6 से हराकर सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। (अनंत ज्ञान)

## विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से लिया संन्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं।



अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था। ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ''एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार।'' उन्होंने कहा,''आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा।'' दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है।

उन्होंने लिखा, ''मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं।'' भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, ''15 वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रही जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। (अनंत ज्ञान)

**हॉकी** — हरमनप्रीत, मनप्रीत और मनदीप को दिया आराम, युवा खिलाड़ियों को दिया मौका

# सुल्तान अजलान शाह कप में भारत की कप्तानी करेंगे संजय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डिफेंडर संजय 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को 23 से 30 नवंबर तक मलेशिया के इपोह में होने वाले प्रतिष्ठित आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है। भारत की पहली पसंद के दोनों गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को आराम दिया गया है। उनकी जगह पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार को टीम में चुना गया है।

नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। संजय, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास तीन सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें रक्षात्मक पंक्ति में रखा गया है। उनके अलावा पूवन्ना चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस और यशदीप सिवाच भी रक्षापंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी राजेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रविचंद्रन सिंह, विवेक सागर और मोहम्मद रहीम मोसीन के कंधों पर होगी। सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे। टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय में वरुण कुमार, विष्णु कांत सिंह, हार्दिक सिंह और अंगद बीर सिंह शामिल हैं।




भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''सुल्तान अजलान शाह कप हमेशा से ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट रहा है और हम एक संतुलित टीम के साथ इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। हमें इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।''

भारत अपने अभियान की शुरुआत 23 नवंबर को कोरिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह बेल्जियम (24 नवंबर), मेजबान मलेशिया (26 नवंबर), न्यूजीलैंड (27 नवंबर) और कनाडा (29 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। यह टूर्नामेंट राउंड–रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने आखिरी बार 2010 में सुल्तान अजलान शाह कप का खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रहा था। (अनंत ज्ञान)